# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, गुरुवार, 19 जून 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 33 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

1910: वाशिंगटन में पहला फादर्स डे मनाया गया।
1948: सोवियत संघ ने पश्चिमी बर्लिन की ओर जाने वाली सड़कों को बंद कर दिया।
1970: कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्म।
1981: भारत ने अपने भू स्थैतिक उपग्रह ऐपल का सफल प्रक्षेपण किया।
1991: सोवियत संघ ने हंगरी को अपने कब्जे से आजाद किया।




# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, गुरुवार, 19 जून 2025 • वर्ष : 09 • अंक : 33 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1910:** वाशिंगटन में पहला फादर्स डे मनाया गया।

**1948:** सोवियत संघ ने पश्चिमी बर्लिन की ओर जाने वाली सड़कों को बंद कर दिया।

**1970:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का जन्म।

**1981:** भारत ने अपने भू स्थैतिक उपग्रह ऐपल का सफल प्रक्षेपण किया।

**1991:** सोवियत संघ ने हंगरी को अपने कब्जे से आजाद किया।

# 11,480 लाभार्थियों के बीच 300 करोड़ की मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत 17 जून 2025 को एक वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के 11,480 सेवा क्षेत्र के लाभार्थियों को करीब 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी का संवितरण किया। यह संवितरण लगभग 906 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति के सापेक्ष किया गया। यह आयोजन नई दिल्ली स्थित राजघाट कार्यालय से सम्पन्न हुआ जहां से केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने अपनी टीम के साथ ऑनलाइन माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में यह सब्सिडी स्थानांतरित की। कार्यक्रम में केवीआईसी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री रूप राशि सहित वरिष्ठ अधिकारी मुंबई से वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अपने संबोधन में अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'आत्मनिर्भर और विकसित भारत' का सपना साकार हो रहा है और पीएमईजीपी योजना उसका मजबूत स्तंभ बन चुकी है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल आर्थिक सहायता प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक आंदोलन बन गई है जो लाखों युवाओं, महिलाओं और कारीगरों को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ रही है। गांव-गांव तक रोजगार और आत्मनिर्भरता के निर्माण में इस योजना की भूमिका निर्णायक रही है। इस व्यापक संवितरण में देश के सभी छह अंचलों की सक्रिय भागीदारी रही। केंद्रीय जोन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड की कुल 2403 परियोजनाओं के लिए करीब 72 करोड़ रुपये की सब्सिडी




वितरित की गई जिनके लिए कुल 218 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। पूर्वी जोन में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की 996 परियोजनाओं को करीब 22करोड़ रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई, जबकि ऋण स्वीकृति करीब 71करोड़ रुपये रही। उत्तर भारत के राज्यों-पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, राजस्थान और केंद्रशासित चंडीगढ़ - के अंतर्गत कुल 2713 परियोजनाओं को करीब 61करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई और इन परियोजनाओं के लिए 184 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हुआ। पूर्वोत्तर क्षेत्र की 81 परियोजनाओं को करीब 2 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई, जिसमें असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा जैसे राज्य शामिल रहे। दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में 4565 परियोजनाओं को शामिल करते हुए करीब 116करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की गई जबकि इन परियोजनाओं के लिए 343 करोड़ रुपये से अधिक का ऋण स्वीकृत किया गया। पश्चिम जोन के महाराष्ट्र, गुजरात और गोवा राज्यों की कुल 722 परियोजनाओं के लिए 26करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी वितरित की गई, जो 82करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति के सापेक्ष है। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जब से शुरू हुआ है तब से लेकर वित्त वर्ष 2024-25 तक ग्रामीण और शहरी भारत में उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का स्तंभ बन चुकी है। योजना के अंतर्गत अब तक कुल 10,18,185 सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना की जा चुकी है, जिनके लिए भारत सरकार द्वारा 73,348 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है। इसके बदले लाभार्थियों को 27,166 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी प्रदान की गई है। इस योजना के माध्यम से अब तक देशभर में 90,04,541 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है जो इसे देश की सबसे प्रभावी स्वरोजगार योजनाओं में से एक बनाता है। यह कार्यक्रम न केवल स्वरोजगार को बढ़ावा देता है, बल्कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को धरातल पर साकार करता है।

# रांची में भारी बारिश का रेड अलर्ट, गाइडलाइंस जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मौसम विभाग ने आज यानी गुरुवार (19 जून 2025) के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश, तेज हवाओं और आपदा की चेतावनी जारी की गयी है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों और आम नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है। इसके साथ ही संबंधित विभागों को आपातकालीन तैयारियों को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। 19 जून को रांची के सभी स्कूलों को बंद रखने का आदेश दिया गया है। जिला पंचायती राज अधिकारी (डीपीआरओ) को निर्देश देते हुए सभी मुखिया समूहों के माध्यम से रेड अलर्ट और सुरक्षा उपायों से संबंधित जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर रहने और आपातकालीन किट तैयार करने को लेकर निर्देश दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीइओ/डीएसई) स्कूलों के संचालन पर कड़ी निगरानी रखें। मौसम की स्थिति के



आधार पर स्कूलों को बंद करने या ऑनलाइन कक्षाओं के संचालन का निर्णय तुरंत लेने के निर्देश दिए गए है। स्कूल परिसरों में जलभराव या अन्य जोखिमों की स्थिति पर त्वरित कार्रवाई करें। क्षेत्रीय निगरानी समितियों (आरएमसी) के साथ मिलकर जाम नालियों, रुके हुए पानी और गिरे हुए पेड़ों की स्थिति पर नजर रखने, जल निकासी की व्यवस्था को तुरंत दुरुस्त करने और बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों की तैयारी रखने को कहा गया है। पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) ट्रैफिक/जिला परिवहन अधिकारी (डीटीओ) यातायात की स्थिति पर विशेष ध्यान देने खासकर टूटे हुए वाहनों, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और बारिश के कारण बह गए सड़कों/पुलों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए आवश्यक संसाधनों को तैनात करें और नागरिकों को वैकल्पिक मार्गों की जानकारी देने का निर्देश दिया गया है। रांची जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे मौसम विभाग की चेतावनी का पालन करें और अनावश्यक यात्रा से बचें। आपातकालीन स्थिति में नजदीकी प्रशासनिक कार्यालय या हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें। अपने घरों में पानी, भोजन, प्राथमिक चिकित्सा किट और अन्य आवश्यक सामग्री तैयार रखें। सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने और अपने-अपने क्षेत्रों में स्थिति पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। किसी भी आपात स्थिति में त्वरित समन्वय और कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। रांची जिला प्रशासन ने कहा है कि पूरी स्थिति पर नजर है। आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाए जा रहे हैं।

# 14 आइइडी व 52 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के टोकलो थाना अंतर्गत चितपील गांव के आसपास जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा छिपाए गए विस्फोटकों का भंडार बरामद किया गया है। सुरक्षा बलों ने संयुक्त अभियान के दौरान 14 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस(आइइडी) और 52 किलोग्राम संदिग्ध अमोनियम नाइट्रेट विस्फोटक बरामद कर उन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के उग्रवादी टोकलो थाना क्षेत्र के चितपील गांव के जंगल और पहाड़ी इलाके में गोला-बारूद छिपाकर रखे हुए हैं। इसका उद्देश्य सुरक्षा बलों के अभियान को बाधित करना और उन्हें निशाना बनाना था। इस सूचना के आधार पर चक्रधरपुर के सहायक पुलिस अधीक्षक-सह-अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम प्रकाश के नेतृत्व में चाईबासा पुलिस, कोबरा, सीआरपीएफ 60वीं बटालियन, और झारखंड जगुआर की संयुक्त टीम गठित की गई। संयुक्त अभियान दल ने चाईबासा-सरायकेला जिला सीमा के पास जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान चितपील गांव के आसपास के जंगली क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा पहले से लगाए गए 14 आइइडी बरामद किए गए। इसके अलावा एक नक्सली डम्प से 52 पॉली बैग में भरा हुआ लगभग 52 किलोग्राम सफ़ेद पाउडर, जो संभवतः अमोनियम नाइट्रेट विस्फोटक है, बरामद किया गया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से बम निरोधक दस्ते की सहायता से सभी विस्फोटकों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। नक्सली डम्प को भी सुरक्षा बलों ने ध्वस्त कर दिया। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा, और अन्य नक्सली अपने दस्ते के साथ सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधियों के लिए सक्रिय हैं। इन गतिविधियों को रोकने के लिए झारखंड पुलिस, कोबरा, सीआरपीएफ, और झारखंड जगुआर की टीमें लगातार संयुक्त अभियान चला रही है।

## जेजेएमपी के सबजोनल कमांडर बैजनाथ ने किया आत्मसमर्पण

**लातेहार(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति का सकारात्मक प्रभाव दिखा है। झारखंड जन जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सबजोनल कमांडर बैजनाथ सिंह ने बुधवार को पुलिस मुख्यालय में आत्मसमर्पण कर दिया। सैलदाग, मनिका निवासी बैजनाथ के आत्मसमर्पण के दौरान उसकी पत्नी और परिजन मौजूद थे। पलामू डीआइजी नौशाद आलम, एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ की 11वीं बटालियन के कमांडेंट याद राम बुनकर ने उसका स्वागत किया। बैजनाथ सिंह पर 17 सीएलए और आर्म्स एक्ट के तहत कुल सात मामले दर्ज हैं।

## शराब घोटाला मामले में दूसरे पूर्व आइएएस गिरफ्तार

**रांची (नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड शराब घोटाला मामले में दूसरे पूर्व आइएएस अमित प्रकाश को एसीबी ने अरेस्ट किया है। इससे पहले इस मामले में आइएएस विनय चौबे को गिरफ्तार किया गया था। अमित प्रकाश उत्पाद विभाग के पूर्व आयुक्त और झारखंड स्टेट बिवरेज कॉरपोरेशन लि. के पूर्व जीएम रह चुके हैं। इनकी गिरफ्तारी के साथ ही शराब घोटाला मामले में कुल छह गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। अमित प्रकाश उत्पाद विभाग के पूर्व आयुक्त और झारखंड स्टेट बिवरेज कॉरपोरेशन लि. के पूर्व जीएम रह चुके हैं। इससे पहले एसीबी उत्पाद विभाग के पूर्व प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, संयुक्त आयुक्त गजेंद्र सिंह, दो पूर्व जीएम सुधीर कुमार दास व सुधीर कुमार और प्लेसमेंट एजेंसी के प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह को जेल भेज चुकी है।

# नई नियमावली बनने के बाद होगी झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा यानी जेटेट पर फिलहाल ग्रहण लग गया है। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने नई नियमावली बनने तक जेटेट-2024 से जुड़े विज्ञापन को रद्द कर दिया है। इस परीक्षा के लिए करीब साढ़े तीन लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन दिया था। पिछले साल जुलाई-अगस्त में आवेदन लिया गया था। हालांकि जैक ने स्पष्ट कर दिया है कि जिनका आवेदन रद्द हुआ है, उनको दोबारा परीक्षा शुल्क नहीं देना होगा। झारखंड एकेडमिक काउंसिल के सचिव जयंत कुमार मिश्रा के मुताबिक झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा नियमावली, 2019 में संशोधन के लिए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को आवेदन मिले थे। जिस पर विचार करते हुए स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने समिति का गठन किया था। इसपर समिति ने जरुरी बदलावों के साथ नई नियमावली के गठन का प्रस्ताव दिया था। लिहाजा, नई नियमावली बनने तक परीक्षा के लिए पूर्व में जारी विज्ञापन को रद्द करना जरुरी है। जैक ने स्पष्ट किया है कि नई नियमावली बनने के बाद राज्य सरकार के निर्देश के आधार पर जेटेट परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। दरअसल, बीएड की डिग्री लेने के बाद सरकारी शिक्षक से जुड़ी परीक्षा में बैठने के लिए जेटेट पास होना जरुरी है। लेकिन राज्य गठन के 25 वर्षों में अबतक सिर्फ दो बार जेटेट परीक्षा हुई है। पहली बार 2013 में हुई परीक्षा में 68 हजार तो दूसरी बार 2016 में हुई परीक्षा में 53 हजार परीक्षार्थी सफल हुए थे। अब नौ वर्ष गुजरने के बाद 2024 में जेटेट परीक्षा का विज्ञापन निकाला गया, लेकिन नई नियमावली नहीं बनने की वजह से इसको टालना पड़ गया। हालांकि जेटेट 2025 की नियमावली के ड्राफ्ट में अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु में 8 साल की छूट का प्रावधान है।

**पीएम नरेन्द्र मोदी ने की ट्रंप से बात, 'ऑपरेशन सिंदूर' पर दो-टूक**

# भारत ने न कभी मध्यस्थता स्वीकार की थी, न कभी करेगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के बीच लगभग 35 मिनट तक बातचीत हुई। यह बातचीत राष्ट्रपति ट्रंप के आग्रह पर हुई। दरअसल दोनों की मुलाकात जी-7 समिट की साइडलाइन पर होनी तय थी लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप को जल्दी वापस अमेरिका लौटना पड़ा जिसके कारण यह मुलाकात नहीं हो पाई। इसके बाद, राष्ट्रपति ट्रंप के आग्रह पर आज दोनों लीडर्स की फोन पर बात हुई। बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने फोन पर प्रधानमंत्री मोदी को शोक संवेदना प्रकट की थी और आतंक के खिलाफ़ समर्थन व्यक्त किया था। उसके बाद दोनों लीडर्स की यह पहली बातचीत थी। इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से ऑपरेशन सिंदूर के बारे में विस्तार से बात की।



प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से कहा कि 22 अप्रैल के बाद भारत ने आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने का अपना दृढ़ संकल्प पूरी दुनिया को बता दिया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 6-7 मई की रात को भारत ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में सिर्फ आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया था। भारत के एक्शन बहुत ही सोचा-समझा और गैर-एस्केलेटरी थे। साथ ही भारत ने यह भी स्पष्ट कर दिया था कि पाकिस्तान की गोली का जवाब भारत गोले से देगा। 9 मई की रात को उपराष्ट्रपति वान्स ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया था। उपराष्ट्रपति वान्स ने कहा था कि पाकिस्तान भारत पर बड़ा हमला कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें साफ शब्दों में बताया था कि यदि ऐसा होता है तो भारत पाकिस्तान को उससे भी बड़ा जवाब देगा। 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के हमले का भारत ने बहुत सशक्त जवाब दिया और पाकिस्तान की सेना को बहुत नुकसान पहुंचाया। उसके मिलिटरी एयरबेस को बेकार बना दिया। भारत के मुहतोड़ जवाब के कारण पाकिस्तान को भारत से सैन्य कार्रवाई रोकने का आग्रह करना पड़ा। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से कहा कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान कभी भी, किसी भी स्तर पर, भारत-अमेरिका ट्रेड डील या अमरीका द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता जैसे विषयों पर बात नहीं हुई थी।




New page 4_page 12 29.05.2025.qxd 18-06-2025 21:30 Page 1



# थाने से चोरी हुई जब्त लग्जरी गाड़ी, लोग हैरान

- घटना सीसीटीवी में कैद
- पुलिस पर उठ रहे सवाल
- एसपी ने की मामले की पुष्टि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** जिले के रामपुर हरि थाना परिसर से शराब मामले में जब्त की गई एक लग्जरी कार रहस्यमय तरीके से चोरी हो गई है। चोर की हरकत थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस उसकी गिरफ्तारी और कार की बरामदगी के लिए छापेमारी कर रही है।

इस घटना से पुलिस की कार्यशैली और थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर एक बार फिर सवाल उठ खड़े हुए हैं।

जानकारी के मुताबिक, 11 जून को रामपुर हरि थाना प्रभारी दिलीप कुमार यादव को गुप्त सूचना मिली थी कि गोसाईपुर निवासी संजय राय का पुत्र संतोष कुमार एक काले रंग की कार में शराब लेकर बिक्री के लिए जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम टेंगराहा इलाके में पहुंची, जहां संदिग्ध कार खड़ी मिली। पुलिस को देखकर कार में बैठा व्यक्ति मौके से भाग निकला। पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर वह फरार हो गया।

बाद में पुलिस ने कार की तलाशी ली, जिसमें भारी मात्रा में शराब बरामद की गई। कुल 54 लीटर शराब की बरामदगी के बाद कार और शराब को जब्त कर थाने लाया गया।

इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई थी। इसी बीच बीती रात करीब दो बजे अज्ञात चोर थाना परिसर में दाखिल हुआ और जब्त की गई होंडा सिटी कार लेकर फरार हो गया। पूरी घटना थाने में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।

एडिशनल एसपी (ईस्ट) शहरीयार अख्तर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि थाने के एक साइड से परिसर खुला हुआ है, जिसका फायदा उठाकर चोर ने वारदात को अंजाम दिया।

उन्होंने बताया कि घटना की जांच की जा रही है और चोर की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि इस मामले में ड्यूटी पर तैनात ओडी पदाधिकारी और संतरी के खिलाफ कार्रवाई तय है। ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## बेतिया को मिली वंदे भारत की सौगात

**बेतिया।** बेतिया से पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत सरकार की बड़ी उपलब्धि है। आगामी 20 जून से यह नई ट्रेन सेवा शुरू होने जा रही है, जिससे यात्रियों को राजधानी यात्रा का अनुभव सुगम और सुखद होगा। वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन से यात्रियों की यात्रा केवल 3:30 घंटों में पूरी होगी।

वंदे भारत ट्रेन की आधुनिक सुविधाएं, तेज गति और आरामदायक यात्रा के कारण यात्रियों में खुशी की लहर है। पटना जाने वाली इस ट्रेन के माध्यम से न केवल बेतिया, बल्कि आस-पास के क्षेत्रों के लोग भी राजधानी पहुंचने में सक्षम होंगे। वंदे भारत की सुविधाओं में उच्च गुणवत्ता वाली सीटें, वाई-फाई और स्वचालित दरवाजें शामिल हैं, जो यात्रियों के अनुभव को और अधिक सुविधाजनक बनाते हैं।

रेलवे सूचना के अनुसार, वंदे भारत ट्रेन गोरखपुर से सुबह 06 बजे चलेगी और बेतिया स्टेशन पर 08:36 में पहुंचेगी। 03 मिनट स्टेशन पर रुकने के बाद 08:39 बजे बापूधाम मोतिहारी के लिए रवाना होगी।

# जमीन कब्जा करने पहुंचे नेता को लोगों ने धुना

- हथियार सहित नेता गिरफ्तार
- लोगों ने किया पुलिस के हवाले

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोतिहारी।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत पटपरिया गांव में मंगलवार को जबरन जमीन कब्जा करने पहुंचे राजद नेता सह चर्चित भू-माफिया बिचारी राय की ग्रामीणों ने जमकर पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों ने नेता के साथ आए गुर्गों से हथियार छीन लिए और घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राजद नेता को गिरफ्तार कर लिया है। उसके साथियों के पास से एक पिस्टल और कारतूस भी बरामद किया गया है।

घटना उस समय हुई जब राजद नेता बिचारी राय अपने समर्थकों के साथ हथियार के बल पर जमीन पर कब्जा करने पहुंचा। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, जिस जमीन को लेकर विवाद हुआ, वह एक महिला द्वारा अपने पतोहू और नाती के नाम लिखी गई थी। सर्वे कार्य के दौरान इस बात की जानकारी सामने आई, जिसके बाद जमीन पर दावा करने वाले दूसरे पक्ष ने पंचायत बुलाई थी। पंचायत में वे जरूरी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। बताया जाता है कि बुधवार को वही पक्ष एक स्थानीय भू-माफिया के सहयोग से जबरन जमीन पर कब्जा करने पहुंच गया, जिससे गांव के लोग आक्रोशित हो गए। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट गए और उन्होंने राजद नेता की पिटाई शुरू कर दी। ग्रामीणों ने उनके गुर्गों से हथियार भी छीन लिए और बाद में पुलिस को सौंप दिया।

इस मामले को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में भू-माफिया के हौसले बुलंद हैं और आम लोग अपनी जमीन को लेकर महीनों से प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। लेकिन दबंग भू-माफिया नेताओं के सहारे सीधे जमीन पर कब्जा करने पहुंच जाते हैं। हालांकि इस बार गांव वालों ने एकजुटता दिखाते हुए जबरन कब्जा करने आए लोगों का विरोध किया और उन्हें पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मुफस्सिल थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। हथियार की वैधता की जांच की जा रही है और सभी आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

## बंद घर से नकदी सहित लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** शहर में एक बार फिर चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या दो स्थित मध्य विद्यालय फरदा के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिन्हा के बंद घर में चोरों ने धावा बोलकर करीब पांच लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया।

चोरों ने मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और अलमारी में रखे ढाई लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान चुरा लिए। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। बताया गया कि अशोक कुमार सिन्हा 16 जून को अपनी पत्नी के साथ पटना स्थित बीमार बहन को देखने गए थे। घर छोड़ने से पहले उन्होंने देखरेख की जिम्मेदारी पड़ोसी राजेश कुमार को सौंपी थी और चाबी भी दी थी, लेकिन पड़ोसी ने समय पर घर की निगरानी नहीं की। इसी बीच चोरों ने बंद घर का फायदा उठाकर चोरी को अंजाम दिया।

पटना से लौटने पर जब प्रधानाध्यापक अपने घर पहुंचे, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। भीतर जाकर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। गोदरेज की अलमारी टूटी हुई थी और उसमें रखे नकद रुपये, जेवर व अन्य सामान गायब थे। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। अशोक कुमार सिन्हा ने थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ आवेदन दिया है।उन्होंने कहा कि हम 16 जून को पटना गए थे। लौटने पर देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है। अलमारी से नकदी और जेवरात गायब हैं। पुलिस को सूचना दे दी गई है। लगभग पांच लाख रुपये की चोरी हुई है। कोतवाली थानाध्यक्ष राजीव कुमार तिवारी ने बताया कि प्रधानाध्यापक द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## पुलिस बल पर हमला

**गोपालगंज।** जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र के मदरवानी गांव में मंगलवार की देर शाम शराब माफिया अजय यादव के घर पर पुलिस ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान अफरातफरी मची। मौके से अजय यादव को पुलिस ने दबोच लिया, लेकिन इसी बीच शराब माफिया को छुड़ाने के लिए कुछ स्थानीय लोगों ने पुलिस टीम पर अचानक हमला कर दिया। इस हमले में थानाध्यक्ष जय हिन्द यादव समेत तीन पुलिसकर्मियों को आंशिक रूप से चोटें आई। हमले के दौरान पुलिस दल के होमगार्ड जवान अवधेश तिवारी की रायफल भी हमलावरों ने छीन ली। हालांकि, थोड़ी देर बाद पुलिस ने रायफल को बरामद कर लिया। इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी थानाध्यक्ष ने वरीय अधिकारियों को सूचित किया। सूचना पाकर हथुआ एसडीपीओ आनंद मोहन गुप्ता के नेतृत्व में आधा दर्जन थानों की पुलिस फोर्स व्रजवाहन लेकर मौके पर पहुंच पुलिस टीम के गांव में पहुंचते ही हालात बेकाबू हो गए। आरोप है कि पुलिस ने मदरवानी गांव में कई घरों में जांच कर कुछ लोगों को हिरासत मे लिया।

## विधायक ने किया कार्यालय भवन का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** बुधवार को रोसरा विधायक वीरेंद्र कुमार ने डुमरा मोहन पंचायत में बने नवनिर्मित प्रखंड व अंचल कार्यालय भवन का निरीक्षण किया।

निरीक्षण क्रम में प्रखंड एवं अंचल कार्यालय के सभी कक्षों में जाकर बीडीओ आलोक कुमार सिंह से पूछताछ किया। इस दौरान अधिगृहित जमीन के मालिक किसानों को मुआवजा देने संबंधित जानकारी लिया। मौके पर सीओ वीणा भारती, रजौर रामभद्रपुर पंचायत के पूर्व मुखिया अशोक कुमार सिंह, मणिशंकर सिंह, सहित अंचल एवं प्रखंड के कर्मी मौजूद थे।

## दहेज को लेकर बहू की हत्या

**गयाजी।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र स्थित जनकपुर मोहल्ले में एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मृतका की पहचान निशा कुमारी के रूप में हुई है। मृतका के पिता श्रवण कुमार ने अपने दामाद अभिषेक कुमार पर दहेज के लिए हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। घटना के बाद निशा के शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है। वहीं, मामले की जांच शुरू कर दी गई है। नालंदा निवासी श्रवण कुमार ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2015 में उन्होंने अपनी बेटी निशा की शादी गया शहर के जनकपुर मोहल्ला निवासी अभिषेक कुमार से की थी। शुरूआती कुछ वर्षों तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन दो बेटियों के जन्म के बाद से हालात बदलने लगे। पिता के अनुसार, ससुराल पक्ष लगातार पैसों की मांग करता रहा। कई बार समझौता कर उन्होंने पैसे भी दिए, लेकिन मांगें बढ़ती गईं। जब उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया तो निशा को प्रताड़ित किया जाने लगा।

# सड़क हादसे में 13 वर्षीय बालक की मौत

### लोगों ने चालक को खदेड़कर पकड़ा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** वैशाली जिला के हाजीपुर के बराटी थाना क्षेत्र के दयालपुरा गांव के डिवाइन स्थान के पास तेज रफ्तार बुलेट की ठोकर से एक किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे घायल अवस्था में इलाज के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल लाया गया।

जहां स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया। लेकिन, परिवार वालों ने उसे हाजीपुर इमेज अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गई।

स्थानीय लोगों द्वारा बुलेट को पकड़ लिया गया। मृतक किशोर की पहचान दयालपुर निवासी सनोज पासवान के 13 वर्षीय पुत्र कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि किशोर अपने घर से दुकान से कुछ सामान लाने गया था। इसी दौरान उसे तेज रफ्तार बुलेट बाइक ने टक्कर मार दी।

इसके साथ ही बुलेट सवारों द्वारा मारपीट की घटना भी स्थानीय लोगों ने देखी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने बुलेट सवार को अपने कब्जे में ले लिया है, और उसे थाने ले जाकर पूछताछ की जा रही है।

किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर था। किशोर की मौत की सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंची नगर थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर कागजी कार्रवाई के बाद हाजीपुर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है।

# नहाने के दौरान चार युवकों की डूबने से मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेगूसराय में बूढ़ी गंडक नदी में स्नान के क्रम में चार युवकों की डूब कर मौत हो गई। इसमें से दो बच्चे जुड़वा भाई थे। घटना के बाद से गांव में कोहराम मचा हुआ है। घटना खोदावंदपुर थाना क्षेत्र के नुरल्लापुर गांव की बताई जा रही है। काफी मशक्कत के बाद सभी बच्चों का शव पानी से बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



बताया जा रहा है कि बुधवार की दोपहर नुरूलाहपुर गांव के सहनी घाट पर मंगलवार को बूढ़ी गंडक नदी में नहाने गए चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई। सभी के शव स्थानीय मछुआरों ने नदी से निकाला है। मृतकों में चांसी दास के पुत्र अविनाश कुमार और अभिषेक कुमार, दोनों 18 वर्ष के थे। दोनों जुड़वा भाई थे। वार्ड 5 के रहने वाले थे। दोनों गुरुवार को दिल्ली जाने वाले थे। इसी परिवार के एक अन्य किशोर कल्लर दास का बेटा 12 वर्षीय रौशन कुमार भी डूबा था। तीन डूबे हुए युवक और किशोर का घर एक ही मोहल्ले में है। वही घटना के बाद गांव में मातम पसरा है। पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा की कार्रवाई में जुटी है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों में इस घटना के बाद से आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि बूढ़ी गंडक नदी में घाट तो नहाने के लिए बना है पर यहां पर किसी भी तरह की सुरक्षात्मक व्यवस्था कहीं भी नहीं की है। प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले और उचित कार्रवाई करे।

## भागलपुर डीएम पर कार्रवाई की मांग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भागलपुर जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी को हटाने एवं विधिसम्मत कार्रवाई की मांग इंडेफ (पूर्वी प्रक्षेत्र) के सेक्रेटरी जनरल अंजनी कुमार ने की है। कहा है कि भागलपुर के जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालक अभियंता के साथ अमर्यादित व्यवहार, मारपीट की धमकी देने तथा हिरासत में लिए जाने की घटना ने साबित कर दिया है कि प्रशासन बेखैफ और बेलगाम हो गई है।

बिहार अभियंत्रण सेवा संघ ने भी भागलपुर की घटना का विरोध किया गया है तथा जिलाधिकारी भागलपुर के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई के लिए सरकार से अनुरोध किया गया है।

अभियंताओं ने आरोप लगाया है कि राज्य में तकनीकी कार्य में प्रशासनिक हस्तक्षेप की वजह से विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। जिस राज्य में मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री खुद अभियंता हों, उस राज्य में अभियंता को प्रशासन के हाथों प्रताड़ित होना पड़े यह काफी चिंतनीय है।

# एलिवेटेड रोड निर्माण को लेकर चला प्रशासन का बुलडोजर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** दानापुर-बिहटा एलिवेटेड रोड निर्माण कार्य में तेजी के साथ अब सड़क चौड़ीकरण की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसके तहत बिहटा प्रखंड के महादेव फुलवारी और श्रीरामपुर मौजा में जिला प्रशासन ने पटना डीएम डॉ. त्यागराजन एम. एस. के आदेश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की है। मंगलवार को सड़क विस्तार में आ रहे कई मकान, दुकान और मंदिरों पर बुलडोजर चला। कार्रवाई को देखते हुए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। स्थानीय पुलिस के साथ-साथ पटना से भी अतिरिक्त बल मौके पर मौजूद रहा ताकि किसी भी विरोध-प्रदर्शन या अव्यवस्था से निपटा जा सके।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व इन इलाकों में मुआवजे को लेकर स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया था। उनका कहना था कि जब तक मुआवजा नहीं मिलेगा, वे अपना घर-दुकान नहीं तोड़ने देंगे। इसके बाद दानापुर एसडीएम दिव्या शक्ति ने मौके पर पहुंचकर लोगों से बातचीत की और आश्वासन दिया कि जिनके पास वैध दस्तावेज हैं, उन्हें नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा।



प्रशासन की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, महादेव फुलवारी और श्रीरामपुर मौजा में करीब 50 से अधिक मकान, दुकान और धार्मिक स्थलों को हटाया जाना है। हालांकि, अभी भी कई लोगों को दस्तावेज जमा करने के बावजूद मुआवजा नहीं मिल सका है, और वे भू-अर्जन कार्यालय पटना के चक्कर काटने को मजबूर हैं। वहीं कुछ ऐसे भी लोग हैं जिनके घर सरकारी जमीन पर वर्षों पहले बनाए गए थे। अब सड़क चौड़ीकरण के कारण इन घरों को भी हटाया जा रहा है, जिससे कई परिवार बेघर हो रहे हैं।

इस संबंध में बिहटा अंचलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि लोगों को पहले कई बार नोटिस दिया गया था। अब डीएम के निर्देश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। जिनका निर्माण कार्य सरकारी जमीन पर है, उन्हें पूरी तरह से हटाया जा रहा है। वहीं जिन लोगों के पास वैध कागजात हैं, उनकी रिपोर्ट बनाकर भू-अर्जन कार्यालय को भेजी जा रही है और उन्हें मुआवजा भी दिया जा रहा है।

दानापुर-बिहटा एलिवेटेड रोड की कुल लंबाई 25 किलोमीटर है, जिसमें करीब 14 किलोमीटर एलिवेटेड रोड और शेष 11 किलोमीटर सामान्य सड़क मार्ग शामिल है। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 1400 करोड़ रुपये है।

बिहार सरकार ने इसका निर्माण कार्य सितंबर 2026 तक पूरा कर सड़क को जनता के लिए खोलने का लक्ष्य रखा है। पटना डीएम स्वयं निर्माण कार्य की लगातार निगरानी कर रहे हैं और समय-समय पर निरीक्षण कर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे हैं। इस सड़क के बन जाने से पटना से आरा, बक्सर और दिल्ली जाने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। समय की बचत के साथ-साथ ट्रैफिक दबाव में भी कमी

## मौसम ने ली करवट, लगभग पूरे बिहार में बारिश के आसार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में मानसून आने से गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। कोसी, सीमांचल और मगध क्षेत्र के जिलों में बारिश हुई। बुधवार शाम को गया में झमाझम बारिश ने गर्मी से राहत दिलाई। वहीं पूर्णिया, जहानाबाद, समेत कुछ अन्य जिलों में बारिश हुई।

आज मौसम विभाग ने बिहार के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, पटना, औरंगाबाद, अरवल, जहानाबाद, गया, नालंदा, गोपालगंज, रोहतास, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, नवादा, शेखपुरा, लखीसराय, जमुई, सीतमाढ़ी में तेज हवा के साथ बारिश और वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है।

इधर, पटना में सुबह से ही धूप छांव का खेल जारी है। लोग बारिश का इंतजार कर रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र ने पटना में भी बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है। मौसम विभाग ने कहा कि आगामी 48 घंटों के दौरान पूरे बिहार में मानसून के विस्तार के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं। बुधवार से अगले सोमवार तक लगभग पूरे बिहार में बारिश के आसार हैं।

पिछले 24 घंटे में भोजपुर में सबसे अधिक गर्मी पड़ी। यहां का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं गोपालगंज में 39.9 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

बाकी पूरे बिहार का तापमान 38 डिग्री से नीचे रहा। वहीं सबसे कम गर्मी वाल्मिकी नगर, गया और दरभंगा में पड़ी। यहां का अधिकतम तापमान न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं खगड़िया में हवा की रफ्तार सबसे अधिक रही। यहां पर 48 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवा ने लोगों को परेशान कर दिया।

# सड़क दुर्घटना में मृत पाया गया युवक लौटा अपने घर

### चेहरा विकृत हो जाने के कारण परिजनों से हुई चूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** सड़क दुर्घटना में सोमवार की देर रात लगभग दो बजे चंडी थाना क्षेत्र के धरमपुर में एनएच 30- ए पर सड़क दुर्घटना में मारे गए बुजुर्ग को अपना पिता मान संतोष कुमार और अन्य स्वजन न केवल रेफरल अस्पताल में पार्थिव शरीर से लिपट कर रोए, बल्कि थाना पुलिस को मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के कागजात तैयार करने में जरूरी सूचना भी उपलब्ध कराई।

पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। सुबह होते ही जब 62 वर्षीय कामेश्वर बिंद घर लौटे तो आस-पड़ोस के लोग हतप्रभ रह गए। स्वजन को फोन पर सूचना दी गई कि जिसे मरा हुआ मान पोस्टमार्टम करवाने गए हो, वह तुम्हारे पिता नहीं हैं। वे जीवित हैं और अभी घर आए हैं।

थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर सुमन कुमार ने बताया कि पुलिस ने जैतीपुर निवासी कामेश्वर बिंद के नाम से उनके स्वजन के बयान और पहचान करने के दावे के आधार पर रिकॉर्ड तैयार किया था। बाद में वह व्यक्ति जीवित मिले।

दारोगा ललन कुमार सिंह ने बताया कि रात्रि गश्त में धरमपुर पुल पर एक जिप्सी दुर्घटनाग्रस्त मिली। वहां टूटी रेलिंग के पास एक बुजुर्ग का शव मिला। कुछ संकेत मिले, जिससे संदेह हुआ कि वह गौरी गांव का निवासी है।

पुलिस टीम ने वहां संपर्क किया तो वहां के लोगों ने जानकारी दी कि यह जैतीपुर के कामेश्वर बिंद हैं। यह दावा इसलिए पुख्ता हुआ कि कामेश्वर बिंद की उस गांव में रिश्तेदारी है।

फिर तो रुदन क्रंदन शुरू हुआ और रेफरल अस्पताल में स्वजन पहुंचने लगे। पुलिस ने भी कार्रवाई पूरी की। सुबह में जब कामेश्वर बिंद घर पहुंचे तो कहानी बदल गई। फिर से अज्ञात की मृत्यु का पेपर तैयार किया गया। ग्रामीण ने बताया कि कामेश्वर लालगंज में किसी के मुर्गी फार्म की रखवाली करते हैं। वह खाने पीने के बाद इधर-उधर भटक जाते हैं।

इस कारण विश्वास हो गया कि सड़क दुर्घटना में मारे गए। दोनों के कद समान थे। बहुत कुछ मिलता-जुलता था। चेहरा विकृत था।

इस कारण स्वजन से चूक हो गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त जिप्सी को पुलिस थाने लाया गया है। मृतक बुजुर्ग की पहचान कराने का प्रयास चल रहा है।

# तीन फर्जी सीबीआई अधिकारियों को पटना पुलिस ने दबोचा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर लोगों से ठगी और मौका मिलने पर पिस्टल दिखाकर लूटपाट करने वाले गिरोह के तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

यह गिरोह पुलिस के निशाने पर तब आया, जब हाल ही में एसके पुरी थाना क्षेत्र में एक युवक से पिस्टल दिखाकर लूटपाट की घटना सामने आई।

एसके पुरी थाने की पुलिस ने इनके पास से दो बाइक बरामद की है, जिस पर पुलिस का स्टीकर लगा हुआ है। दो पिस्टल, एक कट्टा, सेना की वर्दी नेम प्लेट सहित, सीबीआई का नकली परिचय पत्र और ब्लैंक चेक भी बरामद किया गया है।

आरोपितों की पहचान सहरसा के बिहरा निवासी रीतन कुमार, धनरुआ के नितीश कुमार और वैशाली के लालगंज निवासी अरविंद कुमार के रूप में हुई है।

रीतन के खिलाफ दीदारगंज और दरभंगा, नितीश के खिलाफ धनरुआ व दीदारगंज और अरविंद पर भी दीदारगंज व बेऊर थाने में केस दर्ज है। गिरोह में शामिल दो अन्य बदमाशों की तलाश जारी है।

10 मई की दोपहर एसके पुरी के शिवपुरी में बिस्किट कंपनी के कर्मी अमर कुमार को रास्ते में रोका गया और पिस्टल दिखाकर उनसे 17 हजार रुपये की लूट हुई। पीड़ित की शिकायत पर एसके पुरी थाने की पुलिस केस दर्ज कर आरोपित की पहचान में जुट गई।

सचिवालय डीएसपी-2 साकेत ने आरोपितों की गिरफ्तारी के एसके पुरी थानेदार के नेतृत्व में 13 सदस्यीय टीम का गठन किया। सीसीटीएनएस से जुड़े कैमरों से भी वारदात में इस्तेमाल बाइक के मूवमेंट के बारे में पता किया गया।

घटना में जिस अपाचे बाइक का इस्तेमाल हुआ था, उसे गांधी मैदान से चिरैयाटांड पुल के पास चक्कर लगाते हुए देखा गया। शनिवार की देर रात पुलिस उस इलाके में पहुंची और अपाचे बाइक के साथ नितीश को गिरफ्तार कर लिया गया।वह किसी से तीन लाख रुपये लूट की फिराक में था। पूछताछ में उसने बताया कि गिरोह में पांच लोग हैं। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने रीतन और अरविंद को भी गिरफ्तार कर लिया।

सभी पटना में ही किराये का कमरा लेकर रह रहे थे। गिरोह जिसे निशाने पर लेता था, उन्हें चेकिंग के नाम पर रोका जाता था। इसमें हर सदस्य की अलग-अलग भूमिका होती थी।

अरविंद खुद को सीबीआई का अधिकारी बताते हुए पीड़ित को फर्जी पहचान पत्र दिखाता था।

CMYK

### राजभवन परिसर में राजेन्द्र भवन, अतिथिगृह और राजभवन सचिवालय का किया शिलान्यास

# निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करें : सीएम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजभवन परिसर में राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय और राजभवन अतिथिगृह का शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल हुए। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समक्ष अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राजेन्द्र भवन, राज्यपाल सचिवालय एवं राजभवन अतिथिगृह के निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी दी। इस प्रस्तुतीकरण के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्माण कार्य जल्द और उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। दरअसल, राज भवन परिसर में राजेंद्र भवन, राज्यपाल सचिवालय और अतिथि गृह के निर्माण के लिए पिछले वर्ष दिसम्बर 2024 में ही ईपीसी आधार पर टेंडर आमंत्रित किया गया था। अब इसका निर्माण कार्य शुरू हो रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, राज्यपाल के प्रधान सचिव आर.एल. चोंग्थू, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, पटना प्रमंडल के आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0 सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सहरसा-अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस नई दिल्ली के बजाए दिल्ली स्टेशन पर रुकेगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** सहरसा और अमृतसर के मध्य चलने वाली गाड़ी सं. 12203/12204 सहरसा-अमृतसर-सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस का ठहराव नई दिल्ली के बजाए दिल्ली स्टेशन पर किया जा रहा है। अमृतसर से खुलने वाली गाड़ी सं. 12204 अमृतसर-सहरसा गरीबरथ एक्सप्रेस आदर्श नगर दिल्ली-नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद मार्ग के बजाए आदर्श नगर दिल्ली-दिल्ली-दिल्ली शाहदरा-साहिबाबाद के रास्ते चलायी जाएगी अर्थात यह गाड़ी नई दिल्ली के बजाए दिल्ली स्टेशन पर 10.50/1105 बजे रुकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी। 18.08.2025 से सहरसा से खुलने वाली गाड़ी सं. 12203 सहरसा-अमृतसर गरीबरथ एक्सप्रेस साहिबाबाद-तिलक ब्रिज-नई दिल्ली-आदर्श नगर दिल्ली मार्ग के बजाए साहिबाबाद-दिल्ली शाहदरा-दिल्ली-आदर्श नगर दिल्ली के रास्ते चलायी जाएगी अर्थात यह गाड़ी नई दिल्ली के बजाए दिल्ली स्टेशन पर 13.55/14.10 बजे रुकते हुए आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

# राजद सिर्फ एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई : नित्यानंद राय

## तेजस्वी के 'जमाई आयोग' वाले बयान पर पलटवार किया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी दलों के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर जारी है। इसी कड़ी में बुधवार को पटना से दिल्ली रवाना होने से पहले केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जोरदार पलटवार किया। उन्होंने तेजस्वी यादव के 'जमाई आयोग' वाले बयान को खारिज करते हुए कहा कि तेजस्वी को इस तरह की टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। नित्यानंद राय ने स्पष्ट किया कि आयोगों में नियुक्त सभी लोग पूरी तरह से योग्यता और अनुभव के आधार पर चयनित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये नियुक्तियां रिश्तेदारी या सिफारिश से नहीं हुई हैं, बल्कि पारदर्शिता और काबिलियत के आधार पर की गई हैं। विपक्ष के आरोप पूरी तरह निराधार हैं। तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए नित्यानंद राय ने राजद को 'परिवारवादी पार्टी' करार दिया। उन्होंने कहा कि राजद सिर्फ एक परिवार की पार्टी बनकर रह गई है। राबड़ी देवी, लालू यादव, मीसा भारती, रोहिणी आचार्य और खुद तेजस्वी सभी परिवार के सदस्य किसी न किसी पद पर हैं। नित्यानंद राय ने 20 जून को सीवान में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली पर कहा कि वह ऐतिहासिक होगी। उन्होंने कहा कि इस रैली को लेकर जनता में जबर्दस्त उत्साह है और एनडीए के सभी घटक दल इसकी तैयारियों में जुटे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बिहार से जुड़ाव पर राय ने कहा कि बिहार की जनता पीएम मोदी को अपने परिवार का सदस्य मानती है। पीएम खुद भी बिहार के विकास के लिए हमेशा चिंतित रहते हैं।

## संगठनात्मक और मां-बहन मान योजना को लेकर बिहार कांग्रेस ने नियुक्त किया प्रभारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार कांग्रेस के संगठनात्मक एवं मां-बहन मान योजना की सफलता हेतु बिहार कांग्रेस के विधान पार्षदों और विधायकों को सूबे के विभिन्न जिलों का प्रभार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने दिया है। इस बाबत जारी पत्र में प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार को उत्तर बिहार, विधान सभा में दल के नेता डॉ. शकील अहमद खान को दक्षिण बिहार का प्रभार दिया गया है। विधायकों में विजय शंकर दूबे को पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज तो प्रतिमा कुमारी दास को मुजफ्फरपुर, सारण, सीतामढ़ी और पूर्व अध्यक्ष व विधान परिषद में दल के नेता डा. मदन मोहन झा को मधुबनी, सिवान तो विधायक आनन्द शंकर को कैमूर, नवादा का प्रभार दिया गया। राजेश कुमार को समस्तीपुर, विजेन्द्र चौधरी को शिवहर, दरभंगा, राजीव कुमार को वैशाली, डॉ. शकील अहमद खान को लखीसराय, शेखपुरा, अफाक आलम को किशनगंज, अररिया, विधायक मनोहर प्रसाद सिंह को सहरसा, सुपौल, मधेपुरा, विधायक इजहारूल हुसैन को पूर्णिया का प्रभार दिया गया है। विधायक अजीत शर्मा को जमुई, मुंगेर छत्रपति यादव को बेगूसराय का प्रभार दिया गया है। डॉ. अजय कुमार सिंह को बांका, भागलपुर विधान पार्षद डॉ. समीर कुमार सिंह को लखीसराय, शेखपुरा, खगड़िया और नीतू सिंह को नालंदा, विधायक संजय कुमार तिवारी को भोजपुर रोहतास, संतोष मिश्रा को बक्सर, विश्वनाथ राम को अरवल, जहानाबाद, अविदुर रहमान को कटिहार और डा. समीर कुमार सिंह को औरंगाबाद, पटना टाउन, ग्रामीण-1,2 का प्रभार दिया गया है।

## कंप्यूटर से गोपनीय डाटा डिलीट होने की जांच के लिए एसआईटी गठित

### छह सदस्यीय एसआइटी को गंभीर साइबर अपराध की तह तक जाने का जिम्मा सौंपा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान परिषद के सभापति के चैंबर में लगे कंप्यूटर से गोपनीय डाटा डिलीट होने के मामले में अब आर्थिक अपराध इकाई(ईओयू) के एडीजी नैय्यर हसनैन खान ने विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया है। इसका नेतृत्व साइबर एसपी डी अमरकेश करेंगे। छह सदस्यीय एसआईटी को इस गंभीर साइबर अपराध की तह तक जाने का जिम्मा सौंपा गया है। ईओयू ने पहले ही विधान परिषद के छह कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। अब एसआईटी इस मामले की तह तक जाने की कोशिश करेगी। सूत्रों के अनुसार एसआईटी टीम विधान परिषद के सभापति के चैंबर में लगे कंप्यूटर से डाटा डिलीट होने के पीछे के मकसद, साजिश और दोषियों का पता लगाएगी। ईओयू ने कंप्यूटर की हार्ड डिस्क को फॉरेंसिक जांच के लिए अपने कब्जे में लिया है और डाटा रूम को सील कर दिया है। 6 जून 2025 को यह मामला उजागर हुआ था, तब नीति शाखा के एक कंप्यूटर से महत्वपूर्ण डाटा अनधिकृत रूप से हटाए जाने की शिकायत उप सचिव संजय कुमार ने ईओयू को की थी। ईओयू की साइबर यूनिट ने तुरंत कार्रवाई शुरू की, हार्ड डिस्क को जब्त किया और डेटा रूम को सील कर दिया। प्रारंभिक जांच में साइबर अटैक या मालवेयर का कोई सबूत नहीं मिला, लेकिन डाटा डिलीट होने की पुष्टि हुई है। 9 जून 2025 को ईओयू ने कई कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। सूत्रों का कहना है कि डाटा डिलीट होने का मामला राजद विधायक रीतलाल यादव के रिश्तेदार प्रतीक की बर्खास्तगी से जुड़ा हो सकता है। ईओयू की जांच में यह पता लगाने की कोशिश हो रही है कि डाटा किसने, क्यों और किस मकसद से हटाया था। हार्ड डिस्क की फॉरेंसिक जांच सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (सीएफएसएल) में चल रही है जिससे डिलीट किए गए डाटा की रिकवरी और अपराध के तरीके का खुलासा होने की उम्मीद है। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने इस घटना को गंभीर बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। विधान परिषद के सूत्रों के अनुसार डिलीट डाटा में कर्मचारियों के प्रमोशन और गोपनीय नीतिगत फाइलें शामिल हो सकती हैं। हालांकि ईओयू ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

## कांग्रेस भू संपदा कमेटी का गठन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश राम ने प्रदेश कांग्रेस के भू-सम्पदा का आठ सदस्यीय कमिटी का गठन किया। यह कमिटी हर महीने में अपने कार्यों का विवरण प्रदेश कांग्रेस कमिटी के कोषाध्यक्ष सह अध्यक्ष भू-सम्पदा जितेंद्र गुप्ता को लिखित रिपोर्ट के माध्यम से सौंपेंगी। इस कमिटी में पूर्व विधायक प्रमोद कुमार सिंह को भू संपदा विभाग का प्रभारी नियुक्त किया गया तो वहीं सदस्य के रूप में वैद्यनाथ शर्मा, संजय कुमार भारती, रौशन कुमार सिंह, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, पंचदेव राम, हसीब अनवर और डा. सुधा प्रसाद को नियुक्त किया गया है। बताते चले कि भू संपदा विभाग प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सभी जमीनी और आय के स्रोत की देखरेख करती है।

## बिहार विभूति स्व.अनुग्रह नारायण सिन्हा की जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विभूति स्व. डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर बुधवार को राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। बिहार विधानमंडल परिसर स्थित डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की आदमकद प्रतिमा पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शत-शत नमन किया। बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिंह को 'बाबू साहब' के नाम से भी जाना जाता है। वे स्वतंत्रता सेनानी और राजनेता के साथ ही आधुनिक बिहार के निर्माताओं में से एक थे। वह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महात्मा गांधी के साथ सक्रिय रूप से शामिल थे। उन्होंने बिहार में गांधीवादी आंदोलन का नेतृत्व करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें आधुनिक बिहार के निर्माताओं में से एक माना जाता है जिन्होंने राज्य के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे बिहार के पहले उपमुख्यमंत्री और वित्त मंत्री थे और 1946 से 1957 तक इस पद पर रहे। वे भारत की संविधान सभा के सदस्य भी थे। वे गांधीवादी विचारधारा में दृढ़ विश्वास रखते थे और गांधीजी के करीबी सहयोगी थे। उन्हें 'बिहार विभूति' के रूप में जाना जाता था। इस अवसर पर बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव, बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण कार्य मंत्री अशोक चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेशी सिंह, विधान पार्षद संजय सिंह, पूर्व सांसद रामकृपाल यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

## लालू यादव द्वारा बाबा साहेब के कथित अपमान पर गरमायी सूबे की सियासत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के कथित अपमान को लेकर बिहार की राजनीति में भूचाल आया हुआ है। इस मुद्दे पर राजद और कांग्रेस दोनों दलों के भीतर खासकर दलित और पिछड़ा वर्ग के कार्यकर्ताओं में असंतोष और गहरी नाराजगी देखी जा रही है। लालू परिवार से सार्वजनिक रूप से इसके लिए देश से माफी मांगने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। पसमांदा मुस्लिम समाज ने भी इसको लेकर लालू यादव के खिलाफ पोस्टर लगाया है। पोस्टर में पूछा गया है कि कब माफी मांगेगा लालू परिवार। पोस्टर में यह भी लिखा है कि पसमांदा समाज बाबा साहेब के सम्मान में एकजुट है। कांग्रेस भी चाहती है कि इस मामले में लालू यादव माफी मांगे। भाजपा पहले से ही लालू और तेजस्वी से माफी की मांग कर रही है। इस बीच उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि बाबा साहेब के अपमान को लेकर राजद और बिहार कांग्रेस में अंदरूनी हलचल है। दलित कार्यकर्ताओं की मांग है कि लालू या तेजस्वी यादव सार्वजनिक माफी मांगें, लेकिन लालू परिवार टस से मस नहीं हो रहा। उनका कहना है कि कुछ भी हो जाए, माफी नहीं मांगेंगे। सम्राट चौधरी ने इसे राजद का 'आंतरिक मामला' करार देते हुए तंज भी कसा- जब पार्टी परिवार की हो तो फैसला भी परिवार ही लेता है। खैर जो भी हो ये राजद का आंतरिक मामला है, लेकिन जिस ढंग से लालू परिवार से माफी की मांग चौतरफा हो रही। उनकी पार्टी के दलित-पिछड़ा कार्यकर्ताओं का आक्रोश स्वाभाविक है। मगर 'परिवार पार्टी' में तो परिवार की ही चलेगी। उन्होंने लालू परिवार पर दलित-पिछड़ा वर्ग की भावनाओं को नजरअंदाज करने का आरोप भी लगाया। भाजपा पहले ही इस मुद्दे को लेकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिल चुकी है। पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से लालू यादव से इस कथित अपमान पर स्पष्टीकरण मांगने की मांग की थी। बता दें कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब भाजपा ने एक वीडियो जारी कर आरोप लगाया कि अपने जन्मदिन के मौके पर लालू प्रसाद यादव ने डॉ. आंबेडकर की तस्वीर को अपने पैरों के तले रखवाया। वीडियो में देखा गया कि लालू प्रसाद सोफ़े पर बैठे हैं और उनके पास एक व्यक्ति आंबेडकर की तस्वीर रखता है। हालांकि राजद की ओर से अब

## 30 वर्षों बाद पटना में राष्ट्रीय कार्य समिति की ऐतिहासिक बैठक

### 21-22 जून को बीआईए हॉल में होगी बैठक, देशभर के जुटेंगे प्रतिनिधि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** करीब 30 वर्षों के बाद पटना एक ऐतिहासिक बैठक का गवाह बनने जा रहा है। अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, नई दिल्ली की राष्ट्रीय कार्य समिति की ऐतिहासिक बैठक होने जा रही है। यह बैठक 21 एवं 22 जून 2025 की बीआईए हॉल, पटना में होगी। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश कुमार नंदन ने बताया कि बैठक में तैलिक साहू समाज की राजनीतिक भागीदारी को लेकर ठोस मंथन होगा। खासकर बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर यह बैठक काफी महत्वपूर्ण होने जा रही है। बिहार में करीब 70 लाख तैलिक साहू समाज की आबादी है।

ऐसे में आबादी और 243 सीटों के अनुपात में हमारी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित हो, इसको लेकर ठोस निर्णय होगा। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर के नेतृत्व में सभी राजनीतिक दलों के प्रमुखों से टीम मिलेगी और अपनी दावेदारी रखेगी।

केंद्र और कई राज्यों के प्रतिनिधि

उन्होंने कहा कि दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष जयदत्त क्षीरसागर की अध्यक्षता में होगी। इसमें दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ सहित देश के कई राज्यों से प्रतिनिधि शामिल होंगे। वहीं दूसरे दिन खुला अधिवेशन सत्र -बिहार तेली साहू सम्मेलन होगा। इसका उद्घाटन छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव करेंगे। वही शहरी विकास राज्य मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली तोखन साहू होंगे।

अधिवेशन में इसमें राज्यसभा सांसद डॉ धर्मशिला गुप्ता, राज्यसभा सांसद मदन राठौर, ओबीसी मोर्चा भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता, धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, बांका विधायक रामनारायण मंडल, छपरा विधायक डॉ सी एन गुप्ता, हायाघाट विधायक डॉ रामचंद्र प्रसाद, बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, राष्ट्रीय महामंत्री रामलाल गुप्ता, राष्ट्रीय अपर महामंत्री डॉ. अरुणजी भस्मे, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अमरेंद्र साहू सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं समाजसेवी शामिल रहेंगे। श्री नंदन ने बताया कि देशभर से आने वाले प्रतिनिधियों के स्वागत के लिए एच एन प्रसाद स्वागताध्यक्ष के नेतृत्व में पूरी टीम तैयार है।

## रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने किया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**हाजीपुर।** रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम द्वारा अपनी ग्रामीण सेवा योजनाओं के अंतर्गत हाजीपुर के बिशुनपुर गांव में आज एक विशेष निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन मेदांता सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया जिसमें गांव के सैकड़ों लोगों ने भाग लिया और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। यह शिविर बलवा कोआरी गांव के अंतर्गत आयोजित किया गया जिसे रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम ने हाल ही में गोद लिया है। क्लब की यह पहल गांव के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। शिविर में उपस्थित लोगों को जनरल हेल्थ चेकअप, डॉक्टर परामर्श, बीपी, शुगर, ईसीजी सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। रोटरी क्लब ऑफ पटना मिलेनियम के अध्यक्ष सोनल जैन ने इस अवसर पर बताया हमारा उद्देश्य है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे लोगों को भी उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ हों, ताकि वे समय पर अपनी स्वास्थ्य जांच करा सकें और जागरूक रहें। यह शिविर उसी उद्देश्य की पूर्ति की दिशा में एक कदम है। इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष चिंतन जैन ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए कहा बलवा कोआरी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों को गोद लेकर रोटरी क्लब समाज के उन हिस्सों तक सेवा पहुंचाने का प्रयास कर रहा है जो अक्सर चिकित्सा और अन्य मूलभूत सेवाओं से वंचित रह जाते हैं।

## महिला कांग्रेस बिहार में 25 हजार महिलाओं के बीच सेनेटरी पैड वितरित करेगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** विधायक प्रतिमा कुमारी दास, पूर्व विधायक अमिता भूषण, बिहार कांग्रेस की महिला प्रभारी प्रीति उपाध्याय एवं महिला कांग्रेस की टीम ने कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम पटना में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान महिलाओं के न्याय, विशेषकर आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर प्रकाश डाला। इन नेताओं ने कहा कि जब हम आर्थिक और राजनीतिक न्याय की बात करते हैं तो बिहार की स्थिति अत्यंत गंभीर नजर आती है। बिहार में अभी तक नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे की रिपोर्ट जारी नहीं हुई है, लेकिन कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार बिहार में 80% किशोरियों को सेनेटरी पैड नहीं मिलते हैं। आंकड़ों के अनुसार बिहार के 40,000 स्कूलों में से मात्र 350 स्कूलों में ही सेनेटरी पैड उपलब्ध हैं। यह कार्य बिहार सरकार को करना चाहिए था, लेकिन राहुल गांधी के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय महिला कांग्रेस ने प्रियदर्शिनी उड़ान प्रोजेक्ट के तहत यह जिम्मेदारी उठाई है। इस परियोजना के तहत कांग्रेस द्वारा बेगूसराय, वैशाली में सेनेटरी नैपकिन बनाने की मशीनें स्थापित की गई हैं। राहुल गांधी जी के जन्मदिन के अवसर पर महिला कांग्रेस बिहार में 25,000 महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित करेगी।

## डा. अनुग्रह नारायण सिन्हा की जयंती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विभूति डा. अनुग्रह नारायण सिंह की 138वीं जयन्ती प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम की अध्यक्षता में मनायी गयी। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने डा. अनुग्रह बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि अनुग्रह बाबू स्पष्ट वक्ता थे तथा सादा जीवन उच्च विचार की प्रतिमूर्ति थे। उनका दरवाजा गरीबों, पिछड़ों तथा असहायों के लिये हमेशा खुला रहता था। स्वतंत्रता आन्दोलन के संग्राम में महात्मा गांधी के नेतृत्व में डा. राजेन्द्र प्रसाद, स्व. ब्रजकिशोर प्रसाद, मौलाना मजहरूल हक, डा. श्रीकृष्ण सिंह जैसे नेताओं के साथ अनुग्रह बाबू ने कंधे-से-कंधे मिलाकर देश की स्वाधीनता की लड़ाई लड़ी। राजेश राम ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के बाद बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डा. श्रीकृष्ण सिंह के साथ डा. अनुग्रह नारायण सिंह बिहार के विकास की नींव रखी। आज कृतज्ञ राज्य अनुग्रह बाबू के योगदान को स्मरण कर उनके चरण में शत-शत नमन कर रहा है। इसके पूर्व डा. अनुग्रह नारायण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जयंती समारोह में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के अलावे विधान पार्षद डा. समीर कुमार सिंह, प्रतिमा कुमारी दास, मोती लाल शर्मा, जमाल अहमद भल्लू, संजीव सिंह, कपिलदेव प्रसाद यादव, डा. संजय यादव, ज्ञान रंजन, रवि कुमार ने अनुग्रह बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## यूट्यूबर मनीष कश्यप 23 जून को थामेंगे जनसुराज का दामन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए और महागठबंधन की जंग के बीच जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर भी पूरी जोर आजमाइश में लगे हुए हैं। ऐसे में जन सुराज पार्टी एनडीए से नाराज नेताओं का सेफ हाउस बनती जा रही है। हाल-फिलहाल में एनडीए से नाराज तमाम नेताओं ने जन सुराज का दामन थामा है। अब खबरों के मुताबिक, भोजपुरी सिनेमा के पॉवरस्टार पवन सिंह और यूट्यूबर मनीष कश्यप दोनों जल्द ही जन सुराज की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। हाल ही में भाजपा छोड़ने वाले मनीष कश्यप 23 जून को औपचारिक रूप से जनसुराज का दामन थामेंगे और 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में चनपाटिया सीट से जनसुराज के टिकट पर चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि मनीष कश्यप ने भाजपा छोड़ने की घोषणा जून 2025 में एक फेसबुक लाइव के दौरान की थी जिसमें उन्होंने पार्टी में अपनी उपेक्षा का हवाला दिया था। इसके बाद उनकी जनसुराज के उपाध्यक्ष यदुवंश गिरी से मुलाकात की तस्वीरें वायरल हुईं जिसने उनके अगले सियासी कदम की अटकलों को हवा दी। मनीष कश्यप चनपटिया विधानसभा सीट से प्रबल दावेदार हैं। हालांकि यह सीट 2000 से भाजपा का गढ़ रही है। 2020 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के उमाकांत सिंह ने 83,828 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी जबकि मनीष कश्यप ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में 9,239 वोटों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था। अब जनसुराज के टिकट पर मनीष का चुनाव लड़ना भाजपा के लिए बड़ी चुनौती पेश कर सकता है। बता दें कि मनीष कश्यप ने हाल ही में लखनऊ जाकर अभिनेता पवन सिंह से मुलाकात की थी। चर्चा है कि पवन सिंह भी जल्द ही जनसुराज का दामन थाम सकते हैं। बता दें कि पवन सिंह ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले भाजपा से बागी हो गए थे।

## भाजपा ने प्रशांत किशोर के खिलाफ दर्ज करायी प्राथमिकी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सूबे में जारी सियासी हलचल के बीच जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की मुश्किलें बढ़ती दिख रही है। भाजपा ने प्रशांत किशोर के खिलाफ साइबर क्राइम थाना में आवेदन दे कर प्राथमिकी दर्ज कराया है। भाजपा का आरोप है कि प्रशांत किशोर ने अपने राजनीतिक फायदे के लिए भाजपा का एक फर्जी फेसबुक पेज बनाया है जिसका उपयोग वे अपने प्रचार-प्रसार के लिए कर रहे हैं। भाजपा ने इसे नियमों के उल्लंघन और राजनीतिक अनुशासन के खिलाफ बताया है और इसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। साइबर सेल ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक फर्जी अकाउंट्स की जांच में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से डेटा मांगा गया है। बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल का दावा है कि प्रशांत किशोर के इशारे पर बिहार भाजपा की फर्जी आईडी बनाकर सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें चल रही हैं और प्रचार किया जा रहा है। दिलीप जायसवाल ने पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि प्रशांत किशोर घटिया राजनीति पर उतर आए हैं। वे बिहार भाजपा की छवि खराब करने के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसी साजिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जायसवाल ने इसे लोकतंत्र के लिए खतरा बताते हुए साइबर सेल से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने साइबर थाने में शिकायत दे दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि प्रशांत किशोर या उनके समर्थक इस फर्जी पेज को तुरंत बंद नहीं करते हैं तो भाजपा कानून के तहत सख्त कदम उठाएगी। जायसवाल ने बताया कि यह मामला केवल एक पेज तक सीमित नहीं है, बल्कि लगभग एक दर्जन से अधिक फर्जी पेज बनाए गए हैं जिनका इस्तेमाल भाजपा की छवि को नुकसान पहुंचाने और पार्टी विरोधी बयान फैलाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने इस तरह के फर्जीवाड़े को नैतिक और राजनीतिक तौर पर अस्वीकार्य करार देते हुए कहा कि यह न केवल चुनाव प्रक्रिया की शुद्धता के लिए खतरा है, बल्कि लोकतंत्र की भावना के भी खिलाफ है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा पूरी तरह से तैयार है और आवश्यकतानुसार कड़ी कानूनी कार्रवाई करेगी ताकि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो। दिलीप जायसवाल ने कहा कि प्रशांत किशोर की रैली जबसे गांधी मैदान में फेल हुई तो उन्होंने और उनके लोगों ने एक नया हथकंडा अपनाया है। उन्होंने कैमरे के सामने उस फेक फेसबुक पेज को दिखाते हुए कहा कि सोशल मीडिया का दुरुपयोग करके नया प्रोपोगंडा फैलाया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या उनका (पीके) का पेज फेल हो गया जो भाजपा बिहार के पेज पर अपना प्रचार करने की जरुरत पड़ रही है। जायसवाल ने दावा किया है कि ऐसे 18 फर्जी अकाउंट बनाए गए हैं जिसमें 4 पेज हैं और 14 अकाउंट बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जहां ईमानदारी की बात राजनीति में कहते हैं वहां शुरू ही ये लोग फर्जीवाड़े कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का पेज केवल प्रदेश अध्यक्ष या पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के ही आदेश पर बनाया जा सकता है।

## संपादकीय

# युद्ध के चलते 12 करोड़ से ज्यादा लोग बेघर

आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या पिछले वर्ष के अंत में नौ फीसद से बढ़ कर 7.35 करोड़ हो गई है। गृहयुद्ध से जूझ रहा सूडान तो दुनिया के सबसे बड़े विस्थापन संकट का केंद्र बन गया है, जहां संघर्ष के कारण 1.4 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। सीरिया एक दशक से अधिक समय से गृहयुद्ध झेल रहा है, जिस कारण वहां भी बड़ी संख्या में लोगों को विस्थापन का दर्द झेलना पड़ रहा है। अपना घर-बार छोड़ कर दूसरी जगह ठिकाना तलाशने की मजबूरी जीवन की डगर को और कठिन बना देती है। ऐसे लोगों के पास विस्थापन का दर्द झेलने के अलावा और कोई विकल्प नहीं रह जाता है। यह किसी एक देश की बात नहीं है, बल्कि दुनिया भर में विभिन्न कारणों से विस्थापित होने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजंसी की एक रपट के मुताबिक, दुनिया में जबरन विस्थापितों का आंकड़ा 12.2 करोड़ से अधिक हो गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 20 लाख अधिक है और बीते दशक की अपेक्षा लगभग दोगुना है। संयुक्त राष्ट्र की रपट में कहा गया है कि लोगों के विस्थापन के लिए युद्ध, आंतरिक हिंसा और उत्पीड़न मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। गौरतलब है कि वर्तमान में दुनिया में मुख्य रूप से दो मोर्चों पर आमने-सामने का युद्ध हो रहा है, वह है रूस-यूक्रेन और इजराइल-हमास। रूस और यूक्रेन के बीच तो लंबे समय से संघर्ष चल रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोग हताहत भी हुए हैं। निकट भविष्य में इस युद्ध का अंत होने के आसार अभी नजर नहीं आ रहे हैं। इस कारण यूक्रेन में 88 लाख लोगों को अपना घर-बार व जमीन-जायदाद छोड़ कर दूसरी जगह जाना पड़ा है। वहीं, इजराइल-हमास के बीच युद्ध में ईरान का हस्तक्षेप भी किसी से छिपा नहीं है। दूसरी ओर, सीरिया एक दशक से अधिक समय से गृहयुद्ध झेल रहा है, जिस कारण वहां भी बड़ी संख्या में लोगों को विस्थापन का दर्द झेलना पड़ रहा है। रपट के मुताबिक, आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों की संख्या पिछले वर्ष के अंत में नौ फीसद से बढ़ कर 7.35 करोड़ हो गई है। गृहयुद्ध से जूझ रहा सूडान तो दुनिया के सबसे बड़े विस्थापन संकट का केंद्र बन गया है, जहां संघर्ष के कारण 1.4 करोड़ से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। यह सीरिया के 1.35 करोड़ विस्थापितों से अधिक हैं। इसके अलावा अफगानिस्तान में एक करोड़ से अधिक लोगों को जबरन विस्थापित किया गया है। हालांकि, इस मामले में भारत की स्थिति में कुछ सुधार हुआ है। जिनेवा स्थित आंतरिक विस्थापन निगरानी केंद्र की एक हालिया रपट के मुताबिक, भारत में वर्ष 2024 में हिंसा के कारण 1,700 लोग विस्थापित हुए, जो 2023 में विस्थापित लोगों की संख्या से कम हैं।

**ईरान को परमाणु ताकत बनने से रोकने के लिए ईरान व इस्राइल के बीच जारी भीषण जंग के बीच यह दूर की कौड़ी लग सकती है, लेकिन असंभव नहीं है। हालात जिस दिशा में मोड़ ले रहे हैं, उससे लगता है कि आने वाले समय में पाकिस्तान भी इस्राइल के निशाने पर आ सकता है। इसका कारण है पाकिस्तान परमाणु अस्त्र सम्पन्न देश होना, पाक सरकार द्वारा परमाणु अप्रसार संधि पर दस्तखत न करना, परमाणु अस्त्रों के प्रथम प्रयोग न करने का ऐलान न करना तथा पाकिस्तान द्वारा इस्लामिक कट्टरपंथियों को खुले आम समर्थन देना, जो सारी दुनिया के लिए खतरा बने हुए हैं। पाकिस्तान, भारत सहित दुनिया के उन नौ देशों में शुमार है, जिनके पास परमाणु ताकत है और परमाणु अस्त्र भी हैं।**

# क्या ईरान के बाद पाकिस्तान भी लपेटे में आएगा?

(अजय बोकिल)

सोशल मीडिया पर ईरानी सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी जनरल रेजाई का बयान वायरल हुआ, जिसमे उन्होंने कहा कि अगर इस्राइल ने ईरान पर एटम बम डाला तो बदले में पाकिस्तान इस्राइल पर परमाणु हमला कर देगा।

ईरान को परमाणु ताकत बनने से रोकने के लिए ईरान व इस्राइल के बीच जारी भीषण जंग के बीच यह दूर की कौड़ी लग सकती है, लेकिन असंभव नहीं है। हालात जिस दिशा में मोड़ ले रहे हैं, उससे लगता है कि आने वाले समय में पाकिस्तान भी इस्राइल के निशाने पर आ सकता है। इसका कारण है पाकिस्तान परमाणु अस्त्र सम्पन्न देश होना, पाक सरकार द्वारा परमाणु अप्रसार संधि पर दस्तखत न करना, परमाणु अस्त्रों के प्रथम प्रयोग न करने का ऐलान न करना तथा पाकिस्तान द्वारा इस्लामिक कट्टरपंथियों को खुले आम समर्थन देना, जो सारी दुनिया के लिए खतरा बने हुए हैं।

पाकिस्तान, भारत सहित दुनिया के उन नौ देशों में शुमार है, जिनके पास परमाणु ताकत है और परमाणु अस्त्र भी हैं। पाकिस्तान ने जब भारत की प्रतिस्पर्द्धा में परमाणु विस्फोट कर खुद को एटमी ताकत घोषित किया तब सबसे ज्यादा खुशी ईरान जैसे उन इस्लामिक देशों को हुई, जो खुद भी एटम बम बनाने की कोशिश में लंबे समय से लगे हुए थे इस प्रौद्योगिकी में यूरोपीय देशों का एकाधिकार तोड़ना चाहते थे।

इस्राइल हमेशा से इसे अपने अस्तित्व पर खतरा मानता आया है और उसके ईरान की ऐसी कोशिशों को ध्वस्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उधर पाक का एटम बम बनाने वाले परमाणु वैज्ञानिक डॉ. अब्दुल कादिर खान थे, जो कभी भोपाल से ही पाकिस्तान गए थे। उन्हें पश्चिमी देशों ने 'परमाणु जिहादी' कहा। हालांकि बाद में कादरी की भी पाक में बेकदरी हुई, वो अलग बात है।

पाकिस्तान द्वारा नीदरलैंड से चुराई तकनीक के जरिए जो परमाणु विस्फोट किया गया, उसे अमेरिका व पश्चिमी देशों ने इस्लामिक बम का नाम दिया, क्योंकि यह दुनिया के ज्यादातर मुस्लिम देशों की परमाणु शक्ति बनने की महत्वाकांक्षा का प्रतिनिधित्व करता था। परमाणु बम की ताकत ने ही पाकिस्तान में मुस्लिम देशों का चौधरी बनने की हसरत जगाई। इस बीच ईरान भी परमाणु शक्ति बनने की पूरी कोशिश कर रहा था, जो अमेरिका, इस्राइल और अन्य पश्चिमी देशों को कतई मंजूर नहीं था। इसके पीछे डर इस बात का है कि ईरान ने कट्टरपंथी इस्लाम को निर्यात करने तथा उसे पोसने के लिए तीन बड़े कट्टरपंथी संगठन खड़े किए और उन्हें शक्ति सम्पन्न बनाया। ये कई देशों की सत्ता के लिए खतरा बन गए।

यह आशंका गहराने लगी कि कहीं ईरान परमाणु ताकत बन गया तो एटम बम जैसा महाविनाशक हथियार आतंकियों के हाथ लग सकता है।

अगर ऐसा हुआ तो उसका गैर जिम्मेदाराना तरीके से क्षुद्र स्वार्थों के लिए दुरूपयोग हो सकता है। इस बात की पक्की गारंटी नहीं है कि पाक का परमाणु कार्यक्रम व हथियार पूरी तरह सुरक्षित हाथों में हैं। इसीलिए अमेरिका और इस्राइल ईरान को भी तहस नहस कर दे रहे हैं कि वो परमाणु शक्ति के गलत उपयोग न करने



की गारंटी नहीं दे रहा। हालांकि यह एकतरफा दादागिरी भी है।

वैसे ईरान और पाकिस्तान मुस्लिम देश होने के बाद भी दोनो में बहुत ज्यादा भाई चारा नहीं रहा, क्योंकि ईरान शिया मुसलमान बहुल देश है और पाकिस्तान सुन्नी बहुल। ईरान में सुन्नी और पाकिस्तान में शिया अल्पसंख्यक घोषित हैं और भेदभाव के शिकार हैं। लेकिन अब अचानक पाकिस्तान और ईरान के बीच भाईचारा बढ़ गया है तो इसका कारण शेर का अंदेशा है। पाक नेताओं ने कहा कि ईरान हमारा मुस्लिम भाई है। इस युद्ध में हम उसकी पूरी तरह मदद करेंगे।

ताजा बवाल तब मचा जब सोशल मीडिया पर ईरानी सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी जनरल रेजाई का बयान वायरल हुआ, जिसमे उन्होंने कहा कि अगर इस्राइल ने ईरान पर एटम बम डाला तो बदले में पाकिस्तान इस्राइल पर परमाणु हमला कर देगा।

इसके पहले इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा एक इंटरव्यू में सार्वजनिक रूप से कसम खाई थी कि वो ईरान और पाकिस्तान के परमाणु बमों को तबाह करके रहेंगे। उन्होंने कहा था कि हमारा सबसे बड़ा मिशन उग्रवादी इस्लामी शासन को परमाणु हथियार पाने से रोकना है। परमाणु हथियार इन आतंकी शासन के हाथों में नहीं जाना चाहिए। चाहे वो ईरान हो या फिर पाकिस्तान। इन कट्टरपंथियों के पास परमाणु हथियार होंगे तो डर है कि वो इनसे जुड़े नियमों का पालन नहीं करेंगे। जनरल मोहसिन रेजाई के बयान के बाद पाकिस्तान के हाथ पैर फूल गए और उसने अधिकृत तौर पर कहा कि पाकिस्तान का एटम बम स्वदेश की रक्षा के लिए है, किसी और पर डालने के लिए नहीं है।

हमने कभी भी इस्राइल पर एटम बम डालने की धमकी नहीं दी। पाकिस्तान के इस यू टर्न को ईरान की 'हर तरह से मदद' के वादे के खिलाफ माना जा रहा है। यही नहीं उसने ईरान के साथ अपनी सीमा भी बंद कर दी है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि जनरल रेजाई का यह बयान कब का है।

वैसे पाकिस्तान फिलीस्तीनियों को अपने नैतिक समर्थन के चलते इस्राइल से दूरी बनाता आया है। उसके इस्राइल के साथ कूटनीतिक रिश्ते भी नहीं हैं। फिलिस्तीनियों को भी पाकिस्तान का समर्थन मुख्य रूप से इसलिए है, क्योंकि वो मुसलमान हैं। अब पाकिस्तान को डर यह है कि अगर ईरान एपीसोड खत्म हो गया तो आगे क्या होगा? संभव है कि ईरान या तो दबाव में अमेरिका के साथ परमाणु डील पर दस्तखत कर दे या फिर अमेरिका और इस्राइल मिलकर ईरान में कट्टरपंथी खोमेनेई सरकार का तख्ता पलट दें। यद्यपि यह बहुत आसान नहीं है।

यह इस बात पर निर्भर है कि ईरानी जनता क्या चाहती है? संभव है कि इस काम में अमेरिका में पाकिस्तान की मदद भी मांगे, जिससे मुकरना पाक के लिए बहुत कठिन है। अगर ईरान में अमेरिका समर्थक सरकार कायम हो गई तो अगला लक्ष्य पाकिस्तान ही होगा, जिसके पास परमाणु बम हैं और वो जब तब भारत को इसकी धमकी देता रहता है। पाक के पास 170 परमाणु बम हैं, जबकि ईरान तो इसे बनाने की कोशिश में ही मारा गया।

हालांकि भारत ने भी ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देकर पाक को उसकी औकात बता दी है। लेकिन खतरा अभी भी बदस्तूर है कि पाक का परमाणु कभी भी उन आतंकियों के हाथ में जा सकता है, जिन्हें ईरान की तरह उसने पाल रखा है। यह बात न तो इस्राइल से और न ही अमेरिका से छिपी है। भारत तो दुनिया को यह बात शुरू से बताता रहा है।

लिहाजा इस बात की पूरी संभावना है कि ईरान प्रकरण निपटते ही अगला टारगेट पाकिस्तान का परमाणु कार्यक्रम हो। इसके लिए भूमिका बननी शुरू हो जाएगी। पाक के परमाणु कार्यक्रम को लेकर शंकाओं के कुछ ठोस कारण हैं। पहला तो पाकिस्तान में कमजोर नागरिक सरकार है, जो फौज के दबाव में काम करती है और खुद फौज आंतकियों को खुले आम प्रश्रय दे रही है। दूसरे, पाक ने 1968 की परमाणु अप्रसार संधि ( एनपीटी) पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

इस संधि पर दुनिया के 191 देशो के दस्तखत हैं। भारत सहित 9 देशों ने इससे दूरी इस आधार पर बनाई है कि यह संधि भेदभावपूर्ण और न्यायसंगत नहीं है। लेकिन भारत ने परमाणु हथियारों के मामले में 'नो फर्स्ट यूज' घोषणा की हुई है, जिसका अर्थ यह है कि भारत कभी भी युद्ध की स्थिति में पहले परमाणु बम का उपयोग नहीं करेगा। लेकिन परमाणु हमला हुआ तो उसी शैली में जवाब देगा। ऐसी ही घोषणा चीन ने भी की हुई है। लेकिन पाकिस्तान ने नहीं की है। यह रवैया उसके गैर जिम्मेदार परमाणु शक्ति होने की ओर इंगित करता है और इस्राइल इसे मुद्दा बना सकता है। यह लेखक के निजी विचार हैं।

# ईरान-इजरायल युद्ध का भारत पर क्या असर पड़ेगा?

(सुधांशु माहेश्वरी)

ईरान और इजरायल के बीच में भीषण युद्ध शुरू हो चुका है, दोनों तरफ से लगातार हमले हो रहे हैं, मिसाइलें दागी जा रही हैं और कई लोगों की मौत भी हुई है। अब मिडल ईस्ट में चल रहा यह युद्ध सिर्फ दो देशों के बीच में नहीं है बल्कि इसका व्यापक असर पूरी दुनिया पर पड़ने वाला है। यहां सरल शब्दों में समझने की कोशिश करते हैं कि ईरान-इजरायल युद्ध का भारत पर क्या असर पड़ेगा, 5 पॉइंट में



चुनौतियां जानते हैं-

**चुनौती नंबर 1- हवाई सफर होगा महंगा-** ईरान-इजरायल युद्ध की वजह से सबसे बड़ा असर तो यह रहेगा कि तुरंत हवाई सफर महंगा हो जाएगा। यहां समझना जरूरी है कि इस समय पाकिस्तान का एयरस्पेस भारत के लिए बंद चल रहा है। इसके ऊपर अब इराक और ईरान का एयरस्पेस भी बंद हो चुका है। ऐसे में भारत का जो भी विमान यूरोप, अमेरिका या फिर कनाडा के लिए जाएगा, उसे लंबी दूरी तय करनी पड़ेगी। अब जब दूरी बढ़ेगी तो उससे यात्रियों का ट्रैवल टाइम तो बढ़ेगा ही, इसके साथ-साथ विमान का किराया भी ज्यादा हो जाएगा।

**चुनौती नंबर 2- आयात बिल में इजाफा-** ईरान-इजरायल का युद्ध जब से शुरू हुआ है, क्रूड के दामों में भी आग लगी है। सिर्फ दो दिन के आंकड़े बता रहे हैं की क्रूड के दाम 15त्न तक बढ़ चुके हैं। जानकार मानते हैं कि अगर ईरान-इजरायल की जंग ऐसे ही जारी रही तो क्रूड के दाम 8 से 9 फ़ीसदी और ज्यादा बढ़ सकते हैं। इस स्थिति में भारत के आयात बिल बढ़ जाएगा। इतना जरूर कहा जा रहा है की शॉर्ट टर्म में भारत पर इतना असर ना पड़े।

**चुनौती नंबर 3- पेट्रोल के दामों पर असर-** असल में हौरमज की एक जलसंधि है जो उत्तर में ईरान और दक्षिण में अरब से लगी हुई है। यहां से दुनिया का 20 फ़ीसदी तेल का व्यापार पिछले लंबे समय से हो रहा है। लेकिन अगर इस युद्ध की वजह से इस रास्ते में किसी भी तरह की बाधा आती है, उस स्थिति में इराक, सऊदी अरब और यूएई से आने वाली तेल सप्लाई बाधित हो जाएगी। उस स्थिति में भारत के लिए आयात करना मुश्किल होगा और जितना आयात मुश्किल होगा, पेट्रोल-डीजल के दाम भी उतने ही बढ़ जाएंगे।

**चुनौती नंबर 4- रुपया होगा कमजोर-** जानकार मानते हैं अगर ईरान-इजरायल का युद्ध जल्दी नहीं थमा तो उस स्थिति में डॉलर की डिमांड ज्यादा बढ़ेगी। लोगों उसे सेफ हेवन असेट के रूप में देखेंगे। ऐसा होने पर सीधे-सीधे भारत के रुपए पर दबाव बढ़ जाएगा और अगर रुपए पर दबाव बढ़ा तो देश का ट्रेड डिफिसिट और करंट अकाउंट डिफिसिट भी प्रभावित हो जाएगा। अब अगर रुपए की वैल्यू कम होती है तो उस वजह से आयोजित चीजें और ज्यादा महंगी हो जाती हैं।

**चुनौती नंबर 5- कामगारों के लिए संकट-** असल में भारत से करीब एक करोड़ लोग खाड़ी देशों में काम करने के लिए जाते हैं। बात अगर पिछले साल की करें तो इन्हीं कामगारों ने भारत में 45 अरब डॉलर रुपए भेजे थे जो देश की अर्थव्यवस्था के लिए काफी फायदेमंद रहे, लेकिन अगर युद्ध और भीषण होता है तो उस स्थिति में इन एक करोड़ कामगारों के काम पर संकट आएगा और उसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा।

# मोदी युग में सांस्कृतिक पुनर्जागरण

**गजेन्द्र सिंह शेखावत**

जनवरी 2024 में, जब पावन नगरी अयोध्या में सूर्योदय हुआ। सदियों से लुप्त हो चुकी प्रार्थना अब आखिरकार गुंजायमान होने लगी थी। श्री राम की अपने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महज एक धार्मिक उपलब्धि नहीं थी। यह सभ्यता के उद्धार का क्षण था। सदियों के आक्रमण, औपनिवेशिक विकृति और राजनीतिक देरी के बाद, मंत्रों से गूंजता हुआ और इतिहास के स्पंदन सहित, बलुआ पत्थर में उकेरा गया यह मंदिर शान से खड़ा था। यह सिर्फ वास्तुकला के बारे में नहीं था, यह एक घायल आत्मा के उपचार के बारे में था। श्री राम की अपनी जन्मभूमि पर वापसी ने उस राष्ट्र की आस्था को फिर से जागृत कर दिया, जिसने लंबे समय तक अपने दिल में निर्वासन की खामोशी को समेटे रखा था।

कुछ महीने पहले, भारत की प्राचीन आस्था का एक और प्रतीक चुपचाप अपने सही स्थान पर लौट आया। नई संसद के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने सेंगोल को स्थापित किया। यह एक पवित्र राजदंड है, जिसे 1947 में तमिल अधीनमों ने सत्ता के धार्मिक हस्तांतरण को चिह्नित करने के लिए जवाहरलाल नेहरू को भेंट किया था। दशकों से, इसे भुला दिया गया था, समुचित स्थान से वंचित किया गया, और एक प्रचलित राजदंड के तौर पर खारिज कर दिया गया था। इसकी स्थापना केवल स्मरण का कार्य नहीं था - यह एक शक्तिशाली घोषणा थी कि भारत अब खुद को उधार की आंखों से नहीं देखेगा। सेंगोल ने साम्राज्य के अवशेषों का नहीं, बल्कि धार्मिकता पर आधारित शासन का प्रतिनिधित्व किया। यह भारत की अपनी राज्य कला और आध्यात्मिक परंपराओं का एक महत्वपूर्ण आलिंगन था, जिसे उपनिवेशवाद के बाद के क्रम में लंबे समय तक नजरअंदाज किया गया था।

इतना ही नहीं, इन क्षणों ने एक गहरे सांस्कृतिक पुनर्जागरण का संकेत दिया। यह एक सभ्यतागत गतिविधि के तौर पर ग्यारह परिवर्तनकारी वर्षों में सामने आएगी।

2014 में शुरू से ही यह स्पष्ट था कि मोदी सरकार के तहत संस्कृति अब सजावटी नहीं रहेगी, बल्कि यह मूलभूत होगी। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पहली बार 2015 में मनाया गया था। अब दुनिया भर में लाखों लोगों को एक प्राचीन भारतीय परंपरा का जश्न मनाते देखा जा रहा है, जो शरीर, मन और आत्मा को आपस में जोड़ता है। योग केवल एक स्वास्थ्य संबंधी दिनचर्या भर नहीं है, बल्कि यह पिछले कुछ वर्षों में भारत का सबसे बड़ा सांस्कृतिक निर्यात भी बन गया है।

आयुष मंत्रालय के माध्यम से पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों के पुनरुद्धार को संस्थागत बल दिया गया। इसके परिणामस्वरूप आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी को राष्ट्रीय और वैश्विक मंचों पर पहुंचने में मदद मिली। समानांतर रूप से, सरकार ने संस्कृत, तमिल, पाली और प्राकृत जैसी शास्त्रीय भाषाओं को संरक्षित करने, पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने और उस्ताद एवं हमारी धरोहर जैसी योजनाओं के तहत लुप्तप्राय लोक कलाओं और शिल्पों का समर्थन करने के लिए मिशन शुरू किए।

भारत की ऐतिहासिकों इमारतों में भी नई जान आ गई। 2018 में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अनावरण केवल व्यापकता के बारे में नहीं था, बल्कि एक गाथा को पुनः प्रतिष्ठित करने जैसा था। सरदार वल्लभभाई पटेल लंबे समय से ओझल हो रहे थे। उनको राष्ट्रीय स्मृति में सबसे आगे रखा गया। राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करना एक निर्णायक बदलाव का प्रतीक था। यह औपनिवेशिक प्रतीकवाद से देशी जवाबदेही की ओर बदलाव का भी प्रतीक था।

तमिलनाडु के महाबलीपुरम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति श्री शी जिनपिंग के बीच 2019 की अनौपचारिक शिखर वार्ता की तुलना में शायद कोई भी कूटनीतिक वार्ता इस बदलाव को बेहतर तरीके से नहीं दर्शाती है। दिल्ली के गलियारों से दूर, प्राचीन बंदरगाह का नगर, जो कभी पल्लव राजवंश और भारत-चीनी समुद्री संबंधों का एक संपन्न केंद्र होने के साथ-साथ दो सभ्यताओं के बीच वार्ता की पृष्ठभूमि बन गया। जब नेता चट्टानों को काटकर बनाए गए मंदिरों और पत्थर के रथों के बीच चले, तो भारत ने न केवल भूगोल, बल्कि इतिहास और न केवल प्रोटोकॉल, बल्कि विरासत को भी प्रस्तुत किया। यह अपने सबसे सूक्ष्म और सबसे मजबूत रूप में सॉफ्ट पावर था।

यह सांस्कृतिक लोकाचार अन्य तरीकों से भी भारत की वैश्विक कूटनीति में प्रवाहित हुआ। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व के नेताओं को राजकीय उपहार के तौर पर पट्टचित्र पेंटिंग से लेकर बच्चों के लिए लाख के खिलौने भेंट किए गए, जो अपने साथ भारत के कारीगरों और कालातीत परंपराओं के संदेश लेकर गए।

2023 में जी-20 की अध्यक्षता एक और सांस्कृतिक उपलब्धि साबित हुई। दिल्ली के डिप्लोमेटिक हॉल तक सीमित न रहकर, यह शिखर सम्मेलन सांस्कृतिक पहचान का अखिल भारतीय उत्सव बन गया। आदिवासी कला प्रदर्शनों से लेकर शास्त्रीय प्रदर्शनों तक, भारत ने न केवल अपनी नीतिगत गहराई, बल्कि अपनी आत्मा का भी प्रदर्शन किया। हर प्रतिनिधिमंडल भारत के रंगों, व्यंजनों, शिल्प और चेतना में डूबा हुआ था। संदेश स्पष्ट था- भारत भूतकाल की सभ्यता नहीं है - यह जीवंत, सशक्त और आत्मविश्वास से परिपूर्ण वैश्विक सभ्यता है।

इन वर्षों के दौरान, 600 से अधिक चोरी की गई कलाकृतियां विदेशी संग्रहालयों और संग्रहकर्ताओं से वापस लाई गईं, जिनमें मूर्तियां, शिलालेख और पांडुलिपियां शामिल हैं। इनमें से प्रत्येक की वापसी न केवल कला की बल्कि सम्मान की बहाली थी। इसी तरह, गुरु गोविंद सिंह के वीर शहजादों की शहादत को याद करने के लिए वीर बाल दिवस की स्थापना की गई, जबकि जनजातीय गौरव दिवस ने आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को राष्ट्रीय केन्द्र में लाया।

महामारी भी सांस्कृतिक लौ को मद्धिम नहीं कर पाई। वर्चुअल कॉन्सर्ट, डिजिटल म्यूजियम टूर और मन की बात के माध्यम से, प्रधानमंत्री ने सुनिश्चित किया कि कला, कहानियां और सांस्कृतिक गौरव लॉकडाउन के एकांत में भी पुष्पित-पल्लवित होते रहें।

विकास भी, विरासत भी के नारे जैसे अभियान में ये सभी समाहित हो गए। यह एक आह्वान है जो आर्थिक विकास को सांस्कृतिक गौरव के साथ-साथ चलने पर जोर देता है। मोदी सरकार के तहत, यह नारा केवल बयानबाजी नहीं था। इसने एक नई दृष्टि को परिभाषित किया। एक दृष्टि, जिसमें जीडीपी वृद्धि, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और रक्षा आधुनिकीकरण, मंदिर जीर्णोद्धार, आदिवासी गौरव और सभ्यता की गाथा समाहित थे।

भारत आज अपनी पहचान के इर्द-गिर्द नहीं घूमता। बिना किसी पछतावें और आत्मविश्वास से परिपूर्ण होकर यह आगे बढ़ता है। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद प्रगति की बाध्यकारी शक्ति के रूप में उभरा है, जिसे कभी प्रतिगामी के रूप में खारिज कर दिया गया था। भाजपा के वैचारिक कम्पास में, संस्कृति केवल एक सहायक भर नहीं है, बल्कि धुरी है।

इन ग्यारह सालों में मोदी युग ने केवल सांस्कृतिक नीति को ही ध्यान में नहीं रखा है, बल्कि इसने सांस्कृतिक चेतना को भी जागृत किया है। जो पुनर्स्थापना के तौर पर शुरू हुआ था, वह पुनरुत्थान बन गया। जिन्हें कभी अतीत की स्मृतियों के तौर पर उपेक्षित किया जाता था, वे सभी अब राष्ट्रीय पहचान के केंद्र बन गए हैं।

राम मंदिर और सेंगोल हमेशा सांकेतिक प्रतीक बने रहेंगे, लेकिन विरासत की गहराई सामूहिक अहसास में निहित है। भारत का भविष्य तब सबसे उज्ज्वल होगा, जब वह याद रखेगा कि वह कहां से आया है। हम सिर्फ एक लंबा इतिहास वाला देश नहीं हैं, बल्कि हम एक लंबी स्मृति वाली जीवित सभ्यता हैं। और उस स्मृति में, धर्म की निगरानी में, भारत ने फिर से अपनी आवाज पाई है।

**( लेखक केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री है)**

# योजनाओं के लाभ से सबल हो रहे ग्रामीण: उपायुक्त

**धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत सुदूरवर्ती पंचायत डगरा एवं रंगेया में लगा शिविर • पाटन के सेमरी में भी शिविर के माध्यम से लोगों को मिला लाभ**

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से 15 से 30 जून 2025 तक राष्ट्रव्यापी जागरूकता और लाभ अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति/आदिम जनजाति लाभुकों को सरकार की लाभकारी योजनाओं से जोड़ने एवं सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज पलामू जिले के सुदूरवर्ती पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से अनुसूचित जनजाति/आदिम जनजाति परिवारों को लाभ पहुंचाये गये। उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया। साथ ही योजनाओं को लेकर जागरूक किया गया, ताकि भविष्य में भी वे अपने हक-अधिकार के लिए आगे आएं। पलामू जिला प्रशासन की ओर से नौडीहा बाजार प्रखंड के सुदूरवर्ती डगरा पंचायत सचिवालय भवन में लगाये गये शिविर में डगरा, रतनाग एवं चौखड़ा के ग्रामीणों ने भाग लिया और योजनाओं का लाभ लिया। शिविर में स्थानीय मुखिया, प्रखंड






कल्याण पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार आदि उपस्थित थे। मनातू प्रखंड के रंगेया पंचायत सचिवालय भवन में लगाये गये शिविर में चुनका, तोरियाडीह, रंगेया, राजखेता, गिरसिरी एवं कुंडीलपुर के ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकार की योजनाओं को बारिकी से समझा। वहीं कई ग्रामीणों ने अपना आधार अद्यतन कराया। वहीं आयुष्मान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। साथ ही प्रधानमंत्री किसान निधि योजना से अच्छादित हुए। शिविर में मुखिया कुसमी देवी, मनातू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी राज कुंवर, अंचल अधिकारी मदन कुमार सुमन, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गौतम प्रसाद कश्यप आदि उपस्थित थे। पाटन प्रखंड के सेमरी पंचायत सचिवालय भवन में भी शिविर का आयोजन किया गया। यहां आधार कार्ड, राशन कार्ड, आय, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड संबंधी कार्यो का निष्पादन किया गया। वहीं ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ दिया गया। शिविर में मुखिया सुमतर देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा, पंचायत सचिव, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजीत कुमार मिश्रा, बीएओ राजेश पाठक, राजस्व उप निरीक्षक कन्हैया राम सहित अन्य कर्मी उपस्थित रहकर लोगो को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किया। पलामू उपायुक्त समीरा एस. पलामू वासियों से धरती आबा जन भागीदारी अभियान का लाभ लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी संबंधित प्रखंडों के पंचायतों में पहुंचकर योग्य एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे रहे हैं। योजनओं के लाभ से व्यक्ति सबल हो रहे हैं।

**19 जून को यहां आयोजित होंगे शिविर**

धरती आबा जान भागीदारी अभियान के तहत 19 जून 2025 को पांकी प्रखंड के मदन, नावा बाजार के कुंभी कला, मेदिनीनगर सदर प्रखंड के सुआ, मनातू प्रखंड के पदमा, छतरपुर के रुदवा एवं रामगढ़ के चोरहट पंचायत भवन में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## धनबाद स्टेशन पर चलाया गया टिकट चेकिंग अभियान

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद मंडल में बड़े पैमाना पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में धनबाद स्टेशन पर धनबाद स्लीपर की एल.आर. चेकिंग स्टाफ तथा धनबाद की महिला चेकिंग दस्ता द्वारा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। यह चेकिंग अभियान सुनियोजित कार्यक्रम के तहत चलाया गया। चेकिंग टीमों द्वारा स्टेशन के प्रत्येक प्रवेश व निकास द्वार तथा मार्गो पर टिकट चेकिंग स्टाफ की इस प्रकार तैनाती की गयी कि प्रत्येक आने-जाने वाले यात्री के टिकट की जांच की जा सके। इसके अलावा विभिन्न मेल/एक्स्प्रेस ट्रेनों में भी चेकिंग किया गया` इस जांच अभियान के परिणामस्वरूप



112 यात्रियों को पकड़ा गया जिसमें बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्री, बिना बुक किये गए सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रीगण शामिल थे` इस दौरान उनसे 54,520 रूपए जुमार्ने के रूप में राशि प्राप्त की गई तथा पकड़ें गए यात्रियों को उचित टिकट के साथ यात्रा करने की कड़ी हिदायत दी गई। धनबाद मंडल, पूर्व मध्य रेल यात्रियों को उचित टिकट के साथ प्लेटफार्म में प्रवेश करने की सलाह देता है तथा यात्रियों के पास जिस श्रेणी का टिकट है उसी श्रेणी में यात्रा करने का अनुरोध करता है।

## नारायण नेशनल हाईवे के पास बुद्ध शक्ति शोरूम का उद्घाटन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पटना के फतुहा स्थित नारायण नेशनल हाईवे के पास बुद्ध शक्ति शोरूम का उद्घाटन किया गया। इस बुद्धा शक्ति शोरूम का उद्घाटन बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया ।इस दौरान बिहार सरकार के मंत्री सुमित सिंह ,रामकृपाल यादव, मंत्री अशोक चौधरी एवं विजय चौधरी भी मौजूद रहे ।अगर इस बुद्ध ग्रुप के बारे में बताया जाए तो यह मुख्य रूप से ट्रक और बस का पूर्वी क्षेत्र का मुख्य और सबसे बड़ा शोरूम है। बुद्धा ग्रुप के प्रबंध निर्देशक परेश कुमार ने बताया कि यह टाटा की कमर्शियल गाड़ियों का सबसे बड़ा सेल्स एवं सर्विस शोरूम है जिसमें सभी ग्राहकों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है ।अगर इस शोरूम की विशेषताओं की बात करें तो यहां 4





टन GVW लोड लेकर 55 टन तक के ट्रक और 20 सीट से लेकर 44 सीट तक के बस का फुल रेंज उपलब्ध है। वही बुद्धा शक्ति के जनरल मैनेजर ने बताया कि बुद्ध शक्ति टाटा मोटर्स के कमर्शियल गाड़ियों बस, ट्रक का बिहार का सबसे बड़ा शोरूम एवं सर्विस सेंटर है। उन्होंने कहा कि सर्विस वर्कशॉप कस्टमर सर्विस के लिए यह वर्कशॉप 24 घंटे 7 दिन खुला रहेगा। जो भी कस्टमर ड्राइवर गाड़ियों की सर्विस के लिए आते हैं तो उनको यहां ठहरने के लिए एक डॉरमेट्री एवं भोजन निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा ।यहां पर 24 गाड़ियों का एक साथ सर्विस करने की सुविधा होगी जो की कमर्शियल रेंज में सबसे बड़ा सर्विस सेंटर है ।इस शोरूम में एक साथ 24 गाड़ियों को सर्विस करने की सुविधा प्राप्त होगी वही हाईवे पर चल रही जो भी गाड़ियां हैं उसके लिए इस शोरूम के सामने ऊर्जा सर्विस सेंटर भी बनाया गया है जो रात को भी बाहर से ले सकते हैं जैसे पेट्रोल पंप जाकर पेट्रोल लेते हैं। इस बुद्ध शक्ति शोरूम की अगर बात करें तो 70 से 100 गाड़ियां स्टॉक हमेशा उपलब्ध रहता है शोरूम की खासियत यह है कि यहां ओरिजिनल स्पेयर पार्ट्स का भरपूर स्टॉक है जो कस्टमर के लिए 24 घंटे सातों दिन उपलब्ध रहता है।बुद्धा शक्ति के जीएम ने बताया कि हम एक्सीडेंटल कवरेज करते हैं और ऑन स्पॉट कस्टमर एवं साइट सर्विस देते हैं जिसके लिए हमारे पास एमएसडब्ल्यू वैन है।

## मौसम विभाग की चेतावनी : खूँटी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश की आशंका

**उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा द्वारा जिलेवासियों से अपील, यथासंभव सुरक्षित स्थानों पर रहें, अनावश्यक यात्रा से बचें।**

**खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मौसम विभाग द्वारा जारी पूवार्नुमान के अनुसार, दिनांक 19 जून 2025 सुबह 08:30 बजे से 20 जून 2025 सुबह 08:30 बजे तक खूँटी जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आइसोलेटेड वेरी हेवी रेनफॉल (अलग-अलग स्थानों पर अत्यंत भारी बारिश) होने की संभावना जताई गई है। इस स्थिति को देखते हुए जलजमाव और फिसलन भरी सड़कों से जुड़े खतरे की आशंका बनी रहती है। उपायुक्त श्रीमती आर. रॉनिटा द्वारा जिलेवासियों से अपील की गई है कि वे यथासंभव सुरक्षित स्थानों पर रहें, अनावश्यक यात्रा से बचें।

## बिहार के नए प्रधान महालेखाकार ने कार्यभार संभाला

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संतोष कुमार, आई.ए. एवं ए.एस. ने 16.06.2025 को प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), बिहार, पटना का कार्यभार संभाला है। श्री कुमार ने दिल्ली विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है और आईआईएम (लखनऊ) से अपना एमबीए किया है। वे वायुसेना में महानिदेशक लेखा परीक्षा के पद पर तैनात थे। इससे पहले, वे वाणिज्यिक लेखा परीक्षा के प्रधान निदेशक, (रक्षा पीएसयू) बैंगलोर के पद पर कार्यरत थे, जहाँ वे देश के सभी रक्षा पीएसयू के प्रदर्शन, अनुपालन और प्रमाणन लेखा परीक्षा कर रहे थे। वह वाणिज्य मंत्रलाय मे निदशक और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) मे सीएओ के पद पर भी काम कर चुके है।



## एक माह पूर्व चोरी हुआ ऑटो शाहपुर से बरामद, चोर गिरफ्तार

**फुलवारी शरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** संपतचक तालाब के पास से एक माह पूर्व चोरी हुआ ऑटो पुलिस ने शाहपुर इलाके से बरामद कर लिया है. इस मामले में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार भी किया है.गोपालपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले उदय कुमार का ऑटो बीते महीने चोरी हो गया था. इस संबंध में अज्ञात चोर के खिलाफ गोपालपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी. थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि ऑटो चोरी की जांच के लिए एक टीम गठित की गई थी जो लगातार विभिन्न संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी.पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि चोरी किया गया ऑटो शाहपुर इलाके में देखा गया है. सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके से ऑटो को बरामद कर लिया. साथ ही चोरी की घटना में शामिल आरोपी राहुल राज को भी गिरफ्तार कर लिया गया है. उससे पूछताछ जारी है ताकि चोरी के पीछे की पूरी साजिश का खुलासा किया जा सके. थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि आरोपी से यह भी जानने की कोशिश की जा रही है कि क्या वह ऑटो चोरी के किसी बड़े गिरोह से जुड़ा हुआ है.

## यूटी कांगड़ी चढ़कर बोकारो के पर्वतारोही शशि शेखर ने फहराया तिरंगा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो के युवा पर्वतारोही शशि शेखर ने एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि अपने नाम करते हुए लद्दाख की 6,070 मीटर ऊँची दुर्गम चोटी ह्यूटी कांगड़ी-क्ह्र को सफलतापूर्वक फतह किया। उन्होंने यह चढ़ाई पर्वतारोहण की सबसे चुनौतीपूर्ण अल्पाइन स्टाइल में पूरी की। बिना किसी पोर्टर, शेर्पा या बाहरी सहायता के पूरी तरह आत्मनिर्भर अभियान के रूप में पूरा किया। शिखर पर पहुँचकर उन्होंने भारत का तिरंगा और झारखंड पर्यटन विभाग का झंडा फहराया, जिससे राज्य की साहसिक पर्यटन क्षमता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दशार्या जा सके। अभियान की शुरूआत 13 जून को लेह से हुई। 14 जून को वे बेस कैंप पहुँचे, और 15 जून की रात 3 बजे उन्होंने शिखर के लिए अंतिम चढ़ाई शुरू की। लगातार 5 घंटे की कठिन चढ़ाई के बाद, सुबह 7:50 बजे उन्होंने यूटी कांगड़ी-कके शिखर को छू लिया। पूरे अभियान में शशि के साथ उनके मित्र फुंसोग नामग्याल भी सहभागी रहे। दोनों ने तेज हवाओं, न्यूनतम तापमान और बर्फ. से ढकी तीखी ढलानों जैसी मुश्किल परिस्थितियों का साहसपूर्वक सामना करते हुए यह लक्ष्य प्राप्त किया। शशि शेखर ने कहा, यह चढ़ाई मेरे लिए सिर्फ एक व्यक्तिगत विजय नहीं थी, बल्कि झारखंड की पहचान को हिमालय की ऊँचाइयों तक पहुँचाने का एक प्रयास था। इस अभियान का आयोजन झारखंड की प्रमुख साहसिक संस्था द्वारा किया गया, जो राज्य में ट्रेकिंग, रॉक क्लाइंबिंग, रैपलिंग और नेचर स्टडी कैंप्स जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं और स्कूली बच्चों को साहसिक गतिविधियों से जोड़ने का कार्य कर रही है। न केवल साहसिक खेलों को प्रोत्साहन दे रही है, बल्कि झारखंड पर्यटन को भी जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है।




## स्वदेशी जागरण मंच ने पौधरोपण कार्यक्रम का किया आयोजन



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों द्वारा लिये गये निर्णयानुसार आवासीय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यों के साथ साथ सोसाइटी की महिला और पुरुष सदस्यों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। उन लोगों ने अपने हाथों पौध-रोपण/वृक्षारोपण किया। इसमें बरगद,नीम,बेल,आम के पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम के उपरांत स्वदेशी जागरण मंच के सदस्यों की बैठक भी हुई जिसमें पर्यावरण संरक्षण पर और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग पर विशेष बल दिया गया। सभी से अनुरोध किया गया कि आसपास के लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। विदित हो कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मौके पर स्वदेशी जागरण मंच के जिला संयोजक शैलेन्द्र कुमार पांडेय, शशि पांडेय, मंच के प्रांतीय संघर्ष वाहिनी प्रमुख अजय सिंह, जिला संयोजक सुफल झा, आदित्यनाथ झा, कार्यक्रम के आयोजक श्याम नारायण सिंह, रेखा गुप्ता, सीमा कुंडू, मिनी श्रीवास्तव, ममता साहनी, किरण देवी, लक्ष्मी देवी, अनु चौबे, शालता चौबे, संजीव तिवारी, भव शंकर पाठक, अवधेश कुटिरयार, शंभूनाथ चौहान, एस पी चक्रवर्ती, अभय कुमार गुप्ता, दयानंद राम, उदय नारायण गुप्ता, गौतम तिवारी, जयकांत सिंह, एके राय, ब्रिजेन्द्र कुमार सिंह अरुण कुमार बर्मा, भूली संघचालक आदि उपस्थित थे।

## बिहार के सभी जिला मुख्यालयों में शिक्षकों का एक दिवसीय आंदोलन 21 को

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में शिक्षकों की लंबित मांगों और शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त समस्याओं को लेकर अब शिक्षक आंदोलन के रास्ते पर उतरने को तैयार हैं। इस संबंध में रविवार को विधान परिषद सभागार में आयोजित बैठक में अहम फैसला लिया गया। विधान परिषद सदस्य बंशीधर बृजवासी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में नियोजित, नियमित और विशिष्ट शिक्षकों ने 21 जून 2025 को सभी जिला मुख्यालयों में एक दिवसीय आंदोलन का ऐलान किया। शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि यदि सरकार ने शिक्षकों की 7 सूत्री मांगों को शीघ्र नहीं माना तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## हज यात्रा से लौटे बिहार के पहले दो जत्थे, गया एयरपोर्ट पर हुआ भव्य स्वागत





**गया/पटना/फुलवारी शरीफ।** बिहार राज्य के हज यात्रियों का पहला और दूसरा जत्था 15 और 16 जून को गया एयरपोर्ट पर सकुशल पहुंचा. ये दोनों फ्लाइटें सऊदी अरब से हज यात्रा पूरी करने के बाद भारत लौटीं, जिनमें कुल 271 हज यात्री शामिल थे. ये यात्री मुख्यतः गया, जहानाबाद, नालंदा, नवादा, कैमूर, रोहतास, भोजपुर, बक्सर और पटना जिलों से संबंध रखते हैं. गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हज यात्रियों के स्वागत के लिए जिला अधिकारी (डीएम), पुलिस अधीक्षक (एसपी), बिहार राज्य हज समिति के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी समेत कई प्रशासनिक अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे. स्वागत के दौरान यात्रियों को गुलाब के फूल भेंट किए गए और उन्हें सादर सम्मानित किया गया. हज से लौटे बुजुर्गों और महिलाओं का विशेष ध्यान रखा गया. हज यात्रियों के सामान को भी व्यवस्थित ढंग से लौटाया गया. गया एयरपोर्ट पर मौजूद अधिकारियों ने सभी यात्रियों की कुशल वापसी पर संतोष जताया और शांति व सहयोग के लिए हज समिति तथा स्वंयसेवकों को धन्यवाद दिया.

## तोपचांची के नए थाना प्रभारी का स्वागत

**तोपचांची (धनबाद)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तोपचांची प्रखंड अंतर्गत तोपचांची थाना में बुधवार को क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सह आजसू नेता सदानंद महतो ने अजीत कुमार भारती को नए थाना प्रभारी के रूप में पद स्थापित होने पर उन्हें बधाई दी। सदानंद महतो ने बुके,अंग वस्त्र व मिठाई देकर सम्मानित किया। वहीं इस क्षेत्र के छोटे-छोटे जन समस्याओं को समाधान करने में सहयोग करने की अपील की।इस दौरान मुख्य रूप से विमल कुमार महतो, पप्पू मेहता,अमर कुमार भारती,दुर्गा प्रसाद गोप आदि लोग मौजूद थे।

## डीसी ने की डीईजीएस व ई गवर्नेंस के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा

**मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को डीईजीएस/ई-ऑफिस यूआईडीएआई/ एनआईसी/ आधार संबंधी बैठक आयोजित की गयी।समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह द्वारा उक्त विषयों पर एक-एक कर अद्यतन प्रगति उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया।समीक्षा के क्रम में कुछ पंचायतों में नेट कनेक्टिविटी नहीं होने की बात आयी,इसपर उपायुक्त ने सभी पंचायत भवनों में इंटरनेट की पर्याप्त सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि बगैर इंटरनेट कनेक्टिविटी के कोई पंचायत न रहे यह सुनिश्चित होना चाहिये।इस दौरान डीसी ने प्रत्येक पंचायत में वीएलई को अनिवार्य रूप से बैठने का भी निर्देश दिया। यूआईडीएआई की समीक्षा के दौरान नीलांबर-पीतांबरपुर व हैदरनगर प्रखंड में आधार एनरोलमेंट व आधार अपडेशन में बेहद कम प्रगति पर उपायुक्त द्वारा नाराजगी प्रकट की गयी साथ ही उन्होंने यूआईडीएआई के डीपीओ को पीवीटीजी समूह का शतप्रतिशत आधार कवरेज कराने की बात कही गयी।इसी तरह झारनेट कनेक्टिविटी अंतर्गत ब्लॉक वीसी रूम की समीक्षा की गयी,बताया गया कि नवाबाजार में कैमरा फाल्ट है।इस दौरान उपायुक्त ने रामगढ़ ब्लॉक में वीसी रूम का अधिष्ठापन कराने पर बल दिया।




**वैसे सीएसपी संचालक जो असक्रीय हैं,उन्हें पूर्ण रूप से सक्रीय करने के निर्देश**

बैठक में उपायुक्त ने जिले में कार्यरत सीएसपी संचालकों की जानकारी ली,इस दौरान वैसे सीएसपी संचालक जो असक्रीय हैं उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर पूर्ण रूप से सक्रिय करने की बात कही।

**सभी प्रमाणपत्रों को तय समय सीमा में निष्पादन करें:उपायुक्त**

बैठक में उपायुक्त ने झारसेवा के तहत जारी होने वाले सभी तरह के प्रमाण पत्रों को तय समय सीमा में निष्पादन करने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि अभी जिले में चतुर्थ वर्गीय में नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।ऐसे में आवेदकों को विभिन्न तरह के प्रमाण पत्रों की आवश्यकता पड़ेगी इसके मद्देनजर जितना जल्दी संभव हो,प्रमाण पत्र निर्गत करना सुनिश्चित करें।उन्होंने मैरेज प्रमाण पत्र के आवेदनों को रिजेक्ट होने के कारणों के विषय पर भी जानकारी ली।इसी तरह ई ग्रंथालय समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की गयी।इस अवसर पर उपरोक्त के अलावे उप विकास आयुक्त,अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता,जिला परिवहन पदाधिकारी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम,जिला पंचायती राज पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित रहे।

## दिलीप कुमार भट्टाचार्य की याद में रक्तदान शिविर, दी गई श्रद्धांजलि

**जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जमशेदपुर ब्लड सेंटर में मंगलवार को समाजसेवी आल्पना भट्टाचार्य ने अपने पति दिलीप कुमार भट्टाचार्य की याद में एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया। मंगलवार को आल्पना भट्टाचार्य की वैवाहिक वर्षगांठ भी थी। इसमें कुल 62 लोगों ने रक्तदान कर दिलीप कुमार को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में बागबेड़ा निवासी ललित किशोर ने अपना 25वां रक्तदान पूरा किया। रक्तदान के बाद आल्पना भट्टाचार्य ने सभी रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके अलावा जुगसलाई थाना क्षेत्र स्थित नव जागृत मानव समाज कुष्ठ आश्रम में रह रहे 50 पीड़ित एवं असहायों के लिए दोपहर एवं रात के भोजन की भी व्यवस्था की गई। इस अवसर पर जमशेदपुर ब्लड सेंटर के वरीय चिकित्सक डॉ. लव बहादुर सिंह, तकनीशियन अनुप कुमार श्रीवास्तव, चन्दन कुमार, टीम पीएसएफ के निदेशक अरिजीत सरकार, दीपक कुमार मित्रा, सोमनाथ दत्ता, तपन चंदा, दीप सेन, कुमारेस हाजरा, मनोरंजन गौड़, अनिल प्रसाद, कन्हैया कुमार शर्मा, आशीष अग्रवाल आदि उपस्थित थे।



# नोमुरा ने 50 प्रतिशत बढ़ाया टारगेट

## 5 प्रतिशत से ज्यादा उछल गए इंडसइंड बैंक के शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्राइवेट सेक्टर के इंडसइंड बैंक के शेयर बुधवार को बीएसइ में 5 पर्सेंट से अधिक के उछाल के साथ 855.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। ग्लोबल ब्रोकरेज हाउस नोमुरा ने इंडसइंड बैंक के शेयरों की रेटिंग अपग्रेड की है और इसका प्राइस टारगेट 50 पर्सेंट बढ़ा दिया है। पिछले एक साल में इंडसइंड बैंक के शेयरों में 40 पर्सेंट से अधिक की गिरावट देखने को मिली है। बैंक के शेयरों का 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर




1550 रुपये है। वहीं, इंडसइंड बैंक के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 605.40 रुपये है।

**नोमुरा ने इंडसइंड बैंक के शेयर खरीदने को कहा–** इंटरनेशल ब्रोकरेज हाउस नोमुरा ने इंडसइंड बैंक के शेयरों की रेटिंग को अपग्रेड करके बाय कर दिया है। ब्रोकरेज हाउस ने बैंक के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। नोमुरा ने पहले इंडसइंड बैंक के शेयरों को न्यूट्रल रेटिंग दी थी। नोमुरा ने इंडसइंड बैंक के शेयरों का टारगेट प्राइस भी 50 पर्सेंट बढ़ा दिया है। ब्रोकरेज हाउस ने बैंक के शेयरों का टारगेट प्राइस बढ़ाकर 1050 रुपये कर दिया है। पहले, बैंक के शेयरों के लिए 700 रुपये का टारगेट दिया था। रिवाइज्ड टारगेट से संकेत मिलता है कि मंगलवार के क्लोजिंग प्राइस से बैंक के शेयरों में करीब 30 पर्सेंट का उछाल देखने को मिल सकता है।

**रेटिंग अपग्रेड के पीछे कई पॉजिटिव फैक्टर–** ब्रोकरेज हाउस नोमुरा ने अपने नोट में अपग्रेड के पीछे कई पॉजिटिव फैक्टर्स का हवाला दिया है। इन फैक्टर्स में गवर्नेंस में सुधार लाने को लेकर बोर्ड का कमिटमेंट, नई लीडरशिप की तलाश, मजबूत अर्निंग आउटलुक और क्लीन स्लेट पर वित्त वर्ष 2026 की शुरुआत का स्पष्ट मकसद शामिल है।

# भारत में बने खिलौनों की वैश्विक बाजार में जबरदस्त मांग

## छोटा भीम से लेकर मोटू-पतलू तक हो रहे निर्यात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत अब खिलौनों का आयात करने के बजाय निर्यात कर रहा है। छोटा भीम से लेकर मोटू-पतलू तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे। यहां बने खिलौनों की गुणवत्ता दुनियाभर के मानकों से बेहतर है। शून्य से 16 साल तक के बच्चों के खिलौने बनाने वाली कंपनियां अपने उत्पादों के विदेशी बाजारों में पहुंचाने से उत्साहित हैं। यह स्थिति सिर्फ दो साल में बदली है। यहां के खिलौने स्वास्थ की दृष्टि से भी बड़े पैमाने पर परखे हुए हैं। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), मुंबई के



पश्चिमी क्षेत्रीय कार्यालय प्रयोगशाला (डब्ल्यूआरओएल) के वैज्ञानिक और निदेशक अद्भुत सिंह ने कहा, बीआईएस मानकों ने घरेलू और वैश्विक दोनों बाजारों में भारतीय खिलौनों की बिक्री बढ़ाने में सहायता की है। उन्होंने कहा, भारतीय मानक हमारी मौसम स्थितियों और अन्य घरेलू जरूरतों के अनुसार बनाए गए हैं।

# टेक्सटाइल इंडस्ट्री में अब भारत बना सबसे बड़ा खिलाड़ी

# चीन और बांग्लादेश की हो गई छुट्टी!

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के कपड़ों के निर्यात में अच्छी बढ़त दिख रही है। उद्योग संगठन सीआईटीआई के आंकड़ों के अनुसार मई में कपड़ों का निर्यात 11.3 प्रतिशत बढ़ा है। पश्चिमी देशों के खरीदार अब बांग्लादेश और चीन के बजाय भारत को ज्यादा भरोसेमंद मान रहे हैं। इसलिए भारत के निर्यात को बढ़ावा मिल रहा है।

पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार बदलने से राजनीतिक अस्थिरता हुई थी। इकोनॉमिक टाइम्स के अनुसार इस वजह से कपड़ों का निर्यात और भी तेजी से बढ़ा। सितंबर में निर्यात 17.3 प्रतिशत और अक्टूबर में 24.35 प्रतिशत तक बढ़ गया। विकसित देशों के कई खरीदार भारतीय सप्लायरों पर दबाव डाल रहे हैं कि वे अपनी क्षमता बढ़ाएं और जरूरी सर्टिफिकेट लें। डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से लगाए गए टैरिफ के कारण भारत को चीन पर ड्यूटी का फायदा मिलेगा।

**इंडस्ट्री के लिए बड़ी राहत-** कपड़ा उद्योग के लिए निर्यात में यह उछाल एक बड़ी राहत है। कोरोना महामारी के बाद से यह उद्योग दो साल से कमजोर चल रहा था। इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स की राष्ट्रीय कपड़ा समिति के अध्यक्ष संजय के जैन ने कहा कि कोविड के बाद भारत के कपड़ों के निर्यात में गिरावट आई थी। क्योंकि लोगों ने कोविड के दौरान ज्यादा कपड़े खरीद लिए थे, इसलिए वे नए कपड़े कम खरीद रहे थे। कोविड के बाद लगभग दो साल तक ठहराव या गिरावट रही।

**उथल-पुथल का मिला फायदा!-** बांग्लादेश में सरकार बदलने और राजनीतिक उथल-पुथल के बाद उद्योग में सुधार के संकेत



दिखने लगे। उद्योग के नेताओं का कहना है कि कपड़ों की सप्लाई एक लगातार चलने वाली प्रक्रिया है। इसलिए खरीदार सप्लाई चेन में किसी तरह की अनिश्चितता नहीं चाहते हैं।

**बनी रहेगी गति-** बांग्लादेश के कपड़ा निर्माताओं के पास बहुत बड़ी क्षमता है। वे कम समय में बड़े ऑर्डर पूरा कर सकते हैं। जबकि भारतीय निर्माताओं की क्षमता इतनी ज्यादा नहीं है। भारतीय उद्योग को उम्मीद है कि चीन पर ड्यूटी का फायदा मिलने से निर्यात की गति बनी रहेगी। जैन ने कहा कि भारतीय कपड़ा निर्यातकों के लिए एक बड़ा मौका है। अमेरिका का 120 अरब डॉलर का बाजार सबसे बड़ा अवसर है। हमें बस कच्चा माल प्रतिस्पर्धी दरों पर मिलना चाहिए।

### भारत की कितनी हिस्सेदारी

अमेरिका के बाजार में भारत की हिस्सेदारी 10 अरब डॉलर है, जबकि चीन की 30 अरब डॉलर है। कपड़ों का निर्यात तो बढ़ रहा है, लेकिन कच्चे कपास का आयात भी बढ़ रहा है। क्योंकि घरेलू कपास की कीमतें अंतरराष्ट्रीय कीमतों से ज्यादा हैं। अनुमान है कि 2024-25 में भारत का कपास आयात पिछले साल के मुकाबले दोगुना से भी ज्यादा होगा।

# सीईए बोले- वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत सकारात्मक

### राजकोषीय घाटा व सरकारी कर्ज घटना बड़े सुधार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत के पास अवसर और संभावनाओं की कमी नहीं है। ऐसा मानना है देश के मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंता नागेश्वरन का। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर बढ़ती अनिश्चितताओं के बावजूद भारत चमकदार जगह के रूप में सामने आया है। देश की अर्थव्यवस्था में निरंतर मजबूती दिखी, जो आज के कठिन वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए उल्लेखनीय उपलब्धि है।

फरवरी, 2022 से शुरू हुआ रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में जारी हिंसक संघर्ष, इस्राइल और ईरान के चिंताजनक टकराव, ईंधन और कच्चे



तेल की कीमतों में उछाल की आशंकाओं के बीच एक साक्षात्कार में नागेश्वरन ने कहा, वर्ष 2022 से वैश्विक स्तर पर संघर्ष और व्यवधान लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अब ये ज्यादा तीव्र और अप्रत्याशित हो गए हैं, जिससे दुनिया भर में आर्थिक, राजनीतिक और सुरक्षा से जुड़ी चिंता पैदा हुई है। हालात विकास के लिए और भी जटिल बन गए हैं। आज वैश्विक माहौल लगभग सभी देशों के लिए कठिन हो गया है। ऊपर की तरफ जाने की संभावनाओं से अधिक नीचे गिरने का जोखिम बढ़ गया है।

**वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने यह बड़ी चुनौतियां, लेकिन भारत सकारात्मक-** मुख्य आर्थिक सलाहकार वी. अनंता नागेश्वरन ने कहा, यह स्थिति केवल भारत की नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के सामने यह चुनौती बड़ी होती जा रही है। हालांकि, इस कठिन परिदृश्य में भी भारत अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है।

### आर्थिक मोर्चे पर ये बड़े सुधारः राजकोषीय घाटा और सरकारी कर्ज घटा

नागेश्वरन ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था ने 2020 में फैली कोविड-19 महामारी के बाद अच्छी रिकवरी की है। देश में मजबूत आर्थिक वृद्धि दर्ज की गई है। साथ ही भारत का राजकोषीय घाटा ) और सरकारी कर्ज भी कम हुआ है। आर्थिक मोर्चे पर ये बड़े सुधार हैं। इससे निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और इसका असर भारत और अमेरिका के 10-वर्षीय सरकारी बॉन्ड पर भी हुआ है। बॉन्ड की उपज में अंतर कम होने से ये अंतर साफ दिख रहा है।

# यूके की कंपनी ने भारतीय बाजार के लिए इस नई मोटरसाइकिल का कराया ट्रेडमार्क

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यूके की कंपनी नॉर्टन मोटरसाइकिल ने भारतीय बाजार के लिए एक नए मॉडल का ट्रेडमार्क कराया है। कंपनी ने 'इलेक्ट्रा' नाम से इसका रजिस्ट्रेशन कराया है। यह कदम 'कॉम्बैट' नाम के पहले ट्रेडमार्क के बाद उठाया गया है, जो दर्शाता है कि नॉर्टन अपने अगले लॉन्च से पहले मॉडल के नाम सुरक्षित करने की संभावना रखता है। बता दें कि कंपनी का हेडक्वार्टर सोलिहुल (इंग्लैंड) में है। जबकि इसकी पैरेंट कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी है। हालांकि, कंपनी ने इस बारे में कोई ऑफिशियल डिटेल जारी नहीं की है कि इलेक्ट्रा नाम किस पर लागू किया जा सकता है, लेकिन फाइलिंग से पता चलता है कि नॉर्टन टीवीएस के ओनरशिप में प्रोडक्ट योजना को आगे बढ़ा रहा है। टीवीएस ने पिछले साल कुछ समय पहले खुलासा किया था कि नॉर्टन अगले 3 सालों में वो 6 नई मोटरसाइकिल लॉन्च करने के लिए तैयार है।




# ऑनलाइन फ्रॉड रोकने के लिए गूगल ने लॉन्च किया सेफ्टी चार्टर


**नई दिल्ली, एजेंसी।** गूगल ने मंगलवार को सेफर विद गूगल इंडिया समिट के दौरान अपने नए सेफ्टी चार्टर को लॉन्च किया। इससे भारत के डिजिटल स्पेस को सुरक्षित बनाने में मदद मिलेगी। यह पहल यूजर्स को ऑनलाइन फ्रॉड से बचाने, जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए साइबर सुरक्षा को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित है कि एआई को जिम्मेदारी से विकसित किया जाए। यह सुरक्षा चार्टर तीन प्रमुख लक्ष्यों के इर्द-गिर्द बना है जिसमें इंटरनेट यूजर्स को घोटालों और धोखाधड़ी से सुरक्षित रखना, सरकारों और व्यवसायों के लिए साइबर सुरक्षा को मजबूत करना और लोगों की सुरक्षा करने वाले जिम्मेदार एआई सिस्टम का निर्माण करना शामिल हैं। पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा गूगल का डिजिकवाच कार्यक्रम है, जो वित्तीय घोटालों के खिलाफ पहले ही एआई-पावर्ड प्रोडक्ट्स और जागरूकता अभियानों से 17.7 करोड़ से अधिक भारतीयों तक पहुंच चुका है।

### स्कैम अटैक में आई गिरावट

गूगल के सिस्टम एआई के साथ और अधिक शक्तिशाली होते जा रहे हैं। इसकी सर्च अब 20 गुना अधिक घोटाले वाली वेबसाइटों की पहचान करती है। साथ ही ग्राहक सेवा और सरकारी प्लेटफार्मों पर स्कैम अटैक में 80 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। मैसेजिंग में गूगल मैसेज हर महीने 500 मिलियन से ज्यादा स्कैम टेक्स्ट को ब्लॉक कर रहा है।

### बच गए अरबों रुपये

भारत में बड़े स्तर पर इस्तेमाल किए जाने वाले गूगल पे ने संभावित धोखाधड़ी के बारे




में यूजर्स को चेतावनी देने के लिए 4.1 करोड़ से ज्यादा अलर्ट भेजे हैं। इसने अकेले 2024 में 13,000 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी को रोकने में भी मदद की। कंपनी के गूगल प्ले प्रोडेक्ट ने अक्टूबर 2024 में भारत में पायलट किए जाने के बाद से 1.3 करोड़ डिवाइस पर लगभग 6 करोड़ जोखिम भरे ऐप इंस्टॉल को ब्लॉक किया है।

### साइबर सिक्योरिटी भी हो रही मजबूत

गूगल बड़े पैमाने पर साइबर सुरक्षा को मजबूत करने के लिए भी काम कर रहा है। इसने खतरों का जल्द पता लगाने और उस जानकारी को दूसरी कंपनियों और सरकारी निकायों के साथ साझा करने के लिए एक नया एआई पावर्ड एप्रोच पेश किया है। गूगल सिक्योरिटी में इंजीनियरिंग की उपाध्यक्ष हीदर एडकिंस ने बताया कि ऑनलाइन खतरे अब मशीन की गति से विकसित हो रहे हैं। एआई की सीखने, तर्क करने और बड़े पैमाने पर कार्य करने की क्षमता डिफेंडर्स को हमलावरों से पहले की तुलना में कहीं आगे रहने की अनुमति दे रही है।

# सोने के गिरे भाव पर चांदी ने फिर रच दिया इतिहास, कीमत 109550 पर पहुंची

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सर्राफा बाजारों में आज भी सोने के भाव में गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, चांदी ने एक और नया इतिहास रच दिया है। सोना 99018 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला तो चांदी 109550 रुपये किलो के भाव से। जीएसटी के साथ 24 कैरेट सोना जहां 101988 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है तो चांदी 112836 रुपये किलो। इससे पहले मंगलवार को चांदी ऑल टाइम हाई 109100 रुपये पर बंद हुई थी।



### क्यों उछल रही चांदी

केडिया कमोडिटिज के प्रेसीडेंट अजय केडिया के मुताबिक ईरान-इजरायल में तनाव, रूस-यूक्रेन में नए सिरे से बढ़े तनाव और दुनिया भर में अस्थिरता ने निवेशकों को सुरक्षित समझी जाने वाली चीजों की ओर धकेला है। सोने के साथ-साथ चांदी को भी इसका फायदा मिल रहा है। वहीं, आपूर्ति घटने और औद्योगिक मांग बढ़ने के कारण चांदी में खूब निवेश हो रहा है।

# आर्थिक वृद्धि के चलते 2030 तक वैश्विक तेल मांग का अगुवाई करेगा भारत

### इस दशक के अंत तक बढ़ी रहेगी मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वैश्विक तेल मांग इस दशक के अंत तक तेजी से बढ़ती रहेगी। अमेरिका में सस्ता पेट्रोल और धीमी गति से इलेक्ट्रिक वाहन अपनाने से खपत को समर्थन मिलने से शीर्ष आयातक चीन में यह 2027 में चरम पर होगी। अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) ने अपने पूर्वानुमान में कोई परिवर्तन नहीं किया है। आईईए ने कहा, मांग 2029 तक चरम पर होगी, लेकिन अनुमान है कि इलेक्ट्रिक वाहनों में वृद्धि के कारण चीन में मांग पहले ही चरम पर पहुंच जाएगी। वैश्विक मांग कुछ वर्षों में चरम पर होगी। हालांकि, उत्पादक समूह पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) का मानना है कि खपत बढ़ती रहेगी, लेकिन खपत चरम पर पहुंचने का कोई पूर्वानुमान नहीं लगाया है। आईईए की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, तेल की मांग 2029 तक 10.5 करोड़ बैरल प्रति दिन (बीपीडी) के उच्च स्तर पर पहुंच जाएगी। फिर 2030 में थोड़ी गिरावट आएगी।



### बाधा नहीं आई तो 2030 तक आपूर्ति पर्याप्त रहेगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर कोई बड़ी बाधा नहीं आती है तो 2030 तक पर्याप्त आपूर्ति होगी। आईईए के कार्यकारी निदेशक फतिह बिरोल ने कहा, बुनियादी बातों के आधार पर आने वाले वर्षों में तेल बाजारों में अच्छी आपूर्ति होने की संभावना है। लेकिन हाल की घटनाओं ने तेल आपूर्ति सुरक्षा के लिए देशों के बीच तनाव एक प्रमुख मुद्दा है। इस वर्ष विश्व बाजार में आपूर्ति अच्छी दिख रही है, क्योंकि कोई बड़ा व्यवधान नहीं आया है और आपूर्ति में वृद्धि मांग से अधिक है।

### अमेरिका-चीन के बीच नहीं टिकेगी डील...

# भारत को बढ़ानी होगी ताकत, एक्सपर्ट की चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और चीन के बीच एक व्यापार समझौते की घोषणा हुई है। लेकिन, प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल ने चेतावनी दी है कि यह समझौता टिकाऊ नहीं होगा। सान्याल ने मिंट को बताया कि अमेरिका-चीन डील से हटकर भारत को अपनी ताकत बढ़ानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वैश्विक शक्ति में बदलाव हो रहा है। इसे चीन और अमेरिका दोनों समझते हैं। इसलिए व्यापार समझौता चाहे जैसा भी हो, वह अस्थिर ही रहेगा। सान्याल के अनुसार, व्यापार से अमेरिका और चीन के बीच तनाव कम नहीं होगा। भारत को अपनी ताकत बढ़ानी चाहिए, चाहे अमेरिका और चीन के बीच कैसा भी समझौता हो। यह एक लंबी लड़ाई है। व्यापार समझौता इसे खत्म नहीं कर सकता। हमें चाइना+1 नहीं, बल्कि अपने आप में एक मजबूत देश बनना चाहिए। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से चीन के साथ व्यापार समझौते की घोषणा के कुछ दिनों बाद आया है।

**क या हुई है अमेरिका-चीन के बीच डील -** समझौते में चीन दुर्लभ खनिजों और मैग्नेट पर निर्यात प्रतिबंध हटाएगा। वहीं, अमेरिका चीनी छात्रों को अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ने की अनुमति देगा। बीते दिनों ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर कहा, हमें कुल 55 प्रतिशत टैरिफ मिल रहा है, चीन को 10 प्रतिशत मिल रहा है। रिश्ते बहुत अच्छे हैं! अमेरिका के वाणिज्य सचिव हावर्ड लुट्निक ने कहा कि यह समझौता जिनेवा डील को मजबूत करता है, जो चीन के खनिज निर्यात पर प्रतिबंध के कारण कमजोर हो गई थी। भारत अमेरिका के साथ एक शुरुआती व्यापार समझौते पर काम कर रहा है। 9 जुलाई को खत्म होने वाले टैरिफ पर 90 दिनों के विराम से पहले इसके होने की उम्मीद है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल के अनुसार, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर अच्छी प्रगति हो रही है। यह समय पर पूरा हो जाएगा। मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल ने बताया कि अमेरिकी टीम 5 से 11 जून तक भारत आई थी। लक्ष्य 2025 तक एक बड़े व्यापार समझौते का पहला चरण पूरा करना है। अधिकारियों ने कहा कि दोनों देशों को 2050 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लिए टैरिफ कम करने होंगे और गैर-टैरिफ बाधाओं को



दूर करना होगा।

**व्यापार सिर्फ एक छोटा सा हिस्सा-** संजीव सान्याल का मानना है कि अमेरिका और चीन के बीच का व्यापार समझौता लंबे समय तक नहीं चलेगा। उनके अनुसार, यह समझौता वैश्विक शक्ति के बदलाव को नहीं रोक सकता। यह एक लंबी भू-राजनीतिक लड़ाई है। इसमें व्यापार सिर्फ एक छोटा सा हिस्सा है।

सान्याल ने कहा, मैं यह नहीं बता सकता कि वह डील कैसी होगी। हमें इसके अनुसार ढलना होगा। लेकिन, मुझे लगता है कि यह उस बात को पूरी तरह से अनदेखा करता है कि क्या हो रहा है। यह वैश्विक शक्ति की गतिशीलता में बदलाव है जिसे चीन और अमेरिका दोनों समझते हैं। इसलिए चाहे वह व्यापार समझौता कैसा भी हो - यह स्वाभाविक रूप से अस्थिर है। इसका मतलब है कि सान्याल को इस समझौते पर ज्यादा भरोसा नहीं है। उन्होंने यह भी कहा, इसलिए मेरा मानना है कि हमें चीन-अमेरिका व्यापार समझौते से बेपरवाह होकर अपनी ताकत का निर्माण जारी रखना चाहिए। अगर यह कुछ खास है तो यह लंबे समय तक नहीं चलेगा। अगर यह कुछ सामान्य है तो यह एक अलग मामला है। सान्याल के अनुसार, भारत को अपनी आर्थिक और रणनीतिक ताकत पर ध्यान देना चाहिए।

सान्याल ने आगे कहा, आखिरकार, यह एक सभ्यतागत, भू-रणनीतिक मुद्दा है जिसमें व्यापार एक छोटा सा हिस्सा है। हमें खुद को चीन प्लस वन के रूप में नहीं सोचना चाहिए। हमें खुद को अपने आप में एक मानना चाहिए। उनका मानना है कि भारत को अपनी पहचान बनानी चाहिए और किसी दूसरे देश पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।

New page 9_page 12 29.05.2025.qxd 18-06-2025 21:35 Page 1



# वंदे भारत में घटिया खाना परोसने पर लगा जुर्माना

## 10 हजार से एक लाख रुपये तक हो सकता है जुर्माना



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

जमशेदपुर। पटना-टाटा वंदे भारत एक्सप्रेस में घटिया खाना परोसने वाले कैटरर अराहा पर वित्तीय जुर्माना लगाया गया है।

हालांकि जुर्माने की राशि कितनी है, इंडियन रेलवे टूरिज्म एंड कैटरिंग सर्विसेज (आइआरसीटीसी) ने यह स्पष्ट नहीं किया है।

पटना से टाटा आने के दौरान 21894 वंदे भारत एक्सप्रेस में सोमवार को यात्रा के दौरान कैटरर ने एक यात्री, सतीश कुमार सिंह को घटिया खाना परोसा। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत ऑनलाइन भी की। अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद आइआरसीटीसी के अधिकारियों ने संबधित कैटरर के खिलाफ जांच करते हुए शिकायत को सही पाया और उनके ऊपर आर्थिक दंड लगाया है। यह अर्थदंड 10 हजार से एक लाख रुपये तक हो सकती है।

शिकायत मिलने के बाद संबधित कैटरर के खिलाफ जांच की गई है। इसमें उन पर लगे आरोप को सहीं पाया गया है हालांकि आर्थिक दंड कितना लगाया गया है इसकी जानकारी मुझे नहीं है।

पटना से टाटा आने के दौरान 21894 वंदे भारत में सोमवार को यात्रा के दौरान कैटरर ने एक यात्री, सतीश कुमार सिंह को घटिया खाना परोसा। इसके बाद उन्होंने इसकी शिकायत ऑनलाइन भी की। खबर प्रकाशित होने के बाद आइआरसीटीसी के अधिकारियों ने संबधित कैटरर के खिलाफ जांच करते हुए शिकायत को सहीं पाया और उनके ऊपर आर्थिक दंड लगाया है। अर्थदंड 10 हजार से एक लाख रुपये तक हो सकती है।

# घूस लेते सीओ चढ़ा एसीबी के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू एसीबी ने बुधवार की शाम नावाबाजार अंचल में पदस्थापित अंचलाधिकारी शैलेश कुमार को तीस हजार रुपए नकद घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। अंचलाधिकारी पर जमीन संबंधी एक कार्य के बदले में रिश्वत की मांग का आरोप है। इसकी शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया व उन्हें घूस लेते हुए पकड़ा। एसीबी की टीम ने आरोपी अधिकारी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है। इस कार्रवाई से जिले भर के सरकारी महकमों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार अंचलाधिकारी शैलेश कुमार ने नावा बाजार के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष सह ईटको पंचायत के पूर्व मुखिया अजय कुमार उर्फ दीपक गुप्ता से एक जमीन के म्यूटेशन के लिए 30 हजार रुपए बतौर घूस की मांग की थी। दीपक ने इसकी शिकायत एसीबी कार्यालय में की। इसके बाद एसीबी ने जाल बिछाते





हुए नावाबाजार सीओ शैलेश कुमार को घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

बताते चलें कि अंचल कार्यालय घूसखोरी व दलाली का अड्डा बन चुका था। एक दर्जन से अधिक दलाल कार्यालय के इर्द-गिर्द देखे जाते थे। इनका कार्य अंचल कार्यालय में आने वाले लोगों की समस्याओं को जानकर उगाही करते हुए अंचलाधिकारी तक पहुंचाना व बदले में अपनी कमीशन भी रख लेना था। लोग इनकी कार्य पद्धति से तंग आ चुके थे। इसका परिणाम बुधवार की शाम निगरानी के हाथों अंचलाधिकारी को पकड़वाया गया।

## नावाबाजार प्रखंड में अब तक चार लोग चढ़ चुके है एसीबी के हत्थे

**नावा बाजार।** पलामू एसीबी द्वारा बुधवार को रंगे हाथों पकड़े गए सीओ शैलेश कुमार पहले अधिकारी नहीं है। इसके पूर्व भी प्रखंड के तीन पदाधिकारियों को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा है। पहली कार्रवाई 11 जुलाई 2018 को पंचायत सेवक नंद किशोर राम के उपर की गई थी। वे 14 वें वित्त से कराए गए कार्य के बदले लाभुक समिति को भुगतान में पैसा की मांग की थी। उन्हें नावाबाजार प्रखंड के बसना पंचायत से घूस लेते गिरफ्तार किया गया था। दूसरी कार्रवाई 16 मार्च 2021 को मनरेगा बीपीओ आनंद कुमार के साथ की गई। हालांकि मनरेगा बीपीओ आनंद कुमार की गिरफ्तारी को प्रखंड के द्वारा एक साजिश बताया गया था। पकड़वाने वाले के साथ आनंद का कोई पूर्व बातचीत या योजना संबंधित सहभागिता नहीं थी। स्थानीय तथाकथित नेता के द्वारा सोची समझी रणनीति के तहत फंसाया गया था। गिरफ्तारी के विरोध में प्रखंड के सभी कर्मी एक दिवसीय धरना देते हुए तत्कालीन उपायुक्त को आवेदन देकर जांच कराने की मांग की थी। वहीं तीसरा मामला शिक्षा विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बच्चन कुमार पंकज का है। जिन्हें एक शिक्षक द्वारा 10 हजार रुपए बतौर घूस लेते पकड़वाया गया था।

मामला चाहे जो भी हो लेकिन अबतक चार लोग पलामू एसीबी टीम के हाथों रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़े जा चुके है। इन कार्रवाई से सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि नावाबाजार में भ्रष्टाचार किस कदर चरम पर है। चार पदाधिकारियों की गिरफ्तारी के बावजूद भी अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्य संस्कृति में कोई बदलाव नहीं आया है। जब-जब अधिकारी व कर्मचारी पकड़े जाते है। तब निर्दोष होने की थोथी दलिल दिया जाता रहा है। यहां प्रश्न है कि आखिर अधिकारियों-कर्मचारियों के कार्य संस्कृति में बदलाव कैसे आएगा।

# भगवान बिरसा जैविक उद्यान को मिली एशियाई शेरों और मगरमच्छों की जोड़ी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। झारखंड में रांची के भगवान बिरसा जैविक उद्यान ने अपने बाड़े में एशियाई शेरों और मगरमच्छों की एक-एक जोड़ी को शामिल किया है जो आगंतुकों और वन्यजीव प्रेमियों को आकर्षित कर रहा है। चिड़ियाघर के अधिकारियों के अनुसार, ये नए जानवर रायपुर के नंदनवन सफारी से लाए गए हैं जो पशु विनिमय कार्यक्रम का हिस्सा हैं। भगवान बिरसा जैविक उद्यान के डायरेक्टर जब्बार सिंह ने कहा कि, एक एशियाई शेर का जोड़ा था, जिसकी पौढ़ावस्था के कारण से मृत्यु हो गई थी। फलस्वरूप हमारे पास कोई भी एशियाई शेर नहीं थे, इस वजह से हमने रायपुर नंदनवन सफारी के साथ में वन्यप्राणी आदान प्रदान का कार्यक्रम किया। उनके साथ समझौता किया। बदले में वो हमसे जानवर लेंगे और उनसे जानवर लाने में हम एक जोड़ा एशिया शेर और एक जोड़ा मगरमच्छ है। जो शेर लाया गया है उसमें नर का नाम है अभय और मादा का नाम है शबरी। जैविक उद्यान के अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में अभी और भी विदेशी जानवरों को लाने की योजना पर काम चल रहा है ताकि चिड़ियाघर में आने वाले आगंतुकों को नए नए वन्यजीवों को देखने का मौका मिल सके। प्रधान मुख्य वन संरक्षक अशोक कुमार ने कहा कि, इससे यहां के लोगों को बहुत अच्छा फील होगा और यहां आने वाले आगंतुकों को भी अच्छा अनुभव प्राप्त होगा और जू के लिए भी बहुत गर्व की बात है। जेब्रा बहुत जल्दी हो सकता है कि एक दो महीने के अंदर आ जाए। हम पूरी प्रक्रिया का पालन कर रहे हैं आपको जल्दी ही खुशखबरी मिलेगी। 104 हेक्टेयर में फैले साल के जंगल में भगवान बिरसा जैविक उद्यान में 91 प्रजातियों के लगभग 1,500 जानवर रहते हैं। और अब उद्यान के अधिकारी यहां पर अलग अलग प्रजाति के जानवरों की संख्या बढ़ाने और उनके रहने की समुचित व्यवस्था करने की लगातार कोशिशों में जुटे हैं।

# रथ यात्रा को ले रेलवे चलायेगी स्पेशल ट्रेनें

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

चक्रधरपुर। भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथयात्रा को जाने वाले यात्रियों के लिए खुशखबरी।

दक्षिण पूर्व रेलवे ने 27 जून से शुरू हो रहे रथयात्रा के लिए सात स्पेशल ट्रेन की घोषणा की है जिसमें से चार ट्रेन चक्रधरपुर मंडल से होकर चलेगी। इसमें एक ट्रेन बदामपहाड़-टाटा-पुरी स्पेशल ट्रेन चलेगी।

बदामपहाड़ से पुरी के लिए स्पेशल ट्रेन 25 जून व चार जुलाई को टाटानगर होते हुए रवाना होगी। रेल प्रशासन द्वारा जारी आदेश के तहत ट्रेन नंबर 08370 बदामपहाड़ से सुबह छह बजे रवाना होगी।

जो सुबह आठ बजकर 10 मिनट पर टाटानगर, 10 बजकर 23 मिनट पर झारग्राम, 11 बजकर 45 मिनट पर हिजली होते हुए रात सवा नौ बजे पुरी पहुंचेगी। वहीं, डाउन ट्रेन 08380 पुरी-बदामपहाड़ 27 जून व छह जुलाई की रात 11 बजकर 40 मिनट पर पुरी से रवाना होगी जो दूसरे दिन की दोपहर 12 बजे टाटानगर व दोपहर तीन बजे बदामपहाड़ पहुंचेगी।

इसके अलावा बीरमित्रापुर-पुरी-बीरमित्रापुर स्पेशल 25 जून व चार जुलाई को व डान ट्रेन 26 जून व पांच जुलाई को सुबह पौने 10 बजे रवाना होगी।

08389 बड़बिल-पुरी बड़बिल स्पेशल 25 जून व चार जुलाई को बड़बिल से शाम पांच बजे रवाना होगी जो दूसरे दिन सवा चार बजे पुरी पहुंचेगी। जबकि डाउन ट्रेन 08390 स्पेशल ट्रेन 27 जून व छह जुलाई की रात नौ बजकर 40 मिनट पर पुरी से रवाना होकर सुबह 10 बड़बिल पहुंचेगी।

वहीं, 08385 राउरकेला-पुरी स्पेशल ट्रेन 25 जून व चार जुलाई की सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर राउरकेला से रवाना होकर रात सवा 11 बजे पुरी पहुंचेगी।

जबकि 08386 डाउन ट्रेन 28 जून व छह जुलाई की सुबह तीन बजे पुरी से रवाना होकर दोपहर तीन बजकर 50 मिनट पर राउरकेला स्टेशन पहुंचेगी। रेल प्रशासन ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

# उपायुक्त से मिला पंचायत सचिव संघ, कराया समस्याओं पर ध्यानाकृष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मेदिनीनगर (पलामू)। झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ का शिष्टमंडल पलामू के उपायुक्त से मिला। शिष्टमंडल ने अपनी समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट कराया है। इसके पहले संघ के अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा व अन्य पदाधिकारियों ने पलामू की उपायुक्त समीरा एस को बुके देकर स्वागत किया। संघ के अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने उपायुक्त से कहा कि वर्तमान समय में पंचायत सचिव के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जा रही है। वगैर जांच कराए निर्दोष पंचायत सचिव को पद से निलंबन की प्रक्रिया जारी है। इस पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही निलंबित पंचायत सचिव को निलंबनमुक्त किया जाए।कहा कि अबुआ आवास में तीन चरणों की जांच होती है। इसके उपरांत लाभुकों को आवास की स्वीकृति दिलाई जाती है। साथ ही लाभुकों द्वारा कई बिंदुओं पर स्व घोषणा प्रमाण पत्र दिए जाते हैं। बावजूद स्वार्थ से वशीभूत व्यक्तियों की शिकायत पर सिर्फ पंचायत सचिव को दोषी मानते हुए कार्रवाई की जा रही है।

इस पर रोक लगाने की जरूरत है। प्रखंड स्तर से मनमानी तरीके से पंचायत सचिव को नियम विरुद्ध स्थानांतरण पर रोक लगाई जानी चाहिए। कहा कि प्रखंड में आवंटन होने के बावजूद ससमय वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है। इससे उन सभी पंचायत साथियों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने ससमय वेतन भुगतान कराने की मांग की। कहा कि वर्तमान समय में तीन चार माह



का वेतन भुगतान कुछ ही प्रखंडों में किया गया है। पीएमएवाईजी या अबुआ आवास के प्रखंड समन्वयक की मनमानी रवैया पर पूर्णत रोक लगाई जाए। प्रखंड समन्वयक आवास की सूची को पंचायत सचिव से पहले ही पंचायत के बिचौलियों के पास भेज देते हैं। आवास के आईडी पासवर्ड को किसी अन्य व्यक्ति को देकर आवास का जियो टैग करवा लेना व भुगतान कराना प्रखंड समन्वयक अपना मौलिक अधिकार समझ रहे हैं। इससे गलत चयन व भुगतान की संभावना बनी रहती है। आए दिन कार्रवाई की मार पंचायत सचिव झेल रहे हैं। कहा कि पंचायत सचिवों का वेतन वृद्धि नहीं की जा रही है। जबकि सरकार द्वारा वेतन वृद्धि के लिए पत्र निर्गत किया जा चुका है। समस्या ग्रस्त पुरुष पंचायत सचिव व महिला पंचायत सचिव को नजदीक के प्रखंड में पदस्थापित किया जाए। ग्राम पंचायत या प्रखंड में जनप्रतिनिधि के रिश्तेदार के द्वारा बेवजह पंचायत सचिव पर दबाव बनाया जाता है। इस पर तत्काल रोक लगाई जाए।

# आमलोगों की समस्याओं का निराकरण जनता दरबार का है मुख्य उद्देश्य : उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मेदिनीनगर (पलामू)। पलामू के समाहरणालय सभागार में प्रत्येक बुधवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करना है। इसके माध्यम से जनता को सीधा लाभ दिया जा रहा है। आम नागरिकों को सरकार की ओर से चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही बाधाओं, समस्याओं, कठिनाइयों को दूर कर योग्य लाभुकों को सुगमतापूर्वक लाभ पहुंचाना है। उपायुक्त के जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में आम नागरिक पहुंचे थे। लोगों ने आवेदन देकर अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित जानकारी उपायुक्त को दी। जनता दरबार में 52 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त समीरा एस ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना व प्राप्त आवेदनों





को संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को स्थानांतरित किया। उन्होंने पदाधिकारियों को हर मामले की गंभीरता से जांच कर निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई करते हुए आवेदनों का निष्पादन करने व आवेदकों को अद्यतन स्थिति से अवगत कराने तथा कृत कार्रवाई से कार्यालय को अवगत कराने का सख्त निर्देश दिया।

उपायुक्त के जनता दरबार में पंडवा प्रखंड निवासी ने अपनी बेटी इलाज के लिए राशन कार्ड में नाम जुड़वाने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि वह आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का सदस्य हैं। उनकी बेटी को मेडिकल चेकअप की आवश्यता है। इसके लिए वह राशन कार्ड में बेटी का नाम अंकित कराना चाहती है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन भी किया गया है, परंतु लंबित है। उन्होंने बेटी का नाम राशन कार्ड में जुड़वाने का अनुरोध किया। उपायुक्त ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला आपूर्ति पदाधिकारी को तत्परता के साथ नाम जोड़ने संबंधी कार्य करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में छतरपुर के ग्राम चिरू टोला भलही की प्रतिमा कुमारी व चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के खौंराहा की

**▶ बेटी के इलाज को राशन कार्ड में नाम जोड़ने की लगाई गुहार ▶ जनता दरबार में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग**

कंचन देवी ने आंगनबाड़ी सेविका के पद पर चयन करने की मांग की। पाटन के करर गांव के बचन साव ने पुराना सर्वे के आम रास्ता अतिक्रमण मुक्त करने के संबंध में आवेदन दिया। पिपराटांड़ के ग्रामीणों ने झारभूमि ऑनलाईन में नाम चढ़ाकर ऑनलाईन रसीद निर्गत कराने को लेकर आवेदन दिया। चैनपुर प्रखंड के बरॉव गांव निवासी उर्मिला देवी ने अबुआ आवास की सूची में नाम दर्ज कराने का अनुरोध किया। इसके अलावा जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आम नागरिकों ने ऑनलाईन रसीद कटवाने, दाखिल खारिज कराने, जमीन को कब्जा मुक्त कराने सहित अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिया।

# 1,373 शिक्षकों की होगी बहाली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। झारखंड प्रशिक्षित माध्यमिक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 में सम्मिलित होने के लिए अब ऑनलाइन आवेदन 27 जून से भरे जाएंगे। साथ ही ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 जुलाई तक बढ़ा दी गई है।

पहले इस परीक्षा के लिए बुधवार (18 जून) से ही आवेदन भरे जाने थे, लेकिन तकनीकी कारणों से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। अब इसकी तिथि बढ़ा दी गई है। साथ ही आयोग ने इसके लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया है।आयोग ने अब परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 29 जुलाई तथा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की है।

ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में किसी प्रकार का संशोधन दो से चार अगस्त तक हो सकेगा। इस परीक्षा के माध्यम से राज्य के 510 सरकारी प्लस टू उच्च विद्यालयों में माध्यमिक आचार्य के 1,373 पदों पर नियुक्ति होनी है।

# पंचायत भवनों में इंटरनेट सुविधा मुहैया कराने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

मेदिनीनगर (पलामू)। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को डीईजीएस, ई- ऑफिस यूआईडीएआई, एनआईसी व आधार संबंधी कार्यों की समीक्षा की। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह ने उक्त विषयों पर एक- एक कर अद्यतन प्रगति उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया। समीक्षा के क्रम में कुछ पंचायतों में नेट कनेक्टिविटी नहीं होने की बात आई। इसपर उपायुक्त ने सभी पंचायत भवनों में इंटरनेट की पर्याप्त सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि वगैर इंटरनेट कनेक्टिविटी के कोई पंचायत न रहे, यह सुनिश्चित होना चाहिए।इस दौरान डीसी ने प्रत्येक पंचायत में वीएलई को अनिवार्य रूप से बैठने का निर्देश दिया।यूआईडीएआई की समीक्षा के दौरान नीलांबर-पीतांबरपुर व हैदरनगर प्रखंड में आधार एनरोलमेंट व आधार अपडेशन में बेहद कम प्रगति पर उपायुक्त ने नाराजगी प्रकट की। साथ ही उन्होंने यूआईडीएआई के डीपीओ को पीवीटीजी समूह का शत प्रतिशत आधार कवरेज कराने की बात कही। इसी तरह झारनेट कनेक्टिविटी अंतर्गत ब्लॉक वीसी रूम की समीक्षा की। बताया गया कि नावाबाजार के कैमरा में फाल्ट है। इस दौरान उपायुक्त ने रामगढ़ ब्लॉक में वीसी रूम का अधिष्ठापन कराने पर बल दिया। उपायुक्त ने जिले में कार्यरत सीएसपी संचालकों की जानकारी ली। उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर पूर्ण रूप से सक्रिय करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने झारसेवा के तहत जारी होने वाले सभी तरह के प्रमाण पत्रों को तय समय सीमा में निष्पादन करने पर बल दिया।कहा कि जिले में चतुर्थ वर्गीय में नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।ऐसे में आवेदकों को विभिन्न तरह के प्रमाण पत्रों की आवश्यकता पड़ेगी। इसके मद्देनजर जितना जल्दी संभव हो, प्रमाण पत्र निर्गत करना सुनिश्चित करें।उन्होंने मैरेज प्रमाण पत्र के आवेदनों को रिजेक्ट होने के कारणों के विषय पर भी जानकारी ली। इसी तरह ई-ग्रंथालय समेत अन्य बिंदुओं पर समीक्षा की। इस अवसर पर डीडीसी अपर समाहर्ता, सहायक समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम, जिला पंचायती राज पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**निविदा सूचना सं.: एसएनटी_ई_टेंडर_एडीए_25_26_03, दिनांक 17.06.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा, पिन-723121, पश्चिम बंगाल द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **कार्य का नामः** नीचे उल्लेखित कार्य के संबंध में अन्य गीयरों के साथ सिग्नलिंग तथा टेलीकॉम. आउटडोर केबल स्थानांतरण कार्यः (i) आद्रा मंडल के तुपकाडीह-बोकारो स्टील सिटी-कोटशिला-मुरी अनुभाग में 10 अदद पुलों [पुल सं. 20, 25, 29, 65, 49, 48, 38, 41, 76 एवं 86 (5 अदद बॉक्स एवं 5 अदद पाइप पुशिंग)] का मजबूतीकरण/पुनरुद्धार/पुनः निर्माण। परियोजना आईडीः 12.01.32.24.3.50.009, (ii) आद्रा मंडल में आद्रा-आसनसोल, कोटशिला-बोकारो स्टील सिटी, तालगड़िया-बोकारो स्टील सिटी तथा दामोदर-कालीपहाड़ी अनुभाग के बीच 11 पुलों (पुल सं. 35, 36, 34अप, 34डाउन, 343आरडी, 528, 528, 528, 528, 11 एवं 2बीके) 1x12.2एमजी स्पन स्टील गर्डरों का 1x12.2एमजी पीएससी गर्डर में रूपांतरण के लिए प्रस्ताव। परियोजना आईडीः 12.01.32.24.3.50.006, (iii) अनारा में ईआई भवन की पहली मंजिल पर नई क्रू लॉबी, क्रू प्रतीक्षालय, क्रू परामर्श कक्ष, महिलाओं तथा पुरुषों के लिए शौचालय का निर्माण। परियोजना आईडीः 12.01.16.21.1.55.002, (iv) बोकारो स्टील सिटी में मौजूदा क्रू लॉबी के विस्तार के संबंध में आकंलन। परियोजना आईडीः 12.01.16.21.1.55.002, (v) आद्रा मंडल में विभिन्न स्थानों पर अर्थ लीकेज डिटेक्टर (ईएलडी) का प्रावधान। परियोजना आईडीः 12.01.33.24.4.50.001, (vi) मिदनापुर-गरबेता अनुभाग में पाइप पुशिंग द्वारा 31 अदद पुलों का मजबूतीकरण/पुरुद्धार/पुनर्निर्माण तथा 08 अदद पुलों का पुनरुद्धार। परियोजना आईडीः 12.01.32.23.1.11.002, (vii) आद्रा मंडल में गरबेता में पाइप पुशिंग द्वारा 27 अदद पुलों का मजबूतीकरण/पुरुद्धार/पुनर्निर्माण तथा 08 अदद पुलों का पुनरुद्धार। परियोजना आईडीः 12.01.32.23.1.11.003। **निविदा मूल्यः** रु. 4,26,83,261.96; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 08.07.2025 को पूर्वाह्न 11.00 बजे तक। **(PR-287)**


# झारखण्ड में मानसून ने मारी इंट्री, मौसम हुआ सुहाना

## राज्य के कई हिस्सों में रेड अलर्ट



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

रांची। इस वर्ष संताल परगना के रास्ते 17 जून से दक्षिण पश्चिम मानसून का झारखंड में प्रवेश हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि 17 जून को दक्षिण पश्चिम मानसून का झारखंड में आगमन हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न हिस्सों में घने बादल छाए हुए हैं। बुधवार को अहले सुबह से ही रांची व आसपास के जिलों में रुक-रुक कर वर्षा हो रही है। जिससे गर्मी से राहत तो मिली है, लेकिन शहरी क्षेत्र में जलजमाव की समस्या उत्पन्न हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के अधिकांश जिलों में अगले दो-तीन दिनों तब वर्षा होने की संभावना जताई गई है।

झारखंड में संताल परगना क्षेत्र के रास्ते मानसून ने प्रवेश किया है। मौसम विभाग की ओर से अगले 24 घंटों के दौरान झमाझम वर्षा की संभावना जताई गई है।

कुछ स्थानों पर भारी वर्षा को लेकर येलो और आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची में आयोजित प्रेसवार्ता में बताया गया कि मानसून के प्रवेश के साथ ही पहले दिन राज्य के पूर्व के कई जिलों में अच्छी वर्षा की संभावना है।

अभिषेक आनंद ने बताया कि झारखंड के कई जिलों में भारी वर्षा होगी। अच्छी वर्षा के साथ मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों के लिए बिजली गिरने को लेकर अलर्ट जारी किया है।

उन्होंने बताया कि मानसून के प्रवेश के साथ बिजली गिरने की घटना भी देखने को मिलेगी। ऐसे में लोगों को सचेत रहने की आवश्यकता है। इस बार मानसून के दौरान सामान्य से अच्छी वर्षा देखने को मिलेगी।

हालांकि, वर्षा के वितरण में जिलों में कुछ असमानता भी देखने को मिल सकती है। वहीं कृषि विज्ञानी कहते हैं कि समय से मानसून का प्रवेश होने से अच्छी वर्षा होगी और किसानी को भी बल मिलेगा।

मानसून जहां राज्य में प्रवेश कर चुका है, वहीं राज्य के कई हिस्सों में भारी वर्षा को लेकर यलो व आरेंज नहीं बल्कि रेड अलर्ट जारी किया गया है।

18 जून को राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्से देवघर, दुमका, गोड्डा, पाकुड़, जामताड़ा, गिरिडीह, धनबाद और साहिबगंज के अलावे निकटवर्ती मध्य भाग यानी रांची, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, बोकारो और खूंटी में कहीं कहीं भारी वर्षा होने की संभावना है।

इसे लेकर आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं उत्तर पूर्वी हिस्से के अलावे दक्षिणी हिस्से यानी पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला खरसावां और उत्तर पश्चिमी हिस्से यानी पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार और लोहरदगा में कहीं कहीं भारी वर्षा को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।

इन जिलों में यह स्थिति 21 जून तक देखने को मिलेगी। एक जून से 17 जून तक राज्य में कुल 31.9 मिमी वर्षा हुई है जबकि सामान्य वषार्पात 67 मिमी होना था और अब तक पूरे राज्य में 52 प्रतिशत कम वर्षा हुई है।

झारखंड में 80 प्रतिशत से अधिक खेती मानसून पर ही निर्भर है। यदि मानसून के दौरान अच्छी वर्षा न हो, तो कई क्षेत्रों में पेयजल संकट की भी स्थिति उत्पन्न हो जाती है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची की ओर से जारी रिपोर्ट में इस वर्ष अच्छी वर्षा होने के संकेत हैं। राज्य में पिछले 10 वर्षों के दौरान वर्षा के जो आंकड़े है, उससे साफ हो जाता है कि इस दौरान किसी भी वर्ष सामान्य वषार्पात नहीं हुए।

हर वर्ष सामान्य से कम वर्षा रिकॉर्ड की गई। हालांकि 2013 में सामान्य वर्षा का जो आंकड़ा था, उसे पांच-पांच के अंतराल के बाद कम किया जाता रहा, लेकिन उसके बावजूद सामान्य वर्षा के आंकड़े को छू पाने में सफलता नहीं मिली।

पिछले 24 घंटे के मौसम की बात करें तो राज्य में लगभग सभी स्थानों पर मेघगर्जन के साथ हल्की व मध्यम दर्जे की वर्षा हुई जबकि कहीं कहीं भारी वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

सबसे अधिक वर्षा 73.2 मिमी धनबाद के पंचेत में हुई। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस डाल्टेनगंज का जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.3 डिग्री सेल्सियस गुमला का रिकॉर्ड किया गया है। वहीं राजधानी रांची का अधिकतम 34.5 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 24.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# हजारीबाग की अलपिटो पंचायत में 27.87 लाख का गबन, मुखिया समेत 11 पर एफआइआर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** मनरेगा योजना में एक और बड़ा भ्रष्टाचार उजागर हुआ है। हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ प्रखंड की अलपिटो पंचायत में पशु शेड और बिरसा सिंचाई कूप निर्माण योजना के तहत भारी गड़बड़ी और वित्तीय अनियमितताओं का मामला सामने आया है। आरोप है कि योजनाओं में मृत व्यक्तियों के नाम पर भुगतान, फर्जी जॉब कार्ड, जाली हस्ताक्षरों और रिश्तेदारों को लाभार्थी बनाकर करीब 21.95 लाख की सरकारी राशि का गबन किया गया। ब्याज और अर्थदंड जोड़ने पर रिकवरी की कुल राशि 27.87 लाख आंकी गई है।




**मुखिया समेत 11 लोगों के खिलाफ एफआईआर**

इस मामले में मुखिया सुमिता देवी, उनके पति धनेश्वर यादव, तत्कालीन पंचायत सचिव शिव कुमार प्रसाद, सामग्री आपूर्तिकर्ता झमन कुमार महतो समेत 11 लोगों पर आपराधिक साजिश और सरकारी धन के गबन के आरोप में विष्णुगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार की ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर कांड संख्या 112/25, दिनांक 17 जून 2025 को आइपीसी की धाराएं 467, 468, 471, 406, 409, 419, 420, 427, 120उ के तहत मामला दर्ज हुआ है।

**आरोपों की गंभीरता:**

मृत व्यक्तियों के नाम पर भुगतान बिना ग्रामसभा चयन के योजनाएं संचालित, फर्जी जॉब कार्ड और जाली हस्ताक्षर, मुखिया के सगे संबंधियों को लाभार्थी बनाकर भुगतान, मापी पुस्तिका (एमबी) के बिना ही की गई भुगतान प्रक्रिया, पुराने कूप को नया दिखाकर जेसीबी से अवैध खुदाई, सामग्री आपूर्तिकर्ता द्वारा बिल एवं प्रमाणपत्र की आपूर्ति नहीं तथा पंचायत समिति सदस्य के पति पर भी बिचौलिया बनने का आरोप है।

यह घोटाला न सिर्फ प्रशासनिक निगरानी की विफलता को उजागर करता है, बल्कि मनरेगा जैसी जनहितकारी योजना के नाम पर संगठित भ्रष्टाचार और साजिश की गंभीर मिसाल भी पेश करता है। जिला प्रशासन ने मामले की जांच तेज कर दी है और दोषियों से राशि वसूली की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है।

## विधायक विभा देवी ने विशेष शिविर का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत बुधवार को नवादा प्रखंड के खरांठ पंचायत स्थित आमीपुर और समाय पंचायत के मिल्की ढिबरी महादलित बस्ती में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का निरीक्षण सदर विधायक विभा देवी ने किया। इस दौरान वे श्री राजकृष्णा एजुकेशनल एंड सोशल वेलफ़ेयर ट्रस्ट के अधिकारियों के साथ शिविर स्थल पर पहुंचीं और सभी 22 कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। शिविर प्रभारी ने बताया कि सभी 22 योजनाओं के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं, लेकिन शिविर स्थल पर किसी भी योजना से संबंधित ऑन टेबल कार्य संपन्न नहीं हो रहा है। शिविर में पहुंचीं कई महिला लाभुकों ने शिकायत की कि राशन कार्ड के लिए आवेदन तो लिए जा रहे हैं, लेकिन उसका निष्पादन काफी धीमी गति से हो रहा है। जब इस संबंध में विकास मित्रों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि राशन कार्ड के हजारों आवेदन जमा हो चुके हैं, लेकिन विभागीय स्तर पर उनका निष्पादन नहीं हो पा रहा है। इस पर विधायक विभा देवी ने आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में विभागीय अधिकारियों से पत्राचार करेंगी और समाधान सुनिश्चित करेंगी।

# गिरिडीह में तीन दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर सम्पन्न, 35 लाभुकों को मिला सहारा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** रोटरी गिरिडीह ग्रेटर द्वारा सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में एक और सराहनीय पहल की गई। 15 से 17 जून 2025 तक गिरिडीह के ईश्वर स्मृति भवन, बजरंग चौक में महावीर सेवा संस्थान, कोलकाता के संयुक्त तत्वावधान में निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा। शिविर में 50 लाभार्थियों का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 35 व्यक्तियों को निशुल्क कृत्रिम अंग प्रदान किए गए। इस अभियान में गिरिडीह के अलावा बोकारो, देवघर, बेगूसराय, भेलवाघाटी, नावाडीह, हंडाडीह, झलकडीहा, राजधनवार, हरलाडीह सहित दूरस्थ क्षेत्रों से लाभार्थी शामिल हुए। शिविर के अंत में सभी लाभुक कृत्रिम अंग पाकर संतोष और मुस्कान के साथ घर लौटे।




इस शिविर की विशेष बात यह रही कि ब्रह्मचर्य आश्रम, देवघर की एक गाय के छह महीने के बछड़े के दाएं अगले पैर में भी सफलतापूर्वक कृत्रिम अंग प्रत्यारोपित किया गया, जो पशु चिकित्सा क्षेत्र में एक मिसाल बन गया।

इस पुनीत कार्य में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3250 के जिलापाल रो. विपिन चाचन एवं जिला प्रोजेक्ट समन्वयक रो. विकास शर्मा, रोटरी धनबाद मिडटाउन का विशेष सहयोग रहा।

शिविर के समापन अवसर पर रोटरी गिरिडीह ग्रेटर के संस्थापक अध्यक्ष रो. रघुनंदन राधवन, संस्थापक सदस्य रो. रंजीत लाल और चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज गिरिडीह के नवनिर्वाचित सचिव श्री गोपाल दास भदानी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस सफल आयोजन में अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद और संयोजक सीए दीपक संथालिया, सुजय राज गुप्ता, सीए आकाश रोशन, अभिषेक छापड़िया, सुबोध मोदी, विकास शर्मा, विकास कुमार सिन्हा, उदयन बनर्जी, ज्योति प्रकाश गुप्ता, मनीष गुप्ता, सीए प्रकाश कुमार दत्ता, ई. अजय गुप्ता, सीए सुमित अग्रवाल, राजन कुमार, अमित गुप्ता, दीपक चिरानिया, डॉ. निखिल, सुदीप्तो समंता, सीए रवि गाडिया और विशाल जैन का अहम योगदान रहा। महावीर सेवा सदन, कोलकाता से आए डॉ. शशि सुमन प्रभाकर के नेतृत्व में उनकी तकनीकी टीम ने पूरे प्रत्यारोपण शिविर का संचालन किया।

यह शिविर न सिर्फ ज़रूरतमंदों को नया जीवन देने वाला साबित हुआ, बल्कि मानवीय संवेदनाओं और तकनीकी कौशल का बेहतरीन उदाहरण भी प्रस्तुत किया।

# धनबाद कोचिंग एसोसिएशन ने गिरिडीह की एप्टा संस्था को किया सम्मानित, स्टूडेंट्स और शिक्षकों के हक में उठी आवाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददता**

**गिरिडीह।** झारखंड में प्राइवेट शिक्षकों के अधिकारों और विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच देने की दिशा में अहम भूमिका निभा रही धनबाद कोचिंग एसोसिएशन द्वारा 'मार्गदर्शन 3.0' नामक सम्मान समारोह का आयोजन धनबाद टाउन हॉल में किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में ऑल प्राइवेट टीचर्स एसोसिएशन (एप्टा), गिरिडीह के चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।




एप्टा संरक्षक राजेश सिन्हा ने इस मौके पर कहा, झारखंड में प्राइवेट टीचर्स को कई बार उपेक्षा और शोषण का सामना करना पड़ता है। एप्टा उनकी आवाज़ बनकर खड़ी रहती है और भविष्य में भी यह संघर्ष जारी रहेगा। धनबाद कोचिंग एसोसिएशन के अधिकारी मनोज सिंह ने गिरिडीह एप्टा को एक मजबूत और संगठित संस्था बताया और उनके कार्यों की सराहना की। वहीं, एप्टा के वरिष्ठ सदस्य आलोक मिश्रा ने कार्यक्रम को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि गिरिडीह में भी ऐसे आयोजन की योजना पर जल्द बैठक होगी। उन्होंने धनबाद टीम को शुभकामनाएं दीं।

एप्टा के सदस्यों दीपक श्रीवास्तव और चंचल मिश्रा ने गिरिडीह में एक दशक पूर्व हुए भव्य 'बुक फेयर' की याद दिलाते हुए घोषणा की कि डीसीए (डिस्ट्रिक्ट कोचिंग एसोसिएशन) की मदद से वैसा ही आयोजन पुनः करने की योजना बनाई जाएगी। कार्यक्रम में धनबाद और जमुआ के विधायक, शिक्षा क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति एवं कोचिंग संस्थानों के छात्र भी उपस्थित रहे। प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, वहीं एप्टा की ओर से 12वीं कक्षा के स्टेट टॉपर को आर्थिक पुरस्कार सहित सम्मान पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में एप्टा प्रतिनिधियों को भी धनबाद कोचिंग एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह ने न केवल विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाया, बल्कि शिक्षकों के हक़ और सम्मान की आवाज़ को भी बुलंद किया। इस पहल के लिए धनबाद कोचिंग एसोसिएशन का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया।

## मानव तस्करी मामले में एक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)।** भारत-नेपाल सीमा पर तैनात एसएसबी 71वीं बटालियन और प्रयास संस्था की सतर्कता से एक बड़ी मानव तस्करी की कोशिश को विफल कर दिया गया। मंगलवार रात करीब 10 बजे बरेला चेकपोस्ट पर एक संदिग्ध युवक के साथ एक नाबालिग लड़की को रोका गया। काउंसलिंग में पता चला कि 15 वर्षीया लड़की सीतामढ़ी जिले के पुपरी थाना क्षेत्र की रहने वाली है, जिसे शादी का झांसा देकर पूर्वी चंपारण के छौंड़ादानों निवासी 23 वर्षीय युवक नेपाल ले जाने की फिराक में था। संयुक्त टीम ने लड़की को सकुशल मुक्त करा लिया और आरोपी के खिलाफ जितना थाना में प्राथमिकी दर्ज कर दी गई है।

# अभाविप स्थापना दिवस की तैयारियों में जुटी गिरिडीह इकाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गिरिडीह।** भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) आगामी 9 जुलाई को अपना स्थापना दिवस मनाने की तैयारियों में जुट गई है। इस सिलसिले में संघ कार्यालय, बरगंडा में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला संयोजक सह प्रदेश जनजाति सहकार्य प्रमुख मंटू मुर्मू ने बताया कि अभाविप की स्थापना 9 जुलाई 1949 को हुई थी, और इसे प्रतिवर्ष 'विद्यार्थी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। स्थापना दिवस के मौके पर गिरिडीह जिले की विभिन्न इकाइयों में संगोष्ठी, माल्यार्पण, एवं इकाई पुनर्गठन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गिरिडीह नगर इकाई द्वारा निर्णय लिया गया है कि 9 जुलाई को कॉलेज इकाई का पुनर्गठन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 10 और 11 जुलाई को झंडा मैदान में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन भी प्रस्तावित है, जिसमें जिले भर की टीमें भाग लेंगी।




बैठक में संगठन के कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद थे, जिनमें उज्ज्वल तिवारी, अनीश राय, सदानंद राय, अंजलि कुमारी, मुन्ना पंडित, केशव भक्त, आशीष सूरज गोलू, कृष्ण दास, नीरज मंडल, सतवीर यादव, गोविंद यादव और अंकित कुमार शामिल थे।

अभाविप कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस को उत्सव की तरह मनाने का संकल्प लिया और युवाओं को अधिक संख्या में जोड़ने का आह्वान किया।

# हजारीबाग: सात साल में उखड़ गई एक करोड़ की सड़क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** संत विनोबा नगर, मेरावल सिंदूर स्थित कॉलोनी की सड़कें बदहाली की बानगी बन चुकी हैं। सात वर्ष पूर्व लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से बने सड़क निर्माण कार्य की हालत आज ऐसी है कि जगह-जगह गड्ढे, कीचड़ और दलदल में सड़क का नामोनिशान तक मिट गया है। यह सड़क कभी पुराने एनएच-33 से जुड़ने वाला प्रमुख मार्ग हुआ करती थी, लेकिन अब यह राह चलने वालों के लिए एक सजा बन गई है। आरइओ विभाग ने कराया था निर्माण करीब दो किलोमीटर लंबी ब्लैक टॉप रोड, पीसीसी सड़क और कुछ शाखा सड़कों का निर्माण कराया गया था, जो अब पूरी तरह से जर्जर हो चुकी हैं। कॉलोनीवासियों का कहना है कि गुणवत्ताहीन निर्माण और विभागीय लापरवाही के कारण सड़क कुछ ही वर्षों में जवाब दे गई।

**नाराज हैं स्थानीय लोग**

स्थानीय निवासी गिरधर सिंह ने कहा कि अगर निर्माण सही होता, तो सात साल में सड़क की यह हालत नहीं होती। सेवानिवृत्त बीओ शर्मा ने बताया कि बरसात में कॉलोनी दलदल में तब्दील हो जाती है, जिससे बाहर निकलना दूभर हो जाता है वहीं दुकानदार प्रमोद मेहता ने तंज कसा, ‚यह सड़क नहीं, सजा है। लोग अब चप्पल हाथ में लेकर दुकान तक आते हैं।

**अनदेखी से गुस्से में जनता**

राकेश सिंह ने कहा कि प्यारे मोहन सहाय के घर से उषा मेडिकल तक नाली निर्माण जरूरी है। इस संबंध में विधायक को पत्र भी दिया गया था, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अनिल कुमार ने बताया कि 'अपना जनरल स्टोर' के पास से खटाल की ओर जाने वाला रास्ता आज तक उपेक्षित है। न सड़क बनी, न नाली। हर मौसम में गंदा पानी और कीचड़ फैला रहता है।

**उपायुक्त और जनप्रतिनिधियों से लगाई गुहार**

कॉलोनीवासियों ने उपायुक्त से मजबूत और टिकाऊ सड़क निर्माण की मांग की है। साथ ही सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद से अपील की है कि वे इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान कराएं। लोगों ने चेताया कि यदि शीघ्र पहल नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने को विवश होंगे।

## संदिग्ध हालत में सपेरे की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा।** हिलसा थाना क्षेत्र के कावा पंचायत अंतर्गत वलभद्रसरैया गांव में बुधवार सुबह खंधा क्षेत्र से एक व्यक्ति का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गांव निवासी फकीरा सपेरा के लगभग 35 वर्षीय पुत्र कुणाल सपेरा के रूप में की गई है।

सूचना मिलते ही हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। परिजनों के अनुसार, कुणाल मंगलवार देर शाम गांव के ही राजू रविदास के यहां सांप निकालने गया था, लेकिन रात तक घर नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद बुधवार सुबह गांव के पश्चिमी खंधा में उसका शव मिला। परिजनों का आरोप है कि मजदूरी का बकाया पैसा मांगने पर कुणाल की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गया है। थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और बाद में परिजनों को सौंप दिया गया है। फिलहाल परिजनों की ओर से कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। प्रभारी डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और वह इस्लामपुर में इलाजरत था। बताया गया है कि बीते एक सप्ताह से उसने दवा लेना बंद कर दिया था, जिससे उसकी मानसिक स्थिति और अधिक बिगड़ गई थी। डीएसपी के अनुसार, कुणाल अक्सर बिना वजह दूसरों के घरों में घुस जाता था और महिलाओं को देखकर आक्रोशित हो उठता था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया है। हर पहलु से जांच की जा रही है।

# भारी बारिश को लेकर हजारीबाग में रेड अलर्ट 19 जून तक कक्षा 8 तक के सभी स्कूल बंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** जिले में भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनज़र हजारीबाग जिला प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों को 19 जून 2025 तक बंद रखने का निर्णय लिया है। यह आदेश मौसम विभाग की चेतावनी और राज्य आपदा प्रबंधन विभाग, झारखंड सरकार की सलाह के आलोक में जारी किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र, रांची द्वारा हजारीबाग को रेड जोन घोषित किए जाने के बाद यह निर्णय आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 34 के तहत लिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय




विद्यार्थियों की सुरक्षा और संभावित आपदा की स्थिति से निपटने की तैयारी को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। यह आदेश सभी प्रकार के शैक्षणिक संस्थानों पर लागू रहेगा, जिनमें सरकारी, गैर-सरकारी सहायता प्राप्त, गैर-सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक एवं निजी विद्यालय शामिल हैं।

**प्रमुख बिंदु:**

कक्षा 8 तक की सभी शैक्षणिक गतिविधियां स्थगित रहेंगी।

आदेश 19 जून 2025 तक प्रभावी रहेगा।

सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों को आदेश के सख्त पालन का निर्देश दिया गया है।

शिक्षा विभाग के सभी संबंधित पदाधिकारियों को आदेश की प्रति भेजी गई है।

प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों की सुरक्षा को सर्वोपरि मानते हुए उन्हें स्कूल न भेजें। मौसम की स्थिति की समीक्षा के बाद आगे के निर्णय लिए जाएंगे।

# मोदी के नेतृत्व में देश का हो रहा चतुर्दिक विकास : भाजपा जिलाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिलसा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा हिलसा नगर मंडल की ओर से एक भव्य संकल्प सभा का आयोजन बिहार रोड स्थित देवी स्थान के पास एक उत्सव हॉल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष मंजय कुमार ने की, जबकि संचालन नगर महामंत्री अभिनव कौशल जयसवाल ने किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश में हुए जनकल्याणकारी कार्यों और चौतरफा विकास का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान बनाई है, फिर चाहे वह राम मंदिर निर्माण हो या हालिया 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसी रणनीतिक सैन्य सफलता।

पूर्व जिलाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद विश्वकर्मा ने 2014 से लेकर जून 2025 तक के 11 वर्षों के शासनकाल को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने संसद की दहलीज पर नमन कर जो संकल्प लिया था, उसे आज साकार होते देखा जा सकता है। उन्होंने धारा 370 की समाप्ति, तीन तलाक जैसे निर्णय और ऑपरेशन सिंदूर में बेटियों द्वारा निभाई गई भूमिका को मोदी सरकार की सशक्त राष्ट्र नीति का उदाहरण बताया।

सभा को संबोधित करते हुए हिलसा विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र गोप ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि आगामी चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी को फिर से भारी बहुमत से जिताने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता घर-घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं।

कार्यक्रम में भाजपा के वक्ताओं ने भारत को विश्व पटल पर मिला सम्मान बनाए रखने के लिए कार्यकर्ताओं को सजग और सक्रिय रहने का आह्वान किया।

सभा के समापन पर जन गण मन का गायन किया गया। तत्पश्चात परवलपुर निवासी और भाजपा के वरिष्ठ नेता सरदार प्रताप सिंह के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

# सांसद ने दौरा कर लोगों की समस्याओं को जाना





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद संसदीय क्षेत्र के हुलासगंज प्रखंड के विभिन्न गांवों का दौरा कर सांसद सुरेंद्र प्रसाद सिंह यादव ने विकास कार्यों का लिया जायजा। इस दौरान सांसद पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित संसदीय क्षेत्र के लोगों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुने। अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे के क्रम में सांसद हुलासगंज प्रखंड के हरपुर गांव पहुंचे, जहां उन्होंने शिवनंदन यादव एवं हजारी यादव के परिवार के लोगों से मुलाकात कर उनके पुत्र के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। इस दौरान उन्होंने पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए उन्हें आर्थिक सहायता भी मुहैया कराया। संसदीय क्षेत्र के भ्रमण के क्रम में सांसद बौरी पंचायत के गीदरपुर गांव पहुंचे जहां मिथिलेश यादव से मुलाकात कर उनके पुत्र के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाया। यहां पर उन्होंने विकास कार्य का जायजा लेते हुए आम लोगों की समस्याओं को भी गंभीरता पूर्वक सुना और लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। हुलासगंज प्रखंड के दौर में सांसद कोकरसा पंचायत के निर्माणी मठ गांव पहुंचे यहां पर गोवर्धन यादव के भतीजे के निधन पर उन्होंने अपनी ओर से संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए पीड़ित परिवार के मुखिया को आर्थिक सहायता प्रदान किया। इसके पश्चात सांसद का काफिला चीरी गांव पहुंचा जहां पवित्र महतो के पुत्र के आकस्मिक निधन पर उन्होंने संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता मुहैया कराया। सांसद दावथू पंचायत के उत्तीमपुर गांव का भी दौरा किये। क्षेत्र भ्रमण के दौरान सांसद ने पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं आम जनों से मुलाकात कर विकास कार्यों का जायजा लिया तथा लोगों की समस्याओं को भी इस दौरान गंभीरता से सुने। इस दौरान सांसद ने बताया कि संसदीय क्षेत्र में रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित बुनियादी ढांचों के विकास के लिए वे हर संभव कोशिश करेंगे। उन्होंने बताया कि वंचित और शोषित वर्ग के लोगों तक विकास की धारा को पहुंचाना उनका मुख्य ध्येय होगा। सांसद के हुलासगंज दौरे के दौरान प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय राजद कार्यकर्ताओं के अलावा बड़ी संख्या में आम लोग भी शरीक थे।

# जिलाधिकारी ने इवीएम वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के तहत इवीएम वेयरहाउस में इवीएम एवं वीवीपैट मशीनों की प्रथम स्तरीय जांच का कार्य गत 9 जून 2025 से प्रगति पर है। इसी क्रम में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय एवं पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार द्वारा संयुक्त रूप से एफएलसी कार्यों एवं वेयरहाउस की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण भी किया गया, जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, उपकरणों की स्थिति एवं अभिलेखों की अद्यतनता का विस्तृत अवलोकन किया गया। निरीक्षण के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी पूनम कुमारी ने अद्यतन



कार्य प्रगति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जहानाबाद जिले में कुल,1697 बैलट यूनिट ,1411 कंट्रोल यूनिट तथा,1541 वी वी पैट मशीनें उपलब्ध हैं। बताया गया कि अब तक,1600 बैलट यूनिट की जांच की गई है, जिनमें से 13 मशीनें रिजेक्ट की गई हैं,1300 कंट्रोल यूनिट की जांच की गई, जिनमें 84 मशीनें रिजेक्ट पाई गई हैं।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. एमसी570आईआरएसपी-23-24-यूपीजीडीआर1, दिनांक 17.06.2025;** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता (सीएचजी. एवं टी/एस), पूर्व रेलवे, हावड़ा -711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के हावड़ा आधारित ट्रेनों के एनएसी एलएचबी कोचों, प्रीमियम ट्रेनों (राजधानी, शताब्दी, दुरंतो) के एसी कोचों तथा प्रीमियम ट्रेनों के अलावा अन्य ट्रेनों के एसी कोचों का उन्नयन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,61,41,326.20; **जमा की जाने वाली बयाना राशि:** रु. 2,30,700; **संविदा की अवधि:** कार्य आरम्भ होने की तारीख से 06 महीने। **ऑनलाइन निविदा जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in; **बोली जमा की अंतिम तारीख एवं समय :** 08.07.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। (HWH-147/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# समर्पण और समन्वय से पदाधिकारी करें कार्य, भूमि विवादों का मिशन मोड में करें निष्पादन: उपायुक्त





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित सभागार में बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला समन्वयक समिति की बैठक हुई। बैठक में ग्रामीण विकास विभाग (मनरेगा, पीएम आवास योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना), पेयजल एवं स्वच्छता, खाद्य आपूर्ति विभाग, समाज कल्याण एवं सामाजिक सुरक्षा, कल्याण, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता, शिक्षा एवं राजस्व समेत अन्य विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मौके पर डीआरडीए निदेशक मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ समेत सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ)/अंचलाधिकारी (सीओ) आदि उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि सभी अधिकारी पूर्ण समर्पण और ईमानदारी के साथ कार्य करें। उन्होंने सभी पर विश्वास जताया कि बोकारो जिला उतकृष्ट जिला बन सकता है, यदि सभी अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर काम करें। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी समस्या हो तो अधिकारी सीधे उनसे संपर्क करें। कहीं भी किसी विभाग से समन्वय को लेकर कोई मुद्दा है, तो वह बैठक निर्धारित से पूर्व जिला को इसकी सूची दें, उन्हीं एजेंडों पर बैठक में चर्चा कर समाधान किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारी लक्ष्य आधारित कार्यशैली अपनाने एवं समयबद्ध निष्पादन को प्राथमिकता देने को कहा। ड्रेस कोड का पालन करने और फाइलों का निष्पादन समय पर सुनिश्चित करने को कहा।

**मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन की हुई समीक्षा**

बैठक में मनरेगा के तहत मानव दिवस सृजन की स्थिति की समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले का औसत सृजन 90.5 प्रतिशत है, जो राज्य के औसत से बेहतर है, परंतु इसे और अधिक सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। जरीडीह, चंदनकियारी, कसमार, पेटरवार, बेरमो, चास का प्रदर्शन असंतोषजनक है। इसमें सुधार करने का निर्देश दिया। वहीं, बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रखंडों नावाडीह, चंद्रपुरा एवं गोमिया को प्रदर्शन जारी रखने को कहा।

**महिलाओं एवं एससी/एसटी वर्ग की भागीदारी बढ़ाएं**

समीक्षा क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वह मनरेगा में महिलाओं एवं एससी/एसटी वर्ग की भागीदारी को बढ़ाएं, इसके लिए रणनीति तैयार कर काम करें। विशेष कर चंद्रपुरा, नावाडीह, कसमार एवं गोमिया में महिलाओं की सहभागिता बढ़ाने पर बल देने को कहा। जिले में एससी/एसटी वर्ग का फीसदी क्रमशः 11.3, 14.0 एवं महिलाओं की भागीदारी 54.8 फीसदी है, इसे बढ़ाना सुनिश्चित करने को कहा।

**एओएमवी एप में लक्ष्य अनुरूप करें कार्य**

एरिया अफिसर मानीटरिंग विजिट एप को गंभीरता से बीडीओ/बीपीओ झ्र एई/जेई लें। क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की प्रगति का सत्यापन करें और एप में तस्वीर अपलोड करें। राज्य स्तर से इसकी निगरानी होती है, इसे शत प्रतिशत करना है। उन्होंने मानीटरिंग के माध्यम से निरीक्षण रिपोर्ट अपलोड करने और लक्ष्य के अनुरूप विजिट सुनिश्चित करने को कहा।

**जॉब कार्ड वेरिफिकेशन – आधार बेस्ड भुगतान में लाएं सुधार**

समीक्षा क्रम में 278 जॉब कार्ड का वेरिफिकेशन अभी तक लंबित है, जिसे संबंधित प्रखंडों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिया गया। वहीं, आधार आधारित भुगतान की दर 99.26% तक पहुँच चुकी है, परंतु 1159 मामलों में गैप है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विशेष शिविर लगाकर शत-प्रतिशत लाभुकों को आधार आधारित भुगतान सुनिश्चित करें।

**बिरसा हरित ग्राम योजना में पिट डिगिंग कार्य बढ़ाएं**

वर्ष 2025-26 में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 2000 एकड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसमें अब तक केवल 1432 एकड़ भूमि चिन्हित हो सकी है। अगर किसी प्रखंड में और भूमि चिन्हित कि गई है, तो इसी माह तक उसे स्वीकृत करें। वहीं, चिन्हित भूमि में पिट डिगिंग (गड्ढा खुदाई) कार्य में तेजी लाने, जहां पिट डिगिंग पूर्ण हो गया है, वहां ट्रेंच कटिंग कर पौधरोपण हेतु स्थल तैयार करने। साथ ही, पौधा उपलब्ध कराने वाले संबंधित एजेंसियों को समय से कार्य आदेश निर्गत करने का निर्देश दिया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत जिन योजनाओं में 30 फीसदी से अधिक खुदाई हो चुकी है, वहां जोड़ाई का कार्य प्राथमिकता से करें। जिन योजनाओं में खुदाई का स्तर कम है, उन्हें फिलहाल रोक दें।

**डोभा – जियो टैगिंग और फर्जीवाड़े पर सख्ती**

सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को डोभा (छोटे तालाबों) का भौतिक सत्यापन अविलंब कराया जाए। नयी योजनाएं बरिश में प्रारंभ न हों, इन्हें सितंबर माह के बाद ही शुरू किया जाए। फर्जी मास्टर रोल जनरेट न हो, इसके लिए निगरानी को सख्त निर्देश दिया। वहीं, जो योजनाएं पूरी हो गई है, जियो टैगिंग का कार्य कराएं। लगभग 961 योजनाओं में जियो टैगिंग लंबित है। इसे दो दिनों के भीतर पूरा करने को कहा।

**पीएमएवाई एवं एएवाई योजना को कराएं पूर्ण**

समीक्षा क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) वित्तीय वर्ष 25-26 में 8611 लाभुकों को प्रथम किस्त का भुगतान हो चुका है। लेकिन, 1086 लाभुकों द्वारा आवास निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है। उन्हें प्रेरित कर कार्य जल्द आरंभ कराएं। साथ ही, इन योजनाओं के लिए मास्टर रोल जनरेट करें, ताकि मानव दिवस सृजन में भी वृद्धि हो सके। वहीं, अबुआ आवास योजना (एएवाई) के तहत लगभग 260 लाभुकों का कार्य पेंडिंग है, पिंथ स्तर तक निर्माण नहीं हो पाया। इसमें तेजी लाएं, जिन लाभुकों को तीसरी किस्त का भुगतान हो चुका है, उसका आवास निर्माण शीघ्र पूरा कराएं।

**जनता दरबार – थाना दिवस को नियमित करें आयोजन**

उपायुक्त ने बीडीओ झ्र सीओ के द्वारा आयोजित जनता दरबार में प्राप्त मामलों का समाधान सप्ताह भर के भीतर करने को कहा। वैसे मामले जिनका समाधान एक सप्ताह में नहीं हो पाया। स्पष्ट कारण के साथ जिला को सूचित करें। वहीं, थाना दिवस भी प्रत्येक माह में दो बार आयोजित करने को कहा। ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन प्रखंड सह अंचल एवं थाना स्तर पर ही हो जाएं, सुनिश्चित करें।

**भूमि विवादों को मिशन मोड में करें निष्पादन**

समीक्षा क्रम में भूमि संबंधी मामलों जैसे दोहरी जमाबंदी, दाखिल झ्र खारिज, भूमि पर कब्जा आदि का निष्पादन मिशन मोड में सभी अंचलाधिकारियों को करने को कहा। अवैध रूप से जमीन कब्जा करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करें। उन्होंने सभी अंचल कार्यालयों में रिकॉर्ड/ पंजी-क्कआदि व्यवस्थित ढंग से रखें जाएं, और पोर्टल का यूजर आईडी/पासवर्ड समय-समय पर बदलें।

**पेयजल एवं खाद्यान्न वितरण पर निर्देश**

पेयजल समस्या की निगरानी हेतु सभी प्रखंडों से पांच दिनों में खराब चापाकलों की सूची पीएमयू को तैयार करने का निर्देश दिया। टास्क फोर्स गठित कर निर्धारित अवधि में चापाकल मरम्मति का कार्य करें। वहीं, खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी को खाद्यान्न वितरण समयबद्ध हो, कोई भी राशन कार्डधारी खाद्यान्न पाने से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करने को कहा।

**पौधारोपण अभियान: 07 से 15 जुलाई, जन सहभागिता बढ़ाएं**

उपायुक्त ने निर्देशित किया कि आगामी 05 से 17 जुलाई तक विशेष पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इसमें आमजन, महिलाएं, युवा, विद्यालय, स्वंय सहायता समूह आदि की भागीदारी सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सुनिश्चित करें। इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में आयोजित किया जाए।

# बोकारो जिला अधिवक्ता संघ की जनरल बॉडी मीटिंग 28 जून को, चुनाव प्रक्रिया पर होगी चर्चा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो जिला अधिवक्ता संघ ने अपने सदस्यों के लिए आज चुनाव से संबंधित एक महत्वपूर्ण नोटिस जारी किया है। संघ की आगामी जनरल बॉडी मीटिंग 28 जून को सेंट्रल हॉल, बोकारो में आयोजित की जाएगी। यह मीटिंग विशेष रूप से आगामी वर्ष 2025-2027 के लिए होने वाले बार एसोसिएशन चुनाव की तैयारी और प्रक्रिया पर केंद्रित होगी। तीन सदस्यों वाली चुनाव समिति सदस्य के चयन के लिए गुप्त मतदान किया जाएगा। चुनाव समिति सदस्य के लिए इच्छुक अधिवक्तागण 20 जून तक अपने नाम कार्यालय में प्रस्तुत करने होंगे। साथ ही साथ एक अन्य नोटिस जारी कर वैसे सभी पंजीकृत अधिवक्ताओं से अनुरोध किया गया है जिन्होंने अभी तक अपना सत्यापन नहीं करवाया है वैसे सदस्य अपने वेरिफिकेशन फॉर्म (सत्यापन पत्र) को भरकर 10 दिनों के अंदर, संबंधित दस्तावेजों को बोकारो जिला अधिवक्ता संघ के कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। यह कदम सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है कि सभी पात्र सदस्य चुनाव प्रक्रिया में भाग ले सकें और उनका नाम मतदाता सूची में शामिल हो सकें। जनरल बॉडी मीटिंग का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों की रूपरेखा तैयार करना है। मीटिंग में बार एसोसिएशन की नीतियों, वित्तीय रिपोर्ट, और सदस्यों के कल्याण से संबंधित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। संघ के प्रभारी अध्यक्ष वासुदेव गोस्वामी और प्रभारी-महासचिव महेश चौधरी ने इस बाबत नोटिस जारी किया है। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने सभी अधिवक्ता सदस्यों से इस मीटिंग में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह मीटिंग बोकारो के वकील समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मंच होगी, जहां वे अपने नेतृत्व और भविष्य की दिशा तय कर सकेंगे। सभी अधिवक्ताओं को सलाह दी गई है कि वे अपनी सदस्यता पहचान पत्र और वेरिफिकेशन फॉर्म के साथ मीटिंग में उपस्थित हों। जो सदस्य अभी तक वेरिफिकेशन प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए हैं, उन्हें तुरंत कार्यालय से संपर्क करना चाहिए। स्थानीय वकील समुदाय के बीच इस मीटिंग को लेकर उत्साह देखा जा रहा है, क्योंकि यह न केवल चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने में मदद करेगी, बल्कि अधिवक्ताओं के पेशेवर हितों को मजबूत करने में भी योगदान देगी।

# मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर आज स्कूल रहेंगे बंद

**सभी प्रारंभिक एवं मध्य कोटि के विद्यालयों के लिए प्रभावी**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मौसम विभाग (आई.एम.डी.) द्वारा जारी अलर्ट एवं संभावित अत्यधिक वर्षा को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त अजय नाथ झा ने छात्रहित में यह निर्णय लिया है कि जिले के सभी प्रारंभिक एवं मध्य कोटि के सरकारी, गैर-सरकारी, अल्पसंख्यक एवं सहायता प्राप्त विद्यालय दिनांक 19 जून (गुरुवार) को बंद रहेंगे। यह आदेश विभाग से प्राप्त निर्देश एवं अचानक मौसम में आए बदलाव और छात्रों की सुरक्षा को देखते हुए लिया गया है। इसे सुनिश्चित करने को लेकर डीएसई, सभी क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी, सभी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/ प्रभारी प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया गया है।

# नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से दिया गया जागरूकता का संदेश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा बाल विकास परियोजना, चंद्रपुरा एवं चन्दनकियारी के संयुक्त तत्वावधान में निषिद्ध मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु विभिन्न क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक व शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

**नशे से दूर रहने की ली सामूहिक शपथ**

कार्यक्रम के तहत चंद्रपुरा प्रखंड के दुग्ध, झरना बस्ती (तेलो), सिजुआ, नर्रा और बांधडीह तथा चन्दनकियारी प्रखंड के भोजूडीह, चंद्रा, चन्दनक्यारी वेस्ट और लंका क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया गया। इन आयोजनों में स्थानीय लोगों, किशोरियों, युवाओं और महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देने के साथ-साथ नशामुक्त जीवन अपनाने की शपथ भी दिलाई गई।



**नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से दिया गया जागरूकता का संदेश**

सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय द्वारा भी प्रशिक्षित कलाकारों ने नाट्य प्रस्तुति के जरिए यह बताया कि मादक पदार्थों की लत कैसे व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक जीवन को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। नाटकों के माध्यम से यह भी दिखाया गया कि नशा न केवल व्यक्ति विशेष को, बल्कि पूरे परिवार और समाज को नुकसान पहुंचाता है। इस जागरूकता अभियान का उद्देश्य था कि किशोर-किशोरियों, महिलाओं और युवाओं को नशे की ओर जाने से रोका जाए और उन्हें एक स्वस्थ, आत्मनिर्भर और जागरूक नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया जाए। वहीं, जिले के विभिन्न प्रखंडों में एलईडी जागरूकता वैन के माध्यम से नशे को ना, जिंदगी को हां थीम पर विभिन्न गतिविधि का आयोजन कर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**निबंध प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**

पर्यटन कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य कार्यालय द्वारा सेंटर आफ एक्सीलेंस, चंदनकियारी परिसर में मादक पदार्थओं के दुरूपयोग को समाप्त करने के लिए जागरूकता को लेक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें काफी बढ़ चढ़ कर बच्चों ने हिस्सा लिया।

# सड़क पार कर रहे व्यक्ति को ट्रक ने कुचला, मौत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालीडीह थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित बियाडा चौक के पास सड़क पार कर रहे 40 वर्षीय अजय सिंह को सीमेंट लदे ट्रक ने कुचल दिया। मौके पर ही अजय सिंह की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने नेशनल हाईवे को जाम कर दिया।



मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह सहित जेएमएम बीजेपी और आजसू नेताओं ने ट्रक मालिक से वार्ता कर मृतक के परिजनों को 2 लाख का मुआवजा और सरकारी सहायता देने की बात कही तब जाकर सड़क जाम हटा। उसके बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। झारखंड मुक्ति मोर्चा के बोकारो महानगर अध्यक्ष मंटू यादव ने बताया कि सड़क हादसे के बाद न को जाम कर दिया गया था ट्रक मालिक और परिजनों के बीच वार्ता हुई है। 2 लाख तत्काल देने पर सहमति बनी है। इसके अलावा जो भी सरकारी सुविधा सड़क हादसे में मिलती है, वह भी मृतक के परिजनों को दिया जाएगा। थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया कि परिजन और गाड़ी मालिक के बीच वार्ता होने के बाद सड़क जाम को हटा दिया गया है।

# पेट्रोल पंप से बैटरी चोरी करने वाले चार चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बालीडीह थाना पुलिस ने पेट्रोल पंप में लगे डीजी जेनरेटर की बैटरी चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस मामले में पुलिस ने चास थाना क्षेत्र के यदुवंश नगर में रहने वाले चार चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से ओमनी कार, चोरी की बैटरी ,चोरी में इस्तेमाल किया जाने वाला औजार भी बरामद किया है।

यह कामयाबी बोकारो एसपी के द्वारा मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता और थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह की अगवाई में गठित टीम को मिली है। इन चारों अपराधियों ने जरीडीह थाना, बालीडीह और चास मुफस्सिल थाना थाना क्षेत्र में पेट्रोल पंप में चोरी की घटना को अंजाम देने का काम किया था। मुख्यालय डीएसपी अनिमेष गुप्ता ने बताया कि इस चोर गिरोह का मास्टरमाइंड सागर कुमार उर्फ इंजिनियर हैं। जो पेट्रोल पम्प में इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। सागर कुमार अपने अन्य तीन साथी रौशन कुमार वर्मा उर्फ धीरज वर्मा,मुकुल कुमार और अनुराग कुमार के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देता था। बरामद कार से ही चोरी की बैटरी के जाया करते थे। उन्होंने बताया कि इन सभी की गिरफ्तारी हो जाने से पेट्रोल पंप में लगातार हो रही बैटरी की चोरी की घटना पर अंकुश लगेगी।



# निगम क्षेत्र में बारिश और नाली का पानी घरों में घुसा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** झारखंड के साथ-साथ बोकारो में भी मानसून ने दस्तक दे दी है। बीती रात से हो रही बारिश के कारण लोगों ने एक और जहां राहत की सांस ली है। वहीं किसानों के चेहरे पर खुशी देखी जा रही है। दूसरी तरफ लगातार हो रही बारिश के कारण चास नगर निगम की पोल भी खुल चुकी है। घरों में नालियों का पानी घुस चुका है। लोग परेशान है। विभिन्न मोहल्ले में रह रहे लोग नगर निगम की कार्य शैली से आक्रोश में है। नगर निगम के अधिकारी नालियों की साफ सफाई करने का वीडियो और फोटो डालकर लोगों को बारिश में किसी भी तरह की परेशानी नहीं होने की बात कह रहे थे, लेकिन उनका दावा पूरी तरह से खोखला साबित हुआ है। वही गांव में रहने वाले किसान विनोद झा का कहना है कि बारिश हमारे लिए काफी अच्छा है। अब हम लोग अपनी खेत की ओर जाने का काम करेंगे।



# मतदान केंद्रों की जिओ-फेंसिंग, रेसलाइजेशन एवं की-मैप का दूसरे दिन भी दिया गया प्रशिक्षण

**प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले बीएलओ पर कार्रवाई की चेतावनी**

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 36-बोकारो विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह कार्यपालक दंडाधिकारी, चास, जया कुमारी की अध्यक्षता में दूसरे दिन का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में सभी बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं अंचल अमीन को मतदान केंद्रों से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गय। जिनमें जिओ-फेंसिंग, मतदान केंद्रों का रिसलाइजेशन, नगरी नक्शा एवं की-मैप प्रमुख रहे। प्रशिक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिया कि जो भी बीएलओ अथवा पर्यवेक्षक प्रशिक्षण में अनावश्यक रूप से अनुपस्थित है,उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। यह निर्णय निर्वाचन प्रक्रिया की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए लिया गया। प्रशिक्षण के तकनीकी पहलुओं को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु अंचल अमीन एवं कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी एवं तकनीकी मार्ग-दर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है।



# दिशा की मैराथन बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय


**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सांसद धनबाद ढुलू महतो की अध्यक्षता में आज समाहरणालय के सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। बैठक के दौरान पूर्व में हुई बैठक के अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं बैठक के समापन से पूर्व सांसद ने कहा कि जिले के नए उपायुक्त के साथ नई उम्मीद से दिशा की बैठक संपन्न हुई है।




जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रतिवेदनों की जांच पड़ताल करते हुए उचित कर्रवाई करें। जो नए प्रस्ताव आए हैं उसका निष्पादन समय पर करें। सांसद ने कहा कि धनबाद में लंबे समय से एयरपोर्ट की मांग उठाई जा रही है। धनबाद एक महत्वपूर्ण जिला है। एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में सभी को सहयोग करना चाहिए। इसके लिए कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन से बात की है। सरकार एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहित करती है तो उन्होंने सीआईएल द्वारा जमीन का मूल्य देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कोयला खनन के लिए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड और डीजीएमएस से वार्ता कर ब्लास्टिंग का मापदंड तय करने, पाइपलाइन एवं सड़क को क्षतिग्रस्त करने वाली आउटसोर्सिंग कंपनियों तथा जलापूर्ति योजना को समय पर पूरा नहीं करने वाली एजेंसियों पर कार्रवाई करने को कहा। विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो ने बिनोद बिहारी चौक तथा नावाडीह में हो रहे जल-जमाव को दूर करने, अधूरी योजनाओं को शीघ्र पूरा करने को कहा। विधायक धनबाद राज सिन्हा ने एसीबी जांच के कारण शहरी क्षेत्र में लंबित 35 सड़क योजनाओं के लिए एसीबी क्लियरेंस लेकर समाधान निकालने, केंदुआ पुल के पास जर्जर सड़क की मरम्मत करने, रानी बांध के पास जलजमाव का समाधान करने, हैवी ब्लास्टिंग के कारण होने वाली क्षति के लिए एफआईआर दर्ज कर डीजीएमएस को भी पार्टी बनाने, बिरसा मुंडा चौक से जोड़ा फाटक रोड का चौड़ीकरण करने, रेलवे एवं बीसीसीएल को सार्वजनिक रास्ता एवं नाली बंद नहीं करने को कहा। साथ ही करकेंद अर्बन हेल्थ सेंटर में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने का आग्रह किया। वहीं विधायक निरसा अरुप चटर्जी ने जलापूर्ति जैसी महत्वपूर्ण योजना में अप्रत्याशित विलंब करने के कारण श्रीराम ईपीसी पर प्राथमिकी दर्ज कर उसे ब्लैकलिस्ट करने को कहा। साथ ही आदिवासी पेंशन एवं सम्मान राशि शुरू करने, जल जीवन मिशन के तहत बंद पड़ी पानी टंकियों को शुरू करने तथा पाण्ड्रा बेजरा को निरसा प्रखंड में जोड़ने तथा निरसा सीएचसी की जर्जर स्थिति की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। विधायक बाघमारा शत्रुघ्न महतो ने गौशाला पुल के पास जल जमाव को दूर करने, लिलोरी स्थान, बुढ़ा मंदिर एवं रामराज मंदिर में सुविधाएं बढ़ाने, टुंडू प्लस टू विद्यालय को उत्क्रमित करने तथा बाघमारा फेज 1 एवं फेज 2 जलापूर्ति योजना में विलंब के कारण संवेदक पर कार्रवाई करने को कहा। विधायक सिंदरी चंद्रदेव महतो ने ढोखरा को बलियापुर में समायोजित करने का प्रस्ताव दिया। साथ ही बलियापुर में नया सब स्टेशन बनाने, बलियापुर धनबाद रोड तथा भुदा से मुकुंदा तक सड़क बनाने का सुझाव दिया। विधायक झरिया रागिनी सिंह ने जर्जर अंचल कार्यालय का जीर्णोद्धार करने, पानी की समस्या दूर करने, आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा धनी आबादी में ओवर बर्डन गिराने और नियम विरुद्ध ब्लास्टिंग करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने झरिया में भारी वाहनों के लिए रूट एवं समय सारणी निर्धारित करने का अनुरोध किया। वहीं उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने कहा की दिशा की अगली बैठक से पहले सभी निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित कर लिया जाएगा। उन्होंने करकेंद अर्बन हेल्थ सेंटर में शीघ्र अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने तथा निरसा सीएचसी की जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही जलापूर्ति जैसी महत्वपूर्ण योजना में अप्रत्याशित विलंब करने के कारण संवेदक को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया। बैठक में सांसद गिरिडीह चंद्र प्रकाश चौधरी, जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पियूष सिन्हा, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, विभिन्न प्रखंडों के प्रखंड प्रमुख के अलावा सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को मादक पदार्थों के दुष्परिणाम की दी गई जानकारी

**कसमार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता कार्यक्रम के तहत जिला जनसंपर्क कार्यालय बोकारो के सहयोग से सहयोगिनी संस्था द्वारा कसमार प्रखंड में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस संबंध में सहयोगिनी नुक्कड़ नाटक टीम की को



ऑर्डिनेटर कुमारी किरण ने बताया कि निषिद्ध मादक पदार्थों के कारण ग्रामीण क्षेत्र के परिवार काफी परेशान है। इसका उपयोग नहीं करने के लिए लोगों को प्रेरित किया जा रहा है। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा दुष्परिणाम की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि आज प्रखंड के जमकुदर तथा डूमरकुदर में नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोगों को जागरूक किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145665 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com